वर्ष-31, अंक- 304, पृष्ठ-12 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
21 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### ईडी ने पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को मनी लांड्रिंग मामले में किया गिरफ्तार



**रांची।** पलामू सेंट्रल जेल में बंद प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सुप्रीमो दिनेश गोप को बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया। ईडी ने पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) के तहत दिनेश गोप के खिलाफ इन्फोर्समेंट केस इंफार्मेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की थी। इस मामले में बुधवार को कोर्ट में दिनेश गोप की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई और इसके बाद उसे इस मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दिनेश गोप को इसके पहले 21 मई 2023 को टेरर फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नेपाल से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से पहले झारखंड सरकार ने उस पर 25 लाख रुपए और एनआईए ने पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। फिलहाल, वह पलामू सेंट्रल जेल में बंद है। ईडी ने जुलाई 2023 में लगातार दो दिन तक दिनेश गोप से पूछताछ की थी। एजेंसी अब उसके लेवी-रंगदारी नेटवर्क, फंडिंग और निवेश की जानकारी जुटा रही है। जांच में सामने आया कि उसने करोड़ों की रकम शेल कंपनियों और सहयोगी व्यवसायियों की मदद से खपाई थी। एनआईए ने वर्ष 2018 में रांची के बेड़ो थाने में प्राथमिकी दर्ज की थी। नवंबर 2016 में पुराने नोटों के बंद होने के बाद, दिनेश गोप का सहयोगी 25.38 लाख रुपए बैंक में जमा कराने के प्रयास में पकड़ा गया था।

## गढ़वा से रामानुजगंज तक एनएच-343 फोरलेन निर्माण को मिली मंजूरी

नवीन मेल संवाददाता



● सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से डीपीआर स्वीकृत, रंका बाइपास भी होगा शामिल

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों का नतीजा है कि गढ़वा से रामानुजगंज तक लगभग 50 किलोमीटर सड़क को फोरलेन बनाने के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट की स्वीकृति भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दे दी गई है।

सांसद ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने केंद्र सरकार के मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर और व्यक्तिगत रूप से भेंट कर गढ़वा-रामानुजगंज मार्ग की जर्जर स्थिति पर चिंता जताई थी। इसके बाद मंत्रालय से 11 अगस्त 2025 को पत्र जारी कर डीपीआर को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना में रंका बाइपास का निर्माण भी शामिल होगा। वर्तमान में यह सड़क दो लेन की है, जो छत्तीसगढ़ को झारखंड के गढ़वा जिले से जोड़ती है। इसके फोरलेन बनने से आम जनता के आवागमन में बड़ी सहूलियत होगी और क्षेत्रीय विकास को रफ्तार मिलेगी। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि इसके लिए वे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने कहा कि यह फोरलेन सड़क पलामू और आसपास के जिलों के लिए विकास की नई राह खोलेगी। उन्होंने इसे क्षेत्र के व्यापार, रोजगार और यातायात व्यवस्था के लिए मील का पत्थर बताया।

### पांकी थाना क्षेत्र के बलियारी मोड़ से लावारिस कार बरामद

## लावारिस कार से 46.19 लाख रुपए बरामद

- कार से निकला झोला, जिसमें रखे थे नोटों के बंडल
- पुलिस ने दंडाधिकारी की मौजूदगी में की गिनती
- वाहन का मालिक छत्तीसगढ़ निवासी पुलिस कर रही छानबीन

नवीन मेल संवाददाता




**पांकी।** पांकी थाना क्षेत्र के बलियारी मोड़ के समीप एक लावारिस कार से पुलिस ने 46 लाख 19 हजार रुपए बरामद किए हैं। मंगलवार को मिली सूचना के बाद पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च के दौरान पांकी-डालटनगंज रोड पर तेतराई बलियारी मोड़ पर लाल रंग की कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी मिली। कार के अंदर कोई नहीं था और काफी देर तक तलाश के बावजूद कोई व्यक्ति सामने नहीं आया। बाद में पुलिस कार को थाना परिसर ले आई। बुधवार को दंडाधिकारी की मौजूदगी में जब कार की तलाशी ली गई तो सीट के अंदर से एक झोला बरामद हुआ। झोले में प्लास्टिक में लिपटे नोटों के बंडल रखे थे, जिनकी गिनती में 46 लाख 19 हजार रुपए निकले। पुलिस ने गाड़ी के नंबर के आधार पर जानकारी जुटाई तो पता चला कि वाहन का मालिक छत्तीसगढ़ का निवासी है। थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद रुपए की जांच विभिन्न पहलुओं से की जा रही है और पूरे मामले में छानबीन जारी है।

### बालू घाटों की नीलामी को लेकर मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों को दिया निर्देश, कहा-

# सितंबर के पहले पखवारे तक पूर्ण कर लें नीलामी प्रक्रिया

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने बुधवार को बालू घाटों की नीलामी को लेकर तमाम उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। उन्होंने सभी जिलों के उपायुक्तों को राज्य के तमाम व्यावसायिक बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया सितंबर के पहले पखवारे तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि उपायुक्त नीलामी के पहले बालू घाटों की नई पॉलिसी को पूरी तरह समझ लें, ताकि नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी हो और उस दौरान कोई तकनीकी समस्या नहीं आए। इसके लिए उन्होंने खनन पदाधिकारी सहित उपायुक्तों को भी बेसिक जानकारी के लिए प्रशिक्षित होने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसका मकसद सिर्फ यह है कि उपायुक्त पूरी स्पष्टता और तैयारी के साथ नीलामी को संपन्न करा सकें। यह राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। नई बालू नीति से सरकार की मंशा जहां उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर बालू सर्वसुलभ कराना है, वहीं बालू के अवैध कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और अन्य राज्यों से बालू के आवक को हतोत्साहित करना है। बैठक में खान सचिव अरवा राजकमल और खान निदेशक राहुल सिन्हा ने कहा कि बालू घाटों की नीलामी में खान विभाग के साथ उपायुक्तों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। इसलिए सभी उपायुक्त इसे गंभीरता से लें और पूरी स्पष्टता एवं तैयारी के साथ नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराएं। इसके लिए उन्होंने उपायुक्तों को नीलामी प्रक्रिया के मॉक ड्रिल करने की भी सलाह दी। साथ ही, पूरी प्रक्रिया से नीलामी लेने वालों को भी अवगत कराने को कहा।

शेष पेज 11 पर...

### बालू घाटों को दो कैटेगरी में किया गया है विभाजित

बालू घाटों को दो कैटेगरी में विभाजित किया गया है। पहली कैटेगरी में पांच हेक्टेयर से कम रकबा वाले बालू घाट होंगे। इनका संचालन ग्राम सभा के माध्यम से होगा। ऐसे 374 बालू घाट हैं। दूसरी कैटेगरी में 5 हेक्टेयर से अधिक रकबा वाले बालू घाटों की नीलामी होगी। इसके लिए छोटे-बड़े बालू घाटों को मिलाकर कुल 60 समूह बनाए गए हैं। किसी भी एक व्यक्ति को एक हजार हेक्टेयर से अधिक रकबा का बालू घाट नहीं दिया जाएगा और दो से अधिक समूह का ठेका भी नहीं दिया जाएगा।

### बोलीं सीएस

- नई बालू नीति से सरकार की मंशा उचित कीमत पर बालू उपलब्ध कराना है
- अवैध कारोबार पर प्रतिबंध लगाना और बाहर से आवक हतोत्साहित करना है

### दिया गया निर्देश

- उपायुक्त नई पॉलिसी को पूरी तरह समझ लें, ताकि नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी हो
- खनन पदाधिकारी व उपायुक्त भी बेसिक जानकारी के लिए प्रशिक्षित हों

### सीएम हेमंत घोड़ाबांधा स्थित आवास पहुंचे और दी भावभीनी श्रद्धांजलि, कहा-

## मेरे लिए असहनीय है रामदास सोरेन के चले जाने की पीड़ा



नवीन मेल डेस्क

**रांची/जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे दिवंगत रामदास सोरेन के घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित आवास पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत रामदास सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना जताई। उन्होंने रामदास सोरेन की आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की। ज्ञात हो कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का 15 अगस्त को नई दिल्ली स्थित एक अस्पताल में इलाज के शेष पेज 11 पर...

### बोले सीएम

- मन व्याकुल व व्यथित है, यह अपूरणीय क्षति है, शून्यता की भरपाई नहीं हो सकती
- दिशोम गुरु के नेतृत्व में अलग झारखंड के आंदोलन में दिया था अहम योगदान

### रामदास सोरेन बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए कर रहे थे लगातार प्रयास

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री के रूप में रामदास सोरेन काफी बेहतर कार्य कर रहे थे। सरकारी शेष पेज 11 पर...

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




### पीटीआर में शिकारी गिरोह का पर्दाफाश

## डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश जेना की अगुवाई में 9 शिकारी गिरफ्तार, 8 भरूठवा बंदूक और टाइगर ट्रैप बरामद

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** पलामू टाइगर रिजर्व के जंगलों में पिछले कई सालों से जंगली जानवरों का खून बहाने वाले शिकारी गिरोह पर आखिरकार वन विभाग का शिकंजा कस गया। डिप्टी डायरेक्टर (नॉर्थ) प्रजेश जेना की सीधी निगरानी और रणनीति में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 शिकारियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 8 भरूठवा बंदूक, टाइगर ट्रैप, बारूद, गंधक और जंगली जानवरों की हड्डियां बरामद की गईं। गिरोह के 13 सदस्य अब भी फरार बताए जा रहे हैं।

कार्रवाई की शुरुआत 18 अगस्त को हुई, जब बेतला वन प्रक्षेत्र में पकड़े गए एक शिकारी की निशानदेही पर नावागढ़ निवासी सरफुद्दीन मियां को 19 अगस्त की शाम बारूद और गंधक बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह लंबे समय से शिकारियों को विस्फोटक सामग्री बेच रहा था। उसने स्वीकार किया कि गारू थाना क्षेत्र के कुई गांव के तपेश्वर सिंह को भी कई बार सप्लाई की है। इस सुराग पर 20 अगस्त की तड़के 3 बजे कुई गांव में छापेमारी हुई और तपेश्वर सिंह को उसके घर से दबोचा गया। मौके से एक भरूठवा बंदूक भी जब्त हुई। पूछताछ में उसने चौंकाने वाली बात कही कि उसका गिरोह नियमित रूप से हिरण, जंगली सूअर और अन्य वन्यजीवों का शिकार करता रहा है। इतना ही नहीं, उसने यह भी स्वीकार किया कि लगभग 10 साल पहले गारू जंगल के चंदवा चट्टान इलाके में एक बाघ को मारा गया था। इस खुलासे के बाद डिप्टी डायरेक्टर (साउथ) कुमार आशीष और डिप्टी शेष पेज 11 पर...

### बेतला में उग्रवाद व अपराध नियंत्रण पर समीक्षा बैठक

## पुलिस-पब्लिक विश्वास और सामूहिक रणनीति से मिलेंगे बेहतर परिणाम : आईजी

नवीन मेल संवाददाता




**बेतला।** पलामू प्रक्षेत्र के आईजी सुनील भास्कर ने बुधवार को अपराध समीक्षा बैठक ली, जिसमें डीआईजी, तीनों जिलों (लातेहार, गढ़वा और पलामू) के एसपी और अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे।

आईजी ने नक्सल गतिविधियों और संगठित अपराध नियंत्रण के लिए समन्वित कार्ययोजना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ जनता की समस्याओं का समाधान भी पुलिस की जिम्मेदारी है। थानों को निर्देश दिया गया कि दर्ज मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन हो और ग्रामीणों से शालीनतापूर्वक पेश आया जाए। आईजी ने नक्सलियों को राज्य सरकार की नयी आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाने की अपील की, अन्यथा पुलिस कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी।

### एके सिंह कॉलेज जपला में राजभवन की सख्ती

## शासी निकाय रिस्टोर, प्राचार्य नियुक्ति रद्द- 15 दिन में योग्य व्यक्ति की तैनाती का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एके सिंह कॉलेज, जपला (पलामू) में प्राचार्य नियुक्ति और प्रबंधन विवाद पर राजभवन ने हस्तक्षेप करते हुए बड़ा आदेश जारी किया है।राज्यपाल-सह-कुलाधिपति की ओर से अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने 14 अगस्त 2025 को जारी पत्र में साफ कहा है कि कॉलेज का शासी निकाय बहाल रहेगा और विश्वविद्यालय द्वारा की गई प्राचार्य नियुक्ति रद्द की जाती है। पत्र के मुताबिक, विश्वविद्यालय ने जो रिपोर्ट सौंपी थी, उसके आधार पर राज्यपाल ने शासी निकाय को भंग करने संबंधी आदेश को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही, प्राचार्य की नियुक्ति को भी अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया गया। राजभवन ने शासी निकाय को स्पष्ट निर्देश दिया है कि कॉलेज में पाई गई कमियों को तुरंत दूर किया जाए और यूजीसी के नियमों के अनुसार योग्य व्यक्ति को प्राचार्य नियुक्त कर 15 दिनों के भीतर विश्वविद्यालय और राजभवन को रिपोर्ट भेजी जाए।

ए.के. सिंह कॉलेज जपला पिछले डेढ़ महीने से प्रबंधन और प्राचार्य नियुक्ति विवाद में उलझा हुआ है। विश्वविद्यालय की ओर से हाल में की गई नियुक्ति को लेकर कॉलेज में विवाद गहरा गया था। इसी क्रम में राजभवन से आए आदेश ने स्थिति को स्पष्ट कर शेष पेज 11 पर...

### इंडिया

## पीएम तक को सामान्य सरकारी कर्मचारी बनाने का प्रस्ताव और विरोध



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विकसित और आर्थिक महाशक्ति बनने के लक्ष्य पर चल रहे भारत के सामने सबसे बड़ी बाधा वीआइपी संस्कृति है जो आम आदमी और खास आदमी के बीच एक स्पष्ट रेखा खींचती है जिससे आजादी के अमृतवर्ष में भी अनेक लोग अपने को गुलाम या दीनहीन समझते हैं जबकि जातीय, धार्मिक, आर्थिक, संख्याबल और भय तक का दबाव या छलबल इस्तेमाल कर कुछ लोग राजनीतिक पद या किसी भी पार्टी में पद किसी भी कीमत में हासिल करना चाहते हैं ताकि उनपर सामान्य लोगों की तरह कानूनी कार्रवाई न हो सके और और उन्हें उनके असली धंधे से नहीं बल्कि समाजसेवी या किसी संवैधानिक पद के नाम पर जाना जाए। स्वतंत्रता के पूर्व या आज भी सच्चे देशभक्तों की कमी नहीं जो देशसेवा या व्यवस्था परिवर्तन कर वंचित वर्ग को राहत या सम्मान दिलाना चाहते हैं पर ऐसे लोग धनबल,छलबल और संख्याबल में हलके पड़ जाते हैं जिस कारण समानतावादी और समाजवादी सोच रखने वाले लोग या पार्टियां हमेशा एक देश एक कानून और समान शिक्षा या व्यवहार की बात करती हैं । पीएम मोदी ने लाल,पीली,नीली गाड़ियों वाली वीआइपी संस्कृति को जब समाप्त किया था तब जो छटपटाहट देखने को मिली थी उससे भी ज्यादा अभी शुरू हो गई है जब 130 वें संविधान संशोधन के रूप में नया विशेयक संसद में पेश किया गया है जिसमें गंभीर अपराधों में गिरफ्तार किए जाने वाले पीएम,सीएम और मंत्री तक को गिरफ्तार होने के बाद लगातार 30 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहने पर 30 दिनों के बाद स्वतः पद से हटाने का प्रावधान है ! संविधान निर्माताओं ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि वीभत्स और जघन्य अपराध में जेल जाने वाले मंत्री और मुख्यमंत्री जेल से शासन चलाने की दंभपूर्ण जिद्द करेंगे और अपने पद से त्यागपत्र देने से इनकार कर देंगे और कहेंगे कि हम जेल से शासन चलाएंगे। जेल में ही कैबिनेट की बैठक बुलाएंगे। संविधान निर्माताओं को भान रहा होगा कि ये भारत है और यहां सामाजिक जीवन में लोक-लाज का बड़ा महत्व है। बिल पर भड़के कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि क्या राजा किसी को अपनी मर्जी से हटा देगा ? ममता बनर्जी ने विधेयक का कड़ा विरोध करते एक्स पर कहा कि यह न्याय व्यवस्था कमजोर कर वन मैन-वन पार्टी, वन गवर्मेंट की तैयारी है। विधेयक में है कि जिस अपराध के लिए उन्हें हिरासत में लिया गया है, उसकी सज़ा पांच साल या उससे ज़्यादा होनी चाहिए। हालांकि, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों या मंत्रियों को हिरासत से रिहा होने के बाद राष्ट्रपति या राज्यपाल द्वारा पुनः नियुक्त किया जा सकता है। इसी तरह के प्रावधान जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेशों पर भी लागू होंगे, जो एक अलग विधायी ढांचे के माध्यम से शासित होते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की गिरफ़्तारी के बाद, नेताओं के सत्ता में बने रहने का मुद्दा केंद्र और विपक्ष के बीच विवाद का विषय बन गया था। धन शोधन के एक मामले में गिरफ़्तार हुए बालाजी के मामले में, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उन्हें बिना किसी विभाग के मंत्रिमंडल में बनाए रखा था। इस वजह से राज्यपाल के साथ उनकी तीखी बहस हुई थी। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अनुसार, राज्य विधानसभाओं और संसद के सदस्यों को दो वर्ष या उससे अधिक की सजा मिलने पर अयोग्य घोषित किया जा सकता है। भ्रष्टाचार और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि के मामले में सजा की अवधि की परवाह किए बिना अयोग्यता की जा सकती है।विपक्ष के आरोपों के बीच कानून बना तो पीएम,सीएम और मंत्री भी सरकारी कर्मचारी की तरह सामान्य बन जाएंगे वैसे इसे जेपीसी में भेजने प्रस्ताव है।



# बिजली चोरी पर कार्रवाई पांच लोगों पर केस दर्ज

● 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच लोगों को दोषी पाते हुए उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया और 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो ने किया। उन्होंने बताया कि रसूल खान, इमरान खान (रसूलपुर), परवेज अहमद (बरडंडा), ललेश्वर राम और सुनीता देवी (पांती) के खिलाफ कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने कहा कि दर्ज मामलों के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# लुटेरों ने ग्राहक सेवा केंद्र को बनाया निशाना, संचालक ने छीनी पिस्टल

**छतरपुर में तीन अज्ञात अपराधियों ने दिया लूट की वारदात को अंजाम देने का प्रयास**



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** प्रखंड अंतर्गत महेंद्र पेट्रोल पंप के पास स्थित ग्रामीण बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र में मंगलवार की शाम करीब 6:20 बजे लूटपाट की कोशिश की गई। स्कूटी से आए तीन लुटेरों में से दो नकाबपोश अंदर घुसे और संचालक मिथलेश यादव से रुपए की मांग करने लगे। विरोध करने पर एक लुटेरे ने पिस्टल निकाल ली, लेकिन साहस दिखाते हुए संचालक ने उसका हाथ पकड़कर पिस्टल छीन ली। इसके बाद तीनों लुटेरे स्कूटी से भाग निकले। घटना की सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गई है। एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि मामले में छापेमारी चल रही है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# राजीव गांधी की जयंती पर युवाओं ने लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड द्वारा पूरे राज्य में श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की गईं। पलामू जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह एवं जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायतों को अधिकार देकर लोकतंत्र को मजबूत किया और सूचना क्रांति लाकर भारत को आधुनिक युग की ओर अग्रसर किया। प्रदेश अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने युवाओं को उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लेने की प्रेरणा दी। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लक्ष्मी नाथ तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी गरीबों, किसानों और युवाओं के सच्चे हितैषी थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित हुए और राजीव गांधी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

### लोकसभा में अतिवृष्टि का मुद्दा उठा, किसानों ने जताया आभार

# सांसद विष्णुदयाल राम ने प्रभावित परिवारों को राहत देने की मांग रखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लोकसभा में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का मुद्दा उठाए जाने से किसानों और प्रभावित परिवारों में खुशी की लहर है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि सांसद विष्णुदयाल राम ने सदन में इस पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड के पलामू और गढ़वा जैसे जिले जहां सामान्यतः सूखा पड़ता है, वहां इस बार बेमौसम भारी वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। उन्होंने कहा कि कई घरों में पानी घुस गया, मकान टूट गए और लोग सड़क किनारे टेंट लगाकर रहने को मजबूर हैं। बेमौसम बारिश के कारण भदई फसल की बुआई और धान की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। सांसद ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि झारखंड को विशेष सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए ताकि प्रभावितों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान, ध्वस्त सड़कों के पुनर्निर्माण और फसल क्षति की भरपाई हो सके।

## शिलापर गांव में दुगार्पूजा हेतु कमिटी का गठन

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के शिलापर गांव में शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक में दुगार्पूजा समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अनिल मेहता अध्यक्ष और अशोक यादव सचिव चुने गए। इसके अलावा अजीत सिंह उपाध्यक्ष, चंदन कुमार मेहता कोषाध्यक्ष तथा कपिलदेव नारायण सिंह संगठन मंत्री नियुक्त हुए। ग्रामीणों ने मार्गदर्शक मंडल एवं कार्यकारी समिति का भी गठन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल किए गए। वर्षों बाद आयोजित होने जा रहे इस दुगार्पूजा को धूमधाम से संपन्न कराने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सभी ग्रामीणों से तन-मन-धन से योगदान करने की अपील की गई।

# अवैध ठोकरों व अतिक्रमण से बढ़ा खतरा, प्रशासन मौन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर अवैध ठोकर और अतिक्रमण से दुर्घटना की आशंका लगातार बढ़ रही है। उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद मनमाने तौर पर बनाए गए ब्रेकर स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए बड़ी समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। हुसैनाबाद-हैदरनगर-मोहम्मदगंज मुख्य सड़क के दिवान बिगहा, सीमरसोत और दातानगर के पास मानक से इतर बनाए गए ठोकर खेत की मेड़ जैसे हैं, जो वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं। कई बार बीमार मरीजों को ले जाने के दौरान ये ठोकर उनकी परेशानी और बढ़ा देते हैं, वहीं स्वस्थ व्यक्ति भी कमर और पीठ दर्द से जूझ रहे हैं। सिर्फ ठोकर ही नहीं, बल्कि गांव और शहर की सड़कों पर अतिक्रमण, ईंट-गिट्टी-रेत का ढेर, पशु बांधना और अस्थायी दुकान-झोपड़ी आम नजारा बन गए हैं। प्रशासनिक उपेक्षा के कारण ये खतरे हमेशा बने रहते हैं। कुछ मामलों में शिकायत पर एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता ने नगर पंचायत अभियंता को निर्देश दिया है कि अवैध ठोकर हटाए जाएं और भविष्य में मानकों का पालन हो। सवाल उठता है कि क्या सड़क सुरक्षा केवल हेलमेट चेकिंग तक सीमित है? यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता, तो सड़क सुरक्षा माह केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा।

### विद्यालय की चहारदीवारी से सटे दुकानदारों को हटाने का निर्देश

# अंचल अधिकारी ने किया निरीक्षण
# चेतावनी: नहीं हटे तो होगी कानूनी कार्रवाई



खबर का असर

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** राजकीय कृत मध्य विद्यालय लेस्लीगंज की चहारदीवारी से सटे दुकानदारों को जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। बुधवार को विद्यालय पहुंचकर अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने स्थिति का निरीक्षण किया और स्पष्ट कहा कि दुकानदार स्वतः दुकान हटा लें, अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय परिसर में पंचायत मद से चहारदीवारी और गेट निर्माण कार्य चल रहा है। अतिक्रमण के कारण लेबर व मिस्त्रियों को कार्य में लगातार बाधा हो रही थी। इसी समस्या को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति ने आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। अंचल अधिकारी ने बताया कि पूर्व में बाजार क्षेत्र के 81 दुकानदारों को नोटिस दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अब भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन मजबूरन कार्रवाई करेगा। मंगलवार को पंचायत की मुखिया रेखा देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक और प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने दुकानदारों से स्वेच्छा से दुकान हटाने की अपील भी की थी। स्थानीय मुखिया ने कहा कि विद्यालय की नीची चहारदीवारी के कारण परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया था। वहीं मीट-मुर्गा और फास्ट फूड की दुकानों से दुर्गंध व शोरगुल की वजह से बच्चों की पढ़ाई पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा था। प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार राम के पहल पर निर्माण कार्य शुरू किया गया है ताकि बच्चों को शांतिपूर्ण वातावरण में पढ़ाई-लिखाई का अवसर मिल सके। निरीक्षण के दौरान लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष जाफर खान, चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी सहित कई दुकानदार उपस्थित थे।

# जल जीवन व स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में बीडीओ रणवीर कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनिष्ठ अभियंता महेन्द्र राम ने जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जलसहियाओं को हर घर नल-जल, जल जांच, शौचालय उपयोग, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा कचरा वाहन की रिपोर्ट नियमित रूप से आईएमआईएस व जल ऐप पर अपलोड करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडब्ल्यूसी प्रेमतोष पांडेय ने कहा कि मिशन की सफलता के लिए जनसहभागिता और जागरूकता जरूरी है। जलसहियाओं की 100% उपस्थिति मिशन के प्रति उनकी निष्ठा को दशार्ती है।

# आधी रोटी खाएंगे, स्कूल रोज जाएंगे' के नारों से गूंजी गलियां - शिक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, एकडरी में बुधवार को शिक्षा को लेकर एक अनूठी पहल हुई। 'सिटी बजाओ, स्कूल बुलाओ' कार्यक्रम के तहत प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार के नेतृत्व में प्रभात फेरी सह जागरूकता रैली निकाली गई। छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण इलाकों में गगनभेदी नारे लगाए - 'आधी रोटी खाएंगे, फिर भी स्कूल जाएंगे', 'बेटा-बेटी एक समान, सबको मिले शिक्षा दान', 'मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, एकडरी स्कूल में नाम लिखवाओ', 'प्लास्टिक हटाओ, देश बचाओ', 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'। यह रैली नारायणपुर, कुशा और एकडरी गांवों से होकर गुजरी। इसमें सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने संकल्प लिया कि वे प्रतिदिन स्कूल आएंगे।

# स्मार्ट पीडीएस को लेकर राशन डीलरों का प्रशिक्षण संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को स्मार्ट पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी पीडीएस डीलर शामिल हुए। प्रशिक्षण डीएसओ कार्यालय से आए जिला समन्वयक शिवपुजन प्रजापति और प्रखंड समन्वयक जयंत तिवारी ने दिया। उन्होंने ई-पॉश मशीन के संचालन, राशन कार्डधारियों के सत्यापन, ऑनलाइन डाटा एंट्री और मोबाइल ऐप के प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने कहा कि इस व्यवस्था से वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और लाभुकों को समय पर उचित मात्रा में खाद्यान्न मिल सकेगा। प्रशिक्षण में पीडीएस डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष वृजकिशोर तिवारी समेत कई डीलर मौजूद थे।

# फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन का हुसैनाबाद प्रखंड की कार्यकारिणी गठित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की हुसैनाबाद प्रखंड इकाई की बैठक संघ के अध्यक्ष मिथलेश राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से संघ को मजबूत बनाने और विस्तार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक सूर्यनाथ राम, अध्यक्ष मिथलेश राम, उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, सूर्यनारायण राम, उमेश पासी और विन्देश्वर राम को मनोनीत किया गया, जबकि सचिव उदय प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष जमिल अहमद, उप सचिव रमेश कुमार तथा मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार बनाए गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में ललन पासवान, मनोज कुमार, गोपाल शरण सिंह, कलावती देवी, जितेन्द्र सिंह, उपेन्द्र पासवान, सुनिल कुमार चौहान, अवधेश पासवान, मनीष कुमार सिन्हा, श्याम बिहारी पासवान, प्रमोद कुमार सिंह, अर्जुन मेहता और इरफान अंसारी का नाम शामिल किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष मिथलेश राम ने कहा कि चुनाव के बाद पीडीएस दुकानदार पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका न मिले। बैठक के उपरांत सभी पदाधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया गया और इसकी प्रतिलिपि गोदाम प्रबंधक एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को भी प्रेषित की गई।

## 5 अगस्त से लापता युवक का अब तक नहीं मिला सुराग, परिजन परेशान

**ऊंटारी रोड।** थाना क्षेत्र के बिरजा गांव निवासी गणेश चौधरी का 26 वर्षीय पुत्र संतोष चौधरी 5 अगस्त से लापता है और अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। युवक के गायब होने से परिजनों की परेशानी बढ़ती जा रही है। बताया गया कि संतोष हर रोज की तरह 5 अगस्त की सुबह टहलने के लिए घर से निकला था, लेकिन फिर लौटकर नहीं आया। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है। परिजनों ने बताया कि संतोष का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है और वह बोलने में भी असमर्थ है।

### सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान के तहत कार्यशाला संपन्न

# महिला प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता बढ़ाने पर दिया गया जोर




**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड परिसर सभागार में तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का समापन बुधवार को किया गया। यह प्रशिक्षण सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान के तहत आयोजित किया गया था। प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक सुहैल अंसारी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य महिला प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता को सशक्त करना, पंचायती राज में उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ाना और सुशासन को बढ़ावा देना था। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर चांदनी कुमारी और शकुन्तला देवी ने प्रतिभागियों को लिंग आधारित हिंसा, कानून, निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका और वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी। कार्यशाला में 43 महिला वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी नवीन एक्का सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**कार्यक्रम** | हुसैनाबाद मिडिल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी - प्रतिभागियों ने दिखाई छुपी प्रतिभा

# प्रतिभागियों को शील्ड व मेडल देकर किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि ए. रुम्मी, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय हुसैनाबाद थे। विशिष्ट अतिथि नर्वदेश्वर सिंह (एसआई), विनय कुमार सिंह (बीआरपी), विनय सिंह (सीआरपी) और सेवानिवृत्त शिक्षक सुग्रीव राम रहे। बच्चों ने 18 स्टॉलों पर विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। प्रमुख प्रदर्शनों में वाटर प्यूरीफायर (प्रियांशु), स्मार्ट हाउस (शिवम), थ्री-डी होलोग्राम (पियूष), रॉकेट (कार्तिक), कूलर (अमरजीत व अनुराग), चंद्रयान-3 (बिट्टू), पर्यावरण प्रदूषण (सोमू) आदि शामिल थे। निर्णायक मंडल ने बिट्टू (चंद्रयान-3 मॉडल) को प्रथम, पियूष (थ्री-डी होलोग्राम) को द्वितीय, प्रियांशु (वाटर प्यूरीफायर) को तृतीय और सोमू (पर्यावरण प्रदूषण) को चतुर्थ स्थान पर घोषित किया। सभी प्रतिभागियों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। शिक्षिका सुषमा पांडेय की विशेष भूमिका की सराहना हुई। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने किया।

## 25 से लगेगा फसल बीमा शिविर, पंचायतवार तिथि तय

**मोहम्मदगंज।** अधिक से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जोड़ने के लिए प्रखंड में पंचायतवार शिविर लगाए जाएंगे। इसकी तिथि तय कर दी गई है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम ने बताया कि शिविर 25 से 27 अगस्त तक चलेंगे। इसके तहत 25 अगस्त को कादलकुर्मी, मोहम्मदगंज, भजनियां, 26 अगस्त को कोल्हुआ-सोनबरसा, लटपौरी, गोड़ाडीह, और 27 अगस्त को रामबांध व पंसा पंचायत में शिविर लगाया जाएगा। बीमा कंपनी एचडीएफसी के प्रखंड समन्वयक अमर कुमार सिंह और एटीएम प्रशांत तिवारी को जिम्मेदारी दी गई है। किसानों को इस खरीफ मौसम में अगहनी धान और मक्का का बीमा कराया जाएगा। योजना की अंतिम तिथि 31 अगस्त है।

# जपला-छत्तरपुर मुख्य सड़क पर जाम, एसआई ने दिलाई राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के जपला-छत्तरपुर मुख्य सड़क पर रेलवे ओवरब्रिज से सिद्धनाथ पेट्रोल पंप तक जाम लगना आम समस्या बन गई है। फुटपाथी दुकानदारों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले वाहनों की भीड़ से रोजाना आवागमन प्रभावित होता है। कई वाहन चालक रेलवे ओवरब्रिज पर गाड़ियां खड़ी कर बाजार चले जाते हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। मंगलवार को दोपहर में भीषण जाम की स्थिति बनी, जिससे राहगीरों को परेशानी हुई। मौके पर गश्त कर रहे थाना के एसआई टुनटुन कुमार ने तत्परता दिखाते हुए सड़क खाली कराई और आवागमन सुचारू करवाया। समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन को छोटे-बड़े वाहनों के लिए अलग स्टैंड, फुटपाथ पर दुकानदारों पर नियंत्रण और ओवरब्रिज पर खड़े होने पर रोक जैसी ठोस व्यवस्था करनी होगी। अनुमंडल गेट के सामने गोदमी पोखरा के पास टैक्सी स्टैंड होने के बावजूद लोग उसका उपयोग नहीं करते और मुख्य सड़क को ही स्टैंड बना देते हैं।

# पलामू में अधिक दाम पर यूरिया खाद की बिक्री पर जिला कृषि पदाधिकारी की सख्त कार्रवाई

- लक्ष्मी बीज भंडार सील, 16 बोरी यूरिया जब्त, टेम्पो भी पुलिस के हवाले

नवीन मेल संवाददाता





**नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)।** किसानों को सरकारी दर से अधिक दाम पर यूरिया खाद बेचे जाने की शिकायत मिलने पर जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में कठोर कार्रवाई की गई है। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में मौजूद लक्ष्मी बीज भंडार का निरीक्षण किया, जहां यूरिया खाद अधिक दाम पर बेचे जाने की शिकायत सही पाई गई।

निरीक्षण में दुकान में रखे गए 16 बोरी यूरिया जब्त कर किसानों के बीच सरकारी दर पर बाँट दिया गया। दुकानदार खाद के चालान भी प्रस्तुत करने में विफल रहा, जिससे उसकी दुकान को तुरंत सील कर दिया गया।

इस दौरान अधिकारियों ने एक टेम्पो भी पकड़ा, जिसमें 20 बोरी यूरिया खाद लदी हुई थी। टेम्पो को जब्त कर लेस्लीगंज थाना को सौंप दिया गया है।

जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि खाद की कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर बिक्री की शिकायत मिलने पर ऐसे दुकानों की कड़ी जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में कालाबाजारी और अवैध बिक्री की पुष्टि होती है, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पाटन में सरकारी दर से अधिक यूरिया बेचने पर भंडार सील, 47 बोरी जब्त

**पाटन।** पाटन प्रखंड की टीम ने विभिन्न खाद-बीज भंडारों की जांच के लिए छापामारी की, जिसमें पाटन बीडीओ अमित कुमार झा भी मौजूद थे। जांच के दौरान पाटन स्थित मणि बीज भंडार में सरकारी दर से अधिक दाम पर यूरिया बेचे जाने की शिकायत सही पायी गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने उस दुकान को सील कर गोदाम से 47 बोरी यूरिया जब्त कर बीडीओ को सौंप दिया। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि उक्त यूरिया को दुकानदार की उपस्थिति में सरकारी दर पर सीधे किसानों के बीच बेचवाया जाए। इस कार्रवाई में टीम में मनोज कुमार सिंह, पाटन प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार, चंद्रमणि कुमार, जुगल किशोर समेत कृषि विभाग के अन्य कर्मी भी शामिल थे।

---

### गढ़वा में मोबाइल दुकान से लाखों की चोरी का खुलासा

# पुलिस ने 7 चोरों को किया गिरफ्तार 35 मोबाइल व वाहन बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** 25 जुलाई 2025 की रात्रि में ग्राम ऊंचरी बाजार समिति के सामने स्थित मोबाइल दुकान से हुई बड़ी चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। अज्ञात चोरों ने दुकान के पिछले हिस्से की दीवार तोड़कर करीब 40 हजार रुपये के 3 नए फोन, लगभग 3 लाख रुपये के 30 पुराने फोन, करीब 2.50 लाख रुपये के 30 रिफर्विस फोन तथा करीब 1.50 लाख रुपये नकद चोरी कर लिया था। इस तरह कुल लगभग 7.40 लाख रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित छापामारी टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले का उद्भेदन किया। पुलिस ने इस घटना में शामिल सात अभियुक्त — 1. इंदु अंसारी उर्फ सलमान खान, 2. पदुमलाल, 3. अनुज चंद्रवंशी, 4. उमेश कुमार, 5. सफीक अंसारी, 6. शमशाद अंसारी एवं 7. इसराक अंसारी — को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए 35 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त चार मोटरसाइकिल (एक स्पलेंडर प्लस, दो स्पलेंडर प्रो, एक सुपर स्पलेंडर), एक टेम्पू और एक बैटरी बरामद की है। इस संबंध में गढ़वा थाना कांड संख्या 339/25 के तहत कार्रवाई की गई है।

### जनता दरबार में गूंजे आम लोगों के सवाल

# उपायुक्त समीरा एस ने 15 दिनों के भीतर कार्रवाई का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को सीधे उपायुक्त के समक्ष रखा। डीसी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया और कहा कि सभी मामलों का निष्पक्ष निपटारा 15 दिनों के भीतर होना चाहिए। जनता दरबार में काजल कुमारी ने हरिहरगंज के ग्राम भगत तेंदुआ-1 में आंगनबाड़ी सेविका चयन में हुई गड़बड़ी की शिकायत की। उनका कहना था कि किरण कुमारी का चयन नियमों के विरुद्ध हुआ है, क्योंकि वह पोषण क्षेत्र की रहने वाली नहीं हैं। इसी तरह सीमा सुरक्षा बल के जवान दीपक कुमार तिवारी ने अपनी खरीदी गई जमीन का अब तक म्यूटेशन न होने की समस्या रखी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में रजिस्ट्री कराने के बावजूद अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। पार्वती देवी, परिवार कल्याण कार्यकर्ता, ने अपना स्थानांतरण रेल मार्ग के समीप किसी स्वास्थ्य केंद्र में करने की मांग की। वहीं पांकी के नरेश प्रसाद ने सीआई द्वारा मांग पंजी-11 निर्गत नहीं करने की शिकायत दर्ज कराई। सदर प्रखंड के खनवां के मुनेश्वर महतो ने अपनी जमीन का ऑनलाइन व एलपीसी निर्गत न होने की समस्या रखी। जबकि हुसैनाबाद के चनकार गांव के ग्रामीणों ने बताया कि राशन उठाव के लिए उन्हें 8 से 10 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिसके समाधान के लिए उन्होंने राशन डीलर बदलने की मांग की। इसके अलावा जनता दरबार में भूमि विवाद, सार्वजनिक रास्ता अतिक्रमण, पीएम आवास योजना में गड़बड़ी, दाखिल-खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा और कल्याण विभाग से जुड़ी दर्जनों शिकायतें सामने आईं।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर विचार गोष्ठी व सद्भावना मार्च

- कांग्रेसजनों ने याद किए उनके योगदान, श्रद्धांजलि अर्पित की

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के सभागार में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती सह विचार गोष्ठी और सद्भावना मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की जबकि संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद सद्भावना मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेसजनों ने ₹राजीव गांधी अमर रहें₹ के नारों के साथ भाग लिया।

विचार गोष्ठी में जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत में कंप्यूटर क्रांति और दूरसंचार क्रांति की शुरुआत की। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। साथ ही मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया, जिससे युवाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ी।

इस अवसर पर वक्ताओं ने राजीव गांधी के योगदान और उनके देश के लिए किए गए कार्यों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्यामनारायण सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, रामाशीष पांडेय, समीम अहमद राइन, ईश्वरी सिंह, शंकर पांडेय, मिथलेश सिंह, सुरेश पाठक, विद्या सिंह चेरो, भिखारी राम, डॉ. चंदरमणि चौबे, इंदु भगत, जितेंद्र कमलापुरी, शैलेश चंदरवंशी, सत्येंद्र सिंह, नसीम खान, मिट्ठू खान, अनिल सिंह, रवींद्र कुमार, देवग शुक्ला, गोपाल सिंह, सौरव पांडे, नंदकिशोर मिश्रा, रविंद्र पासवान, मीर खुर्शीद आलम, विपिन यादव, सज्जाद अली, परवेज आलम, शहाबुद्दीन अंसारी, मुखलाल चौधरी, संजय पासवान, अखिलेश चौधरी, हरेंद्र सिंह, रामानंद पांडे, मनोज गुप्ता, इमामुद्दीन अंसारी, तुलसी पासवान, मिस्टर अंसारी, मुस्ताक अहमद, संजय राम, अली अहमद अंसारी, कासिम अंसारी, सुभाष यादव, अजय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### पोखरीकला : जहां हथकरघे की धुन से जुड़ा लोगों का जीवन

# डीआईजी नौशाद आलम ने बुनकरों से की सीधी बातचीत, कहा- आपका हुनर ही आपकी ताकत है

- लोहर की नमाज़ अदा कर साझा किया अपनापन

नवीन मेल संवाददाता



**बरवाडीह/मेदिनीनगर।** बरवाडीह प्रखंड का पोखरीकला गांव बुधवार को खास बन गया। इस छोटे से गांव में जब डीआईजी नौशाद आलम पहुंचे तो न कोई औपचारिकता थी, न कोई दूरी। वे सीधे गांव की गलियों से होते हुए बुनकरों के घर पहुंचे और उनके चल रहे हथकरघे के पास बैठ गए।

करीने से बुनाई होती चादर और करघे की टक-टक ध्वनि ने उन्हें बरबस आकर्षित किया। उन्होंने बुनकरों के हाथ थाम कर कहा कि आपका यह हुनर केवल कपड़ा नहीं, बल्कि हमारी परंपरा और पहचान है। यह कला जीवित रहे, इसके लिए मैं आप सबके साथ हूँ।

डीआईजी ने वहां मौजूद बच्चों से भी बातचीत की और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अपने गांव की इस कला को भी सीखें। उन्होंने यह भी बताया कि यदि पोखरीकला को बुनकर गांव के रूप में विकसित किया जाए तो यह न सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का अवसर बनेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए गौरव का कारण भी होगा।

इस मौके पर समाजसेवी हाजी मुमताज अली ने अपने गांव के बुनकरों की कठिनाइयों से उन्हें अवगत कराया और बुनकरों द्वारा बुने शॉल से डीआईजी का सम्मान किया। शॉल ओढ़ते हुए डीआईजी ने भावुक होकर कहा- ₹यह मेरे लिए सबसे अनमोल तोहफा है, क्योंकि इसमें आपके पसीने और मेहनत की खुशबू है।₹

गांव में ही जब जौहर(दोपहर) की नमाज़ का वक़्त हुआ, तो डीआईजी नौशाद आलम ने ग्रामीणों के साथ सादगीपूर्ण माहौल में जामा मस्जिद में नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद उन्होंने हाथ उठाकर गांव और यहां के बुनकर परिवारों की तरक्की की दुआ भी मांगी। यह दृश्य देखकर ग्रामीण भावुक हो उठे।

ग्रामीणों ने पहली बार किसी बड़े अधिकारी को इतनी सहजता से अपने बीच पाया। गांव के हिसमूल अंसारी ने कहा कि डीआईजी साहब को देख कर लगा ही नहीं कि वे इतने बड़े पद पर हैं। उन्होंने हमारे साथ बैठकर हमारी बातें सुनीं, यह हमारे लिए गर्व की बात है।

इस दौरान गांव के बुनकरों ने अपनी रोज़मर्रा की चुनौतियों- धागे की बढ़ती कीमत, बाज़ार की कमी और आधुनिक साधनों के अभाव की बातें साझा कीं। डीआईजी ने भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज़ उच्च स्तर तक पहुँचाई जाएगी।

कार्यक्रम में हिसमूल अंसारी, ऐनुल होदा, जाखिज अंसारी, सुभानी साहब, रहमुद्दीन अंसारी, अख्तर अंसारी, हदीश अंसारी, फिरोज आलम, मंसूर आलम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# इतिहास विभाग का दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



- 156 विद्यार्थियों ने लिया भाग, सर्टिफिकेट वितरण व सामूहिक फोटोग्राफी के साथ कार्यक्रम संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, एनपीयू और इतिहास विभाग, जीएलए कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन 20 अगस्त को हुआ। समापन अवसर पर प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और सामूहिक फोटोग्राफी की गई।

कार्यशाला के दूसरे दिन कुल 156 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व निर्धारित समय के अनुसार विभिन्न वक्ताओं ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए स्नातकोत्तर इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि शोध और विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा से छात्र निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे, जो उनके शैक्षणिक विकास की दिशा में सहायक सिद्ध होगी। वहीं जीएलए कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. संजय बाड़ा ने बताया कि आने वाले दिनों में विभाग द्वारा दूसरे सत्र के विद्यार्थियों के लिए भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि पलामू के छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर छात्र राजकमल मेहता, विक्रम कुमार, पप्पू कुमार, रुचि कुमारी सहित कई प्रतिभागियों ने कार्यशाला से प्राप्त अनुभव साझा किए। मंच संचालन डॉ. संजय बाड़ा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अरुणा खाखा ने दिया। कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. संगीता कुजुर, रवि रोशन मिंज, डॉ. नरेश कुमार साव, डॉ. भावना सिंह, डॉ. माधुरी प्रियदर्शिनी सहित बड़ी संख्या में पीजी विभाग, जीएलए कॉलेज, जेएस कॉलेज और वाईएसएनएम कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### नावा बाजार में पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित

# पांच गांवों के किसानों के बीच बांटे गए एक हजार फलदार व इमारती पौधे

नवीन मेल संवाददाता



**विश्रामपुर।** नावा बाजार प्रखंड के बसना पंचायत भवन परिसर में पर्यावरण संरक्षण और किसानों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से विशेष पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार और टीटीई इंस्पेक्टर बी.एम. पांडेय ने संयुक्त रूप से पांच गांवों के किसानों और ग्रामीणों के बीच करीब एक हजार फलदार और इमारती पौधे वितरित किए।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जल संकट और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हर व्यक्ति को पौधारोपण करना होगा और लगाए गए पौधों की देखभाल भी करनी होगी। वहीं, टीटीई इंस्पेक्टर बी.एम. पांडेय ने बताया कि वे पिछले दस वर्षों से लगातार पौधा वितरण करते आ रहे हैं। उनका कहना था कि पौधारोपण से जहां पर्यावरण संरक्षित होगा, वहीं किसान भी आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का मकसद सिर्फ पौधे देना ही नहीं है, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और गांवों को हरा-भरा बनाना भी है। मौके पर ज्वाला पांडेय, बबलू पांडेय, दीपक पांडेय, कृष्णा पासवान, धर्मेंद्र पांडेय, सुरेंद्र मेहता, राजा विश्वकर्मा, राजदेव राम, अनिल पांडेय समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान उपस्थित थे।

# राजीव गांधी की जयंती पर पौधरोपण और रक्तदान शिविर आयोजित



- वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया पौधरोपण, बच्चों के बीच बांटी मिठाइयाँ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर सोमवार को वीएमसीए पब्लिक स्कूल, धुर्वा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झारखंड प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी एवं महात्मा फुले संस्थान, राँची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पौधरोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। जन्मदिवस के अवसर पर उन्होंने केक काटकर राजीव गांधी को नमन किया।

इस मौके पर अपने संबोधन में वित्त मंत्री ने कहा कि स्व. राजीव गांधी का जीवन देश की प्रगति और नवाचार को समर्पित रहा है। वे युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे और आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में सदैव याद किए जाएंगे।

उन्होंने बच्चों के बीच मिठाइयाँ भी वितरित कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय, आलोक दुबे, अरुण कुमार सिंह, किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मेराल में आंगनबाड़ी सहायिका का शांतिपूर्ण चयन



**मेराल।** प्रखंड के खोलरा आंगनबाड़ी केंद्र पर बुधवार को सहायिका चयन हेतु आमसभा का आयोजन किया गया। पूर्व निर्धारित तिथि पर बाल विकास परियोजना के तहत आयोजित इस सभा में कुल 18 आवेदकों ने हिस्सा लिया। सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ *जसवंत नायक* की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जांच प्रक्रिया में सभी आवेदकों के आवेदन व प्रमाणपत्र की जांच की गई। वरीयता क्रम और अंक के आधार पर सुमन देवी पति जयशंकर चौधरी का चयन किया गया। जबकि अलका कुमारी द्वितीय स्थान पर रहीं। सीडीपीओ जसवंत नायक ने कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सभा में बाल विकास परियोजना के प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा, पर्यवेक्षिका स्वस्तिका रानी, मुखिया जितनी देवी, बीडीसी प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, विद्यालय के प्रधानाध्यापक* सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## नल-जल योजना बनी फेल, ग्रामीणों पर पानी का संकट



**खरौंधी।** प्रखंड के लामी सरहिया पंचायत में हर घर नल-जल योजना के तहत लगाए गए जलमीनार महज छह माह में ही पूरी तरह खराब हो गए। करीब 17 जलमीनारों में से अधिकांश अब निष्क्रिय हैं। सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर जलमीनार बनाए थे, लेकिन एक बूंद पानी भी ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पाया। ग्रामीण रामानुज प्रसाद यादव, राजमोहन यादव, रीता देवी, शिला देवी, मंजू देवी, अवध यादव, मुखलाल प्रजापति, परमेश्वर यादव, हरिनाम सिंह, विजय प्रजापति, बचन पासवान, नरेंद्र यादव, संतोष यादव, संतरा देवी* समेत कई लोगों ने आरोप लगाया कि पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता *देवेंद्रनाथ किस्कू* और संवेदक की मिलीभगत से घटिया निर्माण कार्य हुए। ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार बनने के सिर्फ 15 दिन बाद ही पानी की सप्लाई बंद हो गई। लोगों ने लगातार विभागीय अधिकारियों और संवेदक से मरम्मत की गुहार लगाई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बिन्दा देवी, मुखिया मझिगांवा ने भी ग्रामीणों के आरोपों की पुष्टि की और कहा कि जब तक जलमीनार ठीक नहीं हो जाता, पंचायत हैंडओवर नहीं लेगा। हालांकि, जेई *देवेंद्रनाथ किस्कू* ने ग्रामीणों के आरोपों को निराधार बताया और कहा कि अगर जलमीनार या पाइप खराब है तो उसे बदलना संवेदक की जिम्मेदारी है।

## गुजरात में मजदूरी करने गए युवक की सड़क हादसे में मौत

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के चौरा गांव निवासी सुजीत कुमार सिंह की गुजरात में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सुजीत कुमार अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कुछ माह पूर्व मजदूरी करने गुजरात गए थे। वहां दो दिन पूर्व उन्हें एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। घायलावस्था में उनका इलाज गुजरात के ही एक अस्पताल में चल रहा था, लेकिन उपचार के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया। युवक की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। समाजसेवी पंकज कुमार सिंह* ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद है कि रोजगार के अभाव में युवा पलायन को मजबूर हैं और बाहरी राज्यों में हादसों का शिकार हो रहे हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी और चार छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## चिनियां में खाद-बीज भंडार पर छापेमारी, गोदाम खाली

**चिनियां।** गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को चिनियां अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव ने चिनियां बस स्टैंड स्थित पप्पू केंद्र खाद-बीज भंडार पर औचक जांच की। निरीक्षण में गोदाम पूरी तरह खाली मिला। उन्होंने किसानों के रजिस्टर और खाद आवंटन की भी जांच की, जो संतोषजनक पाई गई। मौके पर मौजूद किसानों ने कहा कि उन्हें तय दर पर खाद तो मिलता है, लेकिन अभी यूरिया की भारी किल्लत है। इससे फसलों पर असर पड़ने की आशंका जताई। अंचल अधिकारी ने कहा कि पूरे जिले में यूरिया की आपूर्ति बाधित है। जैसे ही आपूर्ति होगी, चिनियां प्रखंड को प्राथमिकता दी जाएगी। मौके पर बीटीएम मकबूल अंसारी, पंचायत सेवक पवन रजक, दुकान संचालक पप्पू प्रसाद सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## हाईवा की टक्कर से युवक गंभीर, पैर चकनाचूर



**रमना।** बुधवार को रमना मुख्य बाजार में सुनील किताब घर के पास हाईवा की चपेट में आने से गम्हरिया पंचायत निवासी देवदत्त विश्वकर्मा (35 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में उनका एक पैर चकनाचूर हो गया। उन्हें इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क किनारे साप्ताहिक बाजार और अव्यवस्थित यातायात के कारण अक्सर जाम और दुर्घटनाएं होती हैं। पुलिस ने हाईवा चालक को हिरासत में ले लिया है।

## महिला वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**केतार।** प्रखंड कार्यालय में सशक्त पंचायतझनेत्री अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसमें केतार प्रखंड की निर्वाचित महिला वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर लालपती कुमारी और निगार सुल्ताना ने जेंडर विषय पर जानकारी दी और महिलाओं की सामुदायिक व राजनीतिक भागीदारी की भूमिका समझाई। कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, दिनेश पाल, निरज कुमार समेत कई वार्ड सदस्य उपस्थित रहे। हालांकि, अधिकांश सदस्य अनुपस्थित रहे।

## विधायक अनंत प्रताप देव के स्वस्थ होने की प्रार्थना

**गढ़वा।** भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा की अस्वस्थता के कारण इस बार जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा उन्हें राखी नहीं बांध सकीं। रंजनी शर्मा ने रजरप्पा मंदिर पहुंचकर विधायक के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की और कहा कि माता की कृपा से वे जल्द स्वस्थ होकर क्षेत्र की सेवा में लौटें।

## राधिका नेत्रालय में 34 मोतियाबिंद मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन




**गढ़वा।** शहर के चिरौंजीया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय में बुधवार को निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 34 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। नेत्रालय संस्थापक डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए यह शिविर वरदान है। अब तक 385 मरीजों की आंखों की रोशनी लौट चुकी है। उन्होंने आमजनों से अपील की कि मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को शिविर की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभ उठा सकें।

# भवनाथपुर में नाले से नवजात का शव बरामद

### घटना से क्षेत्र में सनसनी, ग्रामीणों की भीड़, पुलिस जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के चपरि-पंडरिया मुख्य पथ पर बहते पानी के नाले से बुधवार की सुबह नवजात शिशु का शव बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह कुछ ग्रामीण नाले के किनारे से गुजर रहे थे, तभी उन्हें पानी में कुछ तैरता हुआ दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर यह नवजात का शव निकला। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना भवनाथपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना के एसआई जगत बंधु महतो* पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नाले से बाहर निकाला। घटना की जानकारी पाकर उपस्थित लोग स्तब्ध रह गए। ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएँ शुरू हो गई। कुछ लोगों का कहना था कि यह घटना किसी अनैतिक संबंध या पारिवारिक विवाद का परिणाम हो सकती है, वहीं कुछ इसे दुर्घटना मान रहे थे। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

# मेराल में सीएसपी संचालक की मोटरसाइकिल चोरी

### पंचायत भवन से अज्ञात चोरों ने उड़ा ली बाइक, थाना में दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** प्रखंड के बाना पंचायत भवन में आधार कैंप के दौरान सीएसपी संचालक आशीष कुमार चंद्रवंशी पिता संतन चंद्रवंशी की टीवीएस राइडर (ब्लैक-रेड, नंबर JH 03 AH 3940) मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई। आशीष कुमार ने थाना में दिए आवेदन में लिखा कि वे 18 अगस्त को सीओ सह प्रभारी बीडीओ के आदेशानुसार आयोजित आधार कैंप में पहुंचे थे। उन्होंने बाइक 11 बजे भवन के बाहर खड़ी की थी। करीब 3:30 बजे जब वे पानी पीने बाहर निकले तो देखा कि बाइक गायब थी। आसपास काफी खोजबीन करने के बावजूद मोटरसाइकिल नहीं मिली। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई करते हुए बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है।

### भवनाथपुर पुलिस ने तीन घंटे में किया लूटकांड का खुलासा

# सुड़ीपुर पुल से चार अपराधी बाइक समेत गिरफ्तार, ग्रामीणों ने पुलिस का किया सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** सिंघीताली गांव के दूधवनिया घाटी में बीते मंगलवार की देर शाम अपराधियों ने पिस्तौल की नोक पर अरविंद साह नामक युवक से मोटरसाइकिल और नगदी लूट लिया। लेकिन भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी और हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी के संयुक्त प्रयास से महज तीन घंटे के भीतर ही पुलिस ने इस कांड का उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने सुड़ीपुर पुल के समीप से कार सवार चार अपराधियों को लूटे गए बाइक के साथ धर दबोचा। इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में पुलिस प्रशासन की जमकर सराहना हो रही है। बुधवार को शिव पहाड़ी गुफा मंदिर समिति के अध्यक्ष सह राष्ट्रीय तेली महासंगठन के युवा प्रखंड अध्यक्ष बृजेश गुप्ता और कई ग्रामीण युवाओं ने थाना प्रभारी रजनी रंजन को अंगवस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर संतोष दूबे, इंद्रजीत गुप्ता, जितेंद्र वर्मा गुप्ता, चंदन, शिवनंदन, मेघनाथ, सुभाष साह, अजीत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।


## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 22/2025–26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लातेहार अन्तर्गत शहरी सौन्द्रयीकरण एवं आगामी दुर्गापूजा, दिपावली एवं छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए नगर निकाय अन्तर्गत विभिन्न विद्युत पोलों पर Colourful Rope Light का क्रय, आपूर्ति एवं अधिष्ठापन किया जाना है। जिसका विवरण निम्नवत है:–

विद्युत लाईट का विवरण

| S.L. NO | DESCRIPTION | Quantity | Tender Fees | Earnest Money | Rate with all Taxes |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | **Colourful Rope Light** **Specification:-** 18 Metre Long- Supply & Installation in Diffirrent Electric Poles Under Nagar Panchayat Latehar with all taxes and Two Year Warranty. | 230 | 5000.00 | 5% of the Quoted Rate | |

इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता उपरोक्त विवरण अनुसार क्रय किये जाने वाले लाईटों से संबंधित सभी कर सहीत मूहरबन्द लिफाफे में पूर्ण विवरणी अंकीत करते हुए निविदा दिनांक 29.08.2025 के अपराहन् 3.00 बजे तक नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते है। मुहरबन्द निविदा के लिफाफे में संबंधित फर्म/आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता को सभी कर सहीत दर, पैनकार्ड, जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र, अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट (विगत तीन वर्षों का), अध्यतन जी0एस0टी0 3B रिर्टन, प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान का निबंधन प्रमाण पत्र, आई0एस0ओ0 प्रमाण पत्र, संबंधित लाईट के अधिकृत विक्रेता का प्रमाण पत्र, फर्म के काली सूची में नही होने एवं दिये गये कागजात सही होने का शपथ पत्र, दो वर्ष के रख रखाव का स्वघोषणा पत्र, निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का डीमाण्ड ड्राफट/बैंकर चेक (जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत लातेहार के नाम से देय हो) एवं स्वच्छ रंगीन कैटलॉग जमा करना अनिवार्य होगा। निविदादाता को निविदा जमा करते समय Technical & Financial Bid अलग–अलग लिफाफे में जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की मात्रा घट या बढ सकती है। साथ ही विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार कर (Tax) की कटौती की जायेगी। निविदादाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से दो माह के अन्दर उपरोक्त लाईटों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन करना आवश्यक होगा। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में अजित कुमार सिंह, स्ट्रीट लाईट इन्सपेक्टर, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 359914 Urban Development (25-26)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 13RI/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।

दिनांक–19.08.2025

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/60/2024-25 | पंचायत पंसा, ग्राम–पंसा महावीर मंदिर से कोयल नदी तक पथ निर्माण कार्य। 1.60कि0मी0 | 163.455 | एक करोड़ तिरसठ लाख पैतालीस हजार पांच सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 2 | EE/RWD/DALTONGANJ/61/2024-25 | मंझौली मेन रोड से बरवाडीह हरिजन टोला तक पथ निर्माण कार्य। 1.10कि0मी0 | 132.160 | एक करोड़ बत्तीस लाख सोलह हजार रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 3 | EE/RWD/DALTONGANJ/62/2024-25 | पंचायत महुवरी नवीनगर मुख्य पथ से ग्राम बसारी पी0डब्लू0डी0 पथ तक पथ निर्माण कार्य। 1.975कि0मी0 | 222.183 | दो करोड़ बाईस लाख अठ्ारह हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 4 | EE/RWD/DALTONGANJ/63/2024-25 | हैदरनगर देवीधाम शिव मंदिर से ग्राम जमुआ खूर्द होते हुए रतनबीघा शिव सिंह के घर तक पथ निर्माण कार्य। 1.50कि0मी0 | 184.407 | एक करोड़ चौरासी लाख चालीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 25.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 08.09.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 10.09.2025 पूर्वाहन 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 359900 (District)25-26*D



## कार्यालयः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा
### वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा
E-mail ID: -scolohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 36 दिनांक 23.07.2025 एवं भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 552 दिनांक 25.07.2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में मृदा एवं जल संरक्षण योजनान्तर्गत बंजर भूमि/राईस फेलो विकास उपयोजना अन्तर्गत विशेष सिंचाई सुविधा अन्तर्गत पाँच एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी तालाब/निजी तालाब, जिनका सार्वजनिक उपयोग किया जा रहा है, का मशीन द्वारा जीर्णोद्वार/गहरीकरण का कार्य कराया जाना है जिसका भौगोलिक एवं कृषि क्षेत्र के आधार पर लोहरदगा जिला के लिए लक्ष्य निर्धारण किया है।

| क्र0 | विधान सभा क्षेत्र का नाम | क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड का नाम | वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत होने वाली योजना की संख्या – सरकारी तालाब | निजी तालाब | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 8 |
| 01. | लोहरदगा विधान सभा | किस्को, कुड़ू, लोहरदगा, कैरो, भण्डरा, पेषरार | 9 | 9 | 18 |
| 02. | विषुनपुर विधान सभा | भण्डरा, सेन्हा, पेषरार | 5 | 5 | 10 |
| 03. | उपायुक्त महोदय | किस्को, कुड़ू, लोहरदगा, कैरो, भण्डरा, पेषरार, सेन्हा | 4 | 4 | 08 |
| | | कुल योग :– | 18 | 18 | 36 |

**A. बंजर भूमि/राईस फेलो विकास योजना अन्तर्गत सरकारी तालाब/निजी तालाब के जीर्णोद्वार/गहरीकरण हेतु शर्तें/प्रावधान :–**

1. योजना हेतु तालाबों का चयन ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा। जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य में से **75 प्रतिशत** तालाबों का जीर्णोद्वार/गहरीकरण संबंधित क्षेत्र के माननीय स्थानीय विधायक के अनुशंसा एवं शेष **25 प्रतिशत** जिला के उपायुक्त का अनुमोदन प्राप्त कर योजना का कार्यान्वयन किया जायेगा।
2. ऐसे तालाबों से न्यूनतम 8 से 10 हेक्टेयर भूमि के पटवन सुविधा की क्षमता होनी चाहिए।
3. प्रस्तावित तालाब का न्यूनतम क्षेत्रफल 1 (एक) एकड़ तथा अधिकतम 5 (पाँच) एकड़ हो।
4. योजना का कार्यान्वयन विभागीय पत्रांक 2250 दिनांक 24.08.2011 के आलोक में विधिवत गठित पानी पंचायत के द्वारा कराया जायेगा।
5. प्राक्कलित राशि का 90 प्रतिशत राज्य सरकार एवं शेष 10 प्रतिशत विधिवत गठित पानी पंचायत के सदस्य कृषकों के अंशदान के रुप में भारित होगा।
6. तालाब जीर्णोद्वार योजना हेतु संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से विगत पाँच वर्षों में कोई भी विभाग द्वारा उस तालाब में कार्य नहीं होने संबंधित प्रतिवेदन एवं संबंधित अंचलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित तालाब का खाता संख्या, प्लॉट संख्या एवं रकवा तथा प्रस्तावित तालाब निजी है अथवा सरकारी है से संबंधित प्रतिवेदन।
7. निजी तालाब हेतु अंचलाधिकारी के द्वारा तालाब के स्वामित्व का प्रमाणीकरण प्राप्त करने के पश्चात ही योजना स्वीकृत की जायेगी एवं लाभूक द्वारा शपथ पत्र दिया जायेगा कि इसके जल का सार्वजनिक उपयोग होता रहेगा।
8. योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अत्यंत पिछड़े वर्ग को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।

आवेदन की प्राप्ति

1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा, के द्वारा सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
2. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता हैं।
3. आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेब साईट WWW.jharkhand.gov.in/agri. अथवा WWW.sameti.org पर भी उपलब्ध है।
4. आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ प्रकाशन की तिथि से दिनांक 30.08.2025 तक, कार्यालय दिवस में भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक जमा कर सकते है।
   - संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया/पंचायत सचिव द्वारा अभिप्रमाणित।
   - प्राप्त विहित प्रपत्र (आवेदन) में जमीन स्वामित्व प्रमाण–पत्र (एल0पी0सी0 अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत)।
   - राजस्व ग्राम का नक्शा।
   - आवेदन के साथ स्वअभिप्रमाणित आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाईल नं0 अंकित होना आवश्यक है।
   - स्थल का लाभुक के साथ GPS फोटोग्राफ संलग्न होना आवश्यक है।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा, वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा, पिन कोड–835302।
फोन नं0 – 8587973780

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 359923 Lohardaga(25-26)#D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची
## (भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची)
## कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा

**राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को कृषि यंत्रों का वितरण अन्तर्गत मिनी ट्रैक्टर एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु वितरण की योजना।**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या 35 दिनांक 23.07.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 "महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल/कृषक समहों/लैम्स/पैक्स/जलछाजन समितियों एवं अन्य कृषक समहों को कृषि यंत्रों का वितरण अन्तर्गत मिनी ट्रैक्टर एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु का पैकेज तैयार करने हेतु मिनी ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों की सूची एवं अनुदान तथा जिला का भौतिक लक्ष्य निम्न प्रकार से होगी :–

| Sl. No. | Detail of Agri. Machine | Total Package cost for group (Rs in lakhs) | Maximum subsidy for groups (80%) (Rs in lakhs) | कृषक समूह पैकेज का भौतिक लक्ष्य (संख्या) | कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य (संख्या) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Mini Tractor (12.0-22.50 PS max PTO) Approved model tested by (FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Seat, Hitch, hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachement etc. | Rs. 6.25 | Rs. 5.00 | 04 Nos | 09 Nos |
| 02 | Power Tiller (8.5-15.5 Max horse power- ps) Approved model tested by (FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery in case of Self Start, Universal mounting Frame. | | | | |
| 03 | Power weeder/ rotary tiller | | | | |
| 04 | Self Propelled Rice transplanter. | | | | |
| 05 | Self Propelled Reaper | | | | |
| 06 | Rice Huller with Polisher. | | | | |
| 07 | Mini Rice mill | | | | |
| 08 | Mini Tractor Compatible – Rotavator (2.5-4.0 ft) | | | | |
| 09 | Mini Tractor Compatible Cultivator (5-7 tynes), | | | | |
| 10 | Mini Tractor Compatible Disc Harrow (8-10) | | | | |
| 11 | Mini Tractor Compatible seed cum fertilizer Drll | | | | |
| 12 | Mini Tractor Compatible Cage Wheel | | | | |
| 13 | Mini Tractor Compatible Universal mounting Frame, | | | | |
| 14 | Paddy thresher | | | | |
| 15 | Wheat thresher | | | | |
| 16 | Paddy harvester | | | | |
| 17 | Post harvest equipments - Flour Mill, Mini Dal Mill, Oil Expeller | | | | |
| 18 | Alternator 10-15 Kw | | | | |
| 19 | Centrifugal Pumps with suction pipe 5-8 kw compatible power source, | | | | |
| 20 | 50mm/75mm HDPE Pipe maximum up to 600 feet (BIS Certification). | | | | |

**छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना**

**महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल/कृषक समहों/लैम्स/पैक्स/जलछाजन समितियों एवं अन्य कृषक समहों के लिए 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 5.00 लाख (पाँच लाख रूपये)** पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के वितरण किया जायेगा। मिनी ट्रैक्टर पैकेज अथवा पावर टीलर या अन्य कृषि यंत्रों का पैकेज की **कुल कीमत 6.25 लाख (छः लाख पच्चीस हजार)** रूपये से अधिक होने या **अनुदान की राशि 5.00 लाख (पाँच लाख रूपये)** से अधिक होने पर कृषक समूह अपना अतिरिक्त अंशदान देकर कृषि यंत्र प्राप्त कर सकते है। **व्यक्तिगत कृषकों के लिए** अधिकतम योजना लागत की राशि रूपये **2.00 लाख (दो लाख रूपये)** रखे जाने एवं इसका **80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 1.60 लाख (एक लाख साठ हजार)** रूपये मात्र देय होगा।

**लाभुक का चयन :–**

- झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।
- स्वयं सहायता समूहों के गठन में कम से कम 10 से 12 सदस्य होना आवश्यक है। स्वयं सहायता समूहों के वितरण एवं अनुशंसा हेतु विहित प्रपत्र परिशिष्ट–1 एवं परिशिष्ट–2 के रूप में आवेदन पत्र संलग्न करना होगा।
- मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के चयन हेतु वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स, जलछाजन समितियों या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस समूहों के सदस्यों के पास खेती योग्य कुल **10.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी।**
- वैसे समूहों को भी प्राथमिकता दी जायेगी जिस समूहों के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा।
- व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य **2.00 एकड़ भूमि होगी।**
- संबंधित जिलों का भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए "जिला स्तरीय समिति" द्वारा स्वीकृत किया जा सकेगा।
- महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स, जलछाजन समितियों या अन्य कृषक समूहों के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय एवं आवेदन से पूर्व में ही वास्तविक लगत का 20 प्रतिशत् अंशदान की राशि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा को देना होगा। चयन होने के बाद संबंधित को हरहाल में कृषि उपकरण क्रय करना होगा।
- जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स एवं प्रगतिशील कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोतित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से कंडिका–3.4 में वर्णित कृषि यंत्रों/पम्पसेट/एन0एफ0एस0एम0 योजना में प्राप्त कृषि में से जो कृषि यंत्र पूर्व मे प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
- चयनित कृषक समूहों को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग/भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची/जेएएमटीटीसी, राँची के द्वारा अन्य प्रपत्र उपलब्ध कराये जाने की स्थिति में उन्होंने उक्त प्रपत्र में भी आवेदन पत्रों का लिखित में जमा करना होगा, तदोपरान्त ही उनका दावा को मान्य होगा।
- चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स, जलछाजन समितियों या अन्य कृषक समूहों के द्वारा अंशदान की राशि संबंधित आपूर्तिकर्ताओं के बैंक खाते में बैंक ड्राफ्ट या RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना होगा अगर कोई भी ग्रुप के द्वारा राशि नगद जमा कर दिया जायेगा तो उनका आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा। साथ संबंधित ग्रुप के द्वारा राशि स्थानान्तरण होने के उपरान्त कार्यालय में जमा संबंधित पासबुक का फोटो कोपी की प्रमाण पत्र देना होगा।
- व्यक्तिगत कृषि उपकरण हेतु कृषक अपना आवेदन दिनांक 30.08.2025 तक भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय अवधि में जमा करें।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।**
**कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा, वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा, पिन कोड–835302,**
**फोन नं0 – 8587973780**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 359919 Lohardaga(25-26).D

# न्यूज बॉक्स

## खाद-बीज दुकानों की जांच, उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

**बालूमाथ।** अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र की खाद-बीज दुकानों की औचक जांच की। इस दौरान दुकानदारों से लाइसेंस, स्टॉक पंजी और मूल्य रजिस्टर की मांग की गई। सीओ ने कहा कि यदि दुकानदार बिना लाइसेंस कारोबार करते पाए गए तो उनकी दुकानें सील कर दी जाएंगी। उन्होंने किसानों को मिलावटी खाद-बीज से बचाने की बात कहते हुए दुकानदारों को सरकार द्वारा तय दाम जैसे – यूरिया 266 रुपये प्रति 45 किलो, डीएपी 1350 रुपये प्रति 50 किलो तथा पोटाश 1650 रुपये प्रति 50 किलो पर ही बिक्री करने का आदेश दिया।

## जिला परिषद बैठक में जनहित मुद्दों पर चर्चा

**बालूमाथ।** जिला परिषद की मासिक बैठक में उपाध्यक्ष अनीता देवी ने ग्रामीणों की समस्याओं और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बालूमाथ में महिला डॉक्टर की नियुक्ति, जाम की समस्या का स्थायी समाधान, बस स्टैंड पर शौचालय-प्याऊ निर्माण और खराब पड़े जलमीनार की मरम्मत की मांग रखी। अनीता देवी ने वन बंधोबस्ती पट्टे की समस्या, स्कूलों के अपग्रेडेशन व आदिवासी बहुल गांवों में बुनियादी सुविधाओं पर भी ध्यान आकर्षित किया। बैठक में कई छोटे-बड़े मुद्दे उठाने के साथ ही अधिकारियों से तुरंत समाधान करने का आग्रह किया गया।

## पंचायत उन्नति सूचकांक में टंडवा प्रखंड को तीसरा स्थान

**टंडवा (चतरा)।** पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित स्थानीय स्वशासन एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम में टंडवा प्रखंड को उन्नति सूचकांक मूल्यांकन में तीसरा स्थान मिला। इस उपलब्धि पर बीडीओ देवलाल उरांव और समन्वयक नेहाल वारसी को उप विकास आयुक्त ने प्रशस्ति-पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सूचकांक में 9 मानकों – गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, हरित पंचायत और सुशासन जैसे पहलुओं पर मूल्यांकन किया गया था।

## कांग्रेस सृजन मंथन कार्यक्रम के तहत टोटी में समिति का विस्तार




**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोटी पंचायत में कांग्रेस सृजन मंथन कार्यक्रम के तहत प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के नेतृत्व में समिति का विस्तार किया गया। यह कार्यक्रम लातेहार प्रेक्षक धीरज प्रसाद साहू के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। समिति विस्तार से पूर्व भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया गया। साथ ही झारखंड के शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में कांग्रेस पार्टी की नीति, सिद्धांत और संविधान की मूल भावना की रक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। गांव-गांव और टोले-टोले तक संगठन को मजबूत करने के संकल्प के साथ अभिनाश उरांव को अध्यक्ष, तुलसी गंझू को महासचिव तथा मोहम्मद जजाद, संतोष राम, साहेब गंझू, रामचरित्र राम, रामदेव राम, सुखलाल गंझू, सलाउद्दीन, मार्टिन खाखा, उमेश प्रसाद और उमेश गंझू समेत कई नेताओं को पदभार सौंपा गया। मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष अजय कुमार राम, कुलदीप राम, बंसी उरांव, रामदेव उरांव, बिनोद उरांव, अनिल उरांव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बालिका आवासीय विद्यालय में आगजनी की घटना के बाद अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# धीमी गति से हो रहे भवन निर्माण कार्य पर जताई नाराज़गी, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के छात्रावास में सोमवार को लगी भीषण आग की घटना के बाद बुधवार को कई अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं की सुरक्षा, भवन निर्माण की धीमी प्रगति और व्यवस्थागत खामियों पर गंभीर चर्चा हुई। जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने बरछिया स्थित जबरा रोड पर नवनिर्माणाधीन भवन का दौरा किया। उन्होंने बताया कि बीते मंगलवार को जिला बैठक में उन्होंने छात्रावास में लगी आग और तीन वर्षों से धीमी गति से चल रहे भवन निर्माण कार्य का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि छात्राएं संख्या के अनुपात में जगह की कमी से परेशान हैं और आग की घटना के बाद दहशत में जी रही हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि आवासीय विद्यालय का भवन निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए और भुगतान की प्रक्रिया समय पर हो। उपायुक्त के निर्देश पर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता, भवन निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अजीत कुमार दास और अग्निशमन विभाग के अधिकारी भूपाल कुमार दास ने भी निरीक्षण किया।

बिजली विभाग के अभियंता ने कहा कि शॉर्ट सर्किट से बचाव हेतु वायरिंग के साथ एमसीबी, आरसीसीबी, आरसीसीडी जैसे सुरक्षा उपकरण लगाना आवश्यक है। भवन निर्माण विभाग के अभियंता ने छत पर रखे भारी सामान को जल्द हटाने की बात कही।

अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने कहा कि विद्यालय का मुख्य दरवाजा चौड़ा होना चाहिए ताकि फायर ब्रिगेड वाहन आसानी से पहुंच सके। साथ ही छात्रावास के हर कमरे में कम से कम दो अग्निशामक यंत्र होना अनिवार्य है। उन्होंने छोटे कमरों में 40–50 छात्राओं को रखने को अनुचित बताया। इधर, लातेहार बाल विकास समिति के प्रभारी आशा कुसुम तिग्गा, कुंदन गोपाल और विकास कुमार ने भी छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर बहुत जल्द आवासीय विद्यालय को बालूमाथ शिफ्ट किया जाएगा। वार्डन कांती कुजूर ने बताया कि आगजनी के बाद विभाग की ओर से छात्राओं को ड्रेस, थाली और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। साथ ही बीआरसी कार्यालय से 10 छात्राओं को पुस्तकें भी उपलब्ध कराई गई हैं।

### प्रेम प्रसाद गुप्ता बने सांसद प्रखंड प्रतिनिधि

## सांसद कालीचरण सिंह ने सौंपा प्रमाण पत्र कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने दी बधाई



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड के प्रसिद्ध समाजसेवी और भाजपा नेता प्रेम प्रसाद गुप्ता को सांसद प्रखंड प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने चतरा स्थित अपने निजी आवास कार्यालय में गुप्ता को प्रमाण पत्र सौंपा और औपचारिक घोषणा की। जारी पत्र में कहा गया है कि विभागीय बैठकों में सांसद की अनुपस्थिति की स्थिति में प्रेम प्रसाद गुप्ता बतौर प्रतिनिधि शामिल होंगे और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पहल करेंगे। इस अवसर पर गुप्ता ने सांसद के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर, पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता के सहयोग से क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण उनका प्राथमिक लक्ष्य रहेगा। सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और गुप्ता के समर्थकों के साथ-साथ साहू समाज में भी हर्ष का माहौल है। भारी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में नामेश्वर गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विजय यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, उप प्रमुख कामेश्वर राम, आशीष ओझा, गजेंद्र हिमांशु, अर्जुन साहू, ईश्वरी पासवान, उमेश कुमार सिंह, गौरव दास, रंजीत गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद, युवा समाजसेवी अजीत कुमार, पवन कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## नेतरहाट डाक बंगला में गिरा फॉल्स सीलिंग बड़ा हादसा टला

**महुआडांड़।** पहाड़ी नगर नेतरहाट स्थित ऐतिहासिक पलामू डाक बंगला में बुधवार सुबह बड़ा हादसा होने से टल गया। बंगले के बरामदे में बनी फॉल्स सीलिंग अचानक भरभराकर गिर गई। हालांकि, पास ही बैठे सैलानी बाल-बाल बच गए। स्थानीय सैलानी ने बताया कि सुबह वह कमरे के बाहर बैठे थे, तभी अचानक जोर की आवाज के साथ लकड़ी-प्लास्टर का बड़ा हिस्सा गिर पड़ा। उल्लेखनीय है कि इस बंगले का पिछले साल ही नवीनीकरण हुआ था, लेकिन एक वर्ष में ही सीलिंग का टूट जाना कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है। बताया जाता है कि यहां अक्सर शीर्ष सरकारी अधिकारी ठहरते हैं और यह क्षेत्र का गौरव स्थल माना जाता है।

## क्षमता विकास वर्ग के तहत प्रभात फेरी का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** दक्षिण झारखंड संभाग में एकल अभियान द्वारा संचालित सात दिवसीय क्षमता विकास वर्ग का आयोजन श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में किया जा रहा है। 19 अगस्त को इस वर्ग का उद्घाटन डीवीसी के सीएसआर असिस्टेंट मैनेजर संजीव कुमार और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सह अभियान प्रमुख डॉ. ललन कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दूसरे दिन सुबह अभियान से जुड़े प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों ने नगर में प्रभात फेरी निकाली। इसमें अंचल समिति, अभियान प्रमुख, प्रशिक्षक व परीक्षार्थी शामिल हुए। इस दौरान अंचल अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और स्वाभिमान के क्षेत्र में जागरूकता लाना अभियान का मुख्य ध्येय है। समाज के बच्चों को प्राथमिक स्तर से ही बेहतर शिक्षा और संस्कार देकर सामाजिक व सांस्कृतिक धरोहरों को बचाए रखना इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि है।


## कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना**

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2024–25 का Status "Approved by DLC Officer" (Student Login में "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक **15 सितम्बर 2025** तक निश्चित रूप से लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असक्रिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक **15 सितम्बर** तक सक्रिय (Active) करा लें। **पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।**

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping / आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2024–25 का छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। चूँकी **15 सितम्बर 2025** के बाद ई–कल्याण पोर्टल बंद हो जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट से (https://myaadhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईन न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→ Student Services & Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 359889 Lohardaga(25-26).D


## चंदवा में आयुष मेला 183 मरीजों की जांच

**चंदवा।** आयुष समिति की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 183 मरीजों की निशुल्क जांच हुई। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग चिकित्सा से जांच कर मुफ्त दवाएं दीं। डॉ. अमृत राज मिश्रा ने कहा कि आयुष मेला का उद्देश्य लोगों को निरोगी बनाना है। इस दौरान यक्ष्मा से संबंधित जानकारी भी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए।


## नए अंचलाधिकारी का चौकीदार संघ ने किया स्वागत

**चंदवा।** नवपदस्थापित अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा का चौकीदार संघ ने शॉल और बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सीओ ने चौकीदारों से कहा कि हर समस्या के समाधान में सहयोग मिलेगा और किसी सूचना को तत्काल साझा करें, ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके।

## सद्भावना दिवस पर कांग्रेस ने याद किए राजीव गांधी

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि राजीव गांधी की दूरदर्शी नीतियों ने भारत को डिजिटल युग की ओर अग्रसर किया। उनके नेतृत्व में पंचायती राज को मजबूती और युवाओं को राजनीति में सहभागिता का अवसर मिला।

## एनएच फोरलेन निर्माण प्रभावितों के लिए राजस्व शिविर



**चंदवा।** एनएच-39 फोरलेन परियोजना से प्रभावित रैयतों के मुआवजा भुगतान हेतु अंचल कार्यालय सभागार में राजस्व शिविर का आयोजन हुआ। रैयतों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। सीओ सुमित कुमार झा ने कहा कि शिविर का उद्देश्य नियमों की जानकारी देना और विवादों का निपटारा करना है। भूमि मुआवजा दर बढ़ाए जाने की जानकारी भी रैयतों को दी गई। यह शिविर लगातार विभिन्न गांवों में आयोजित किया जाएगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-02/2025-26

पत्रांकः– 340 हुसैनाबाद, दिनांकः–19/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बुढ़वा आम नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–नौडीहा बाजार, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 47,48,400=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.09.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 12.09.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 13.09.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 359893 (District) 25-26 (D)



## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 12/2025-26

पत्रांक– 611 लातेहार/दिनांक–19.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सेडे नदी, लाटो नदी नाला एवं डेलीकरचा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड– महुआडाड़ |
| 2 | प्राक्कलित राषि (लाख में) | 193.369 Lakh |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 28.08.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.09.2025 12.30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 359907 (Water Resource)25-26*D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड) कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा

कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को अनुदानित दर पर पम्पसेट एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक वितरण की योजना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची, वित्तीय वर्ष 2025–26 के राज्यादेश सं0– 35 दिनांक 23.07.2025 के आलोक में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य के लिए अनुदानित दर पर पम्पसेट एवं पाईप तथा छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना की योजना।

**पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना**

मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्धार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत् निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत् पम्पसेट (1.5–3.0 H.P. तथा 3.5–5.0 H.P.) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) तथा 1.0 एच0पी0 सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 | पम्पसेट के प्रकार | 90% अनुदान | जिला का लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट **1.5 – 3.0 H.P.** एवं 200 फीट **HDPE Pipe (63-75mm)** | अधिकतम 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र) | 118 संख्या |
| 2 | पम्पसेट **3.5 – 5.0 H.P.** एवं 200 फीट **HDPE Pipe (63-75mm)** | अधिकतम 30,000.00 (तीस हजार रूपये मात्र) | 10 संख्या |
| 3 | **1.0** एच0पी0 सोलर पम्पसेट **(Troly Mounted Movable Type)** | अधिकतम 90,000.00 (नब्बे हजार रूपये मात्र) | 04 संख्या |

जिन कृषकों को पूर्व मे कृषि विभाग (निदेशक समेति/भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि निदेशालय/उद्यान निदेशालय) द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चूका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नाम दिनांक 30.08.2025 तक सूचीबद्ध करायेगें।

लाभुक का चयन :–

- ❖ इस योजनान्तर्गत छोटे एवं सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस–फैक्स को पम्पसेट के साथ 200 फीट एच0 डी0 पी0 ई0 पाईप तथा 1.00 एच0 पी0 सोलर पम्पसेट (ट्राली मॉउटेड मोबेबल टाईप) का वितरण किया जायेगा।
- ❖ मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वितों कृषकों के साथ भूमि संरक्षण विभाग द्वारा गत वर्षों में तालाब जिर्णोद्वार एवं परकोलेशन टैंक निर्माण के लाभन्वितों पानी पंचायत के सदस्यों को उक्त योजना का लाभ दिया जायेगा।
- ❖ ग्रामीण विकास विभाग से अभिसरण स्थापित करते हुए मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वंय सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह के साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्धार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत पम्प सेट (1.5–3.0 एच0पी0 तथा 3.5–5.0 एच0पी0) एवं 200 फीट एच0डी0पी0ई0 पाईप (63-75mm), 1.0 एच0पी0 सोलर पम्पसेट उपलब्ध कराया जायेगा।
- ❖ व्यक्तिगत कृषि उपकरण हेतु कृषक अपना आवेदन दिनांक 30.08.2025 तक भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय अवधि में जमा करें।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा, वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा, पिन कोड–835302,
फोन नं0 – 8587973780

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 359920 Lohardaga(25-26)D



## कार्यालय कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/ Latehar F2 - 13/2025-26

पत्रांक– 612 लातेहार/दिनांक– 19.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बंझाबहेर नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड– हेरहंज |
| 2 | प्राक्कलित राषि (लाख में) | 46.98 Lakh |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 28.08.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.09.2025 12.30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 359909 Water Resource (25-26)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-01/2025-26

पत्रांकः– 339 हुसैनाबाद, दिनांकः–19/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुलिया मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य, प्रखण्ड–पाण्डू, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 1,69,25,500=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.09.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 12.09.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 13.09.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 359892 (District)25-26*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05 RIV/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

**कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।**

दिनांक–19.08.2025

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/11/2024-25 | पंचायत पंसा के बरडीहा हरिजन टोला से बजरंगबली डोमा बाबा मंदिर तक पथ निमार्ण। 1.60कि0मी0 | 177.111 | एक करोड़ सत्हतर लाख ग्यारह हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 2 | EE/RWD/DALTONGANJ/12/2024-25 | सडेया से चन्द्रपुर स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। 1.20कि0मी0 | 134.413 | एक करोड़ चौतींस लाख एक्कतालीस हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 3 | EE/RWD/DALTONGANJ/13/2024-25 | मंगलडीह कोनापर से महादेव शर्मा के घर तक पथ निर्माण कार्य। 1.40कि0मी0 | 138.006 | एक करोड़ अड़तीस लाख छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 4 | EE/RWD/DALTONGANJ/14/2024-25 | पंचायत पोलडीह ग्राम–बहेरा भोला मोड़ से कुंदन मोड़ तक पथ निर्माण कार्य। 1.35कि0मी0 | 182.046 | एक करोड़ बेरासी लाख चार हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 25.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 08.09.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 10.09.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
डालटनगंज।

PR 359902 (District) 25-26 (D)

### शिक्षा विभाग की बैठक में उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

# विद्यालयों में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की उपस्थित सुनिश्चित करें : डॉ ताराचंद

नवीन मेल संवाददाता


● कोई भी बच्चा विद्यालय जाने से वंचित ना हो, ड्रॉपआउट रोकें

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला में संचालित पलाश लर्निंग प्रोग्राम की समीक्षा की गई और अन्य छूटे हुए विद्यालयों को भी आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों, सभी प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधकों को विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सौ फीसदी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही, शिक्षकों की उपस्थिति सभी विद्यालयों में सौ फीसदी सुनिश्चित कराने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालय में नामांकन, प्राथमिक से माध्यमिक, माध्यमिक से उच्च विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का ट्रांजिशन सौ प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कोई भी बच्चा विद्यालय जाने से वंचित नहीं रहे, ड्रॉपआउट नहीं हो। उपायुक्त ने कहा कि अगर विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है तो उसे दूर किया जाएगा। बच्चों के साथ रात्रि चौपाल में अभिभावकों को बाल विवाह और डायन प्रथा उन्मूलन के प्रति भी जागरूक किया जाए। प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी वैसे विद्यालयों का भ्रमण अवश्य करें जहां बच्चे कम आ रहे हैं और कारण का निराकरण कराते हुए बच्चों की उपस्थिति कम से कम 80 प्रतिशत अवश्य सुनिश्चित करें। गुरूगोष्ठी का आयोजन बेहतर तरीके से किया जाए। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि बच्चों की चिकित्सीय जांच के बाद उनका फॉलोअप जरूर किया जाए। साथ ही, दवाईयां भी उपलब्ध हो।

बैठक में यू-डायस अंतर्गत स्टुडेंट प्रोग्राम, स्टूडेंट अपडेशन, मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण कार्यक्रम, शिक्षकों का प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन की स्थिति व सिलेबस कवरेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों व झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन की स्थिति, आईसीटी लैब की स्थिति, साइकिल वितरण, पाठ्य-पुस्तक का वितरण, पोशाक वितरण, मध्याह्न भोजन, मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार, इको क्लब का गठन, ई-विद्यावाहिनी में उपस्थिति दर्ज कराने समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी को उच्च शिक्षा के लिए गुरूजी क्रेडिट कार्ड के लिए योग्य छात्र-छात्राओं का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया गया। 10वीं व 12वीं की परीक्षा में जिला के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए आवश्यक निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिये गये। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार, नगर परिषद प्रशासक मुक्ति किड़ो, विद्युत कार्यपालक अभियंता, पलाश लर्निंग कार्यक्रम की स्टेट मैनेजर पल्लवी शाह, हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि, सभी कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों की वार्डन, सभी बीपीओ, सभी बीपीएम आदि उपस्थित थे।

## पूर्व विधानपार्षद ने उपायुक्त से भेंट कर जिले की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया



**लोहरदगा।** पूर्व विधानपार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने उपायुक्त लोहरदगा से भेंट कर जिले की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए भूमि की रजिस्ट्री के दौरान निबंधन कार्यालय में एलपीसी (LPC) की अनिवार्यता और नगर परिषद क्षेत्र की भूमि ऑनलाइन नहीं रहने से आम जनता को हो रही कठिनाइयों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भूमि के क्रय-विक्रय में एलपीसी को अनिवार्य कर दिए जाने से आम लोग परेशान हैं। अक्सर मजबूरीवश अपनी जमीन बेचने वाले व्यक्तियों को अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है, जहां उनसे मोटी रिश्वत की मांग की जाती है, कई बार यह डिसमिल के हिसाब से वसूली जाती है। नगर परिषद क्षेत्र की भूमि अब तक ऑनलाइन नहीं होने से गरीब लोग अपनी जमीन संबंधी जानकारी के लिए अंचल कार्यालय पर निर्भर हैं और उनकी मजबूरी का फायदा उठाया जाता है। उन्होंने मांग की कि जिले में नगर परिषद क्षेत्र की भूमि को जल्द ऑनलाइन किया जाए और भूमि क्रय-विक्रय में एलपीसी की अनिवार्यता समाप्त की जाए। धरधरिया को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और पहाड़ पर स्थित मंदिर का जीर्णोद्धार कराने की मांग भी की।

### गुदरी बाजार में योगी सेना की मटकी फोड़ प्रतियोगिता

## श्रीकृष्ण की लीलाएं युवाओं को करती हैं प्रेरित : धीरज साहू




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जन्माष्टमी पर्व के मौके पर शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित श्री शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में हिंदूवादी संगठन योगी सेना के अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर के नेतृत्व में मटकी फोड़ प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि लगभग ढाई बजे संपन्न हुई। चार टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू रहे। विशिष्ट अतिथियों में लोहरदगा विधायक सह पूर्व वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के पुत्र व युवा कांग्रेस नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, हिंदुत्व प्रचारक अमन कुमार, हिंदू नेता रोशन झा, जय श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू को अंगवस्त्र, मोमेंटो और संकट मोचन हनुमान मंदिर की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। अन्य अतिथियों को भी अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। नन्हें बालकों द्वारा कृष्ण अवतार धारण कर मंच पर उतारने का दृश्य दर्शकों को बेहद भाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11,000 नकद व शील्ड देकर सम्मानित किया गया, जबकि द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को शील्ड प्रदान की गई।

पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा, मैं पहली बार इस मटकी फोड़ प्रतियोगिता में शामिल हुआ हूँ। जन्माष्टमी जैसे पावन अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम मुझे अत्यंत प्रसन्नता और आध्यात्मिक संतोष देता है। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप और उनकी लीलाओं को याद करना युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ने की शक्ति देता है। युवा कांग्रेस नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव ने कहा कि मटकी फोड़ प्रतियोगिता केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि युवाओं की शारीरिक क्षमता, टीमवर्क और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में चेतना, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवित रखते हैं। पूरे आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु देर रात तक मौजूद रहे और उत्साह व भक्ति से ओतप्रोत होकर कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे।

## जय सरना मां फुटबॉल समिति का टूर्नामेंट आज से


● एसपी ने खिलाड़ियों के बीच वितरित किए फुटबॉल व जर्सी सेट

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मन्हेपाट में जय सरना मां फुटबॉल समिति के तत्वावधान में 21 अगस्त से फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 24 अगस्त, रविवार को खेला जाएगा। प्रतियोगिता में लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों से कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के कार्यालय में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस और आम जनता के बीच सामाजिक एवं पारस्परिक समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी द्वारा खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल और जर्सी सेट वितरित किए गए। मौके पर पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। ऐसे आयोजन नशे और बुरी प्रवृत्तियों से दूर रखते हुए समाज में भाईचारे और अनुशासन को बढ़ावा देते हैं। पुलिस हमेशा युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए तत्पर रहेगी। कहा कि उग्रवाद प्रभावित सुदूरवर्ती पठारी इलाका पेशरार के ग्रामीणों को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। पुलिस के इस प्रयास से ग्रामीणों का भरोसा पुलिस पर बढ़ेगा। ग्रामीण युवा खेलकूद में भागीदारी निभाकर भटकाओं की दिशा में जाने से बचेंगे ग्रामीण युवा शक्ति सकारात्मक दिशा में अपनी शक्ति लगाएगी। इस मौके पर एसपी ने कहा कि, जिले में उग्रवाद लगभग नियंत्रित है। बावजूद, माओवादी व जेजेएमपी के कुछ नक्सली सक्रिय हैं। कहा कि, इन संगठनों के नक्सलियों से अपील करता हूं कि, सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाते हुए आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में आ जाएं।

## बीडीओ ने मनरेगा योजना के कार्यों का निरीक्षण किया



**भंडरा।** बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बुधवार को प्रखंड के मसमानो पंचायत में चल रहे मनरेगा योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। उनके साथ प्रखंड समन्वयक मनीष अग्रवाल मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने मौके पर उपस्थित लाभुकों को कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। बीडीओ बताया कि उक्त योजना में अधिक से अधिक प्रवासी मजदूरों को रोजगार देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मौके पर कार्य कर रहे मजदूरों से कहा कि पंचायत में मनरेगा का और भी योजनाएं शुरू किया जाएगा। काम के अभाव में अब कोई भी मजदूरों का पलायन नही होगा। क्योंकि सरकार उक्त योजना के तहत आये सभी प्रवासी मजदूर को काम उपलब्ध करा रही है और भी काम मांगने वाले मजदूरों को काम देने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने बेदाल डाड टोली आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर सेविका से कई जानकारी ली। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, मनीष अग्रवाल, पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, पंचायत के सचिव अजय भगत, रोजगार सेवक हेमंत गुप्ता मौजूद थे।


## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

### आम सूचना

पत्रांक– 899 / न0प0, दिनांक–20.08.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में शहीद विनय भारती पार्क की बन्दोबस्ती हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आमंत्रित आम सूचना में न्यूनतम डाकवक्ता के द्वारा भाग नही लेने के कारण पुनः उक्त सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–29.08.2025 को समय 12:00 बजे अपराह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–30.08.2025 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शहीद विनय भारती पार्क | कार्यादेश की तिथि से पाँच वर्ष तक के लिये मान्य होगा। | 12,50,000.00 | 1,25,000.00 |

नोटः–1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–29.08.2025 को 12:00 बजे अपराह्न।

2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 360005 Urban Development(25-26)#D



## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

### (अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05, वर्ष 2025–26)

पत्रांक ................/जि0प0 दिनांक ....................

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 28.08.2025 से 30.08.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित एवं रविवारीय अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 01.09.2025 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 01.09.2025 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी / मद –:

| क्र. | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC Path between new market complex simariya block. | 400500 | 750 | 8500 | 02 months |

निविदा की शर्तें –
1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा

PR 359960 District(25-26)#D




## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

### –: आवश्यक सूचना :–

लातेहार जिला अंतर्गत **लातेहार महिला थाना काण्ड संख्या 11/2024, दिनांक 01.08.2025, धारा 498(ए)/506/ 323/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रथा प्रतिशेध अधिनियम** के अभियुक्त विकेश ठाकुर पे0 धनेश्वर ठाकुर, सा0 बडगाई, थाना भंडरा, जिला लोहरदगा के विरूध माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.08.25 तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | विकेश ठाकुर पिता धनेश्वर ठाकुर, पता बडगाई, थाना भंडरा, जिला लोहरदगा। |


Court of CJM, Latehar
Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मफरूर शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
Latehar (M) 11/2024

PR 359982 (Police) 25-26 (D)

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार।

● POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 ● CHILD HELPLINE-1098 ● WOMEN HELPLINE-1091
● DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181 ● CYBER CRIME HELPLINE-1930 ● AMBULANCE SERVICE-108



## Government of Jharkhand
## ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
## ROAD DIVISION, LATEHAR

### VERY-SHORT TIME E-PROCUREMENT NOTICE INVITING TENDER (2nd Call)

E-Tender Reference No.- RCD/LATEHAR/638/2025-26

DATE – 20-08-2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Ordinary Repair of Balumath – Herhanj – Panki (SH-10) road from Km. 0.00 to Km. 30.00 for the year of 2025-26. |
| 2. | Estimated Cost ( In Rs.) | Rs. - 74,99,807.00 (Rupees Seventy-Four Lakh Ninety-Nine Thousand Eight Hundred Seven Only) |
| 3. | Time of Completion | 04 (Four) Months |
| 4. | Date / Time of Publication of Tender on Website | 23-08-2025 (10.30 A.M) |
| 5. | Last Date / Time of receipt of bids | 01-09-2025 (12.00 Noon) |
| 6. | Name and Address of office inviting tender | O/o – Executive Engineer Road Construction Department, Road Division, Latehar |
| 7. | Contact No. of Procurement Officer | 06565-245081 |
| 8. | Help Number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

➢ Further details can be seen on Website http://jharkhand tenders.gov.in
E-mail ID : eercdlatehar-jhr@nic.in
Tel. No. – 06565-245081

Executive Engineer
R.C.D., Road Division, Latehar

PR 359950 Road(25-26).D



## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

### (अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04, वर्ष 2025–26)

पत्रांक ................/जि0प0 दिनांक ....................

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 28.08.2025 से 30.08.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित एवं रविवारीय अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 01.09.2025 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 01.09.2025 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी / मद – :

| क्र. | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. Construction of Shop (02 nos) on simariya Bagra Road. (Estimated cost-690600.00) 2. Construction of 2 nos shops on the vacant land of the staircase room of the under-construction shop in front of the Dackbunglow campus Simariya. (Estimated cost-42206.00) 3. Construction of 3 nos shops on the vacant land of the staircase room of the under-construction shop in front of the Fisheries Department office on Simaria-Bagara Road (Estimated cost-52798.00) | 785604 | 1250 | 16000 | 04 months |

निविदा की शर्तें –
1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा

PR 359961 District(25-26).D



## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 14/2025-26

पत्रांक– 613 लातेहार / दिनांक–19.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गुहड़ी नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य प्रखंड– बरवाडीह। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 55.959 Lakh |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 28.08.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.09.2025 12.30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईनसंख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.359910 Water Resource(25-26):D

# न्यूज बॉक्स

## उपायुक्त ने किया सिर-सी-ता-नाले व अपर शंख जलाशय का निरीक्षण



**गुमला।** उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित ने शनिवार को डुमरी प्रखंड स्थित सिर-सी-ता-नाले सरना धार्मिक स्थल एवं अपर शंख जलाशय का निरीक्षण कर पर्यटकीय विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अप्रोच रोड, मल्टीपरपज हॉल, शौचालय, दुकान एवं अन्य आवश्यक भवनों के निर्माण पर बल देते हुए स्थल के पास उपलब्ध 85 डिसमिल सरकारी भूमि पर भवन निर्माण कराने का निर्णय लिया। उन्होंने भवन निर्माण प्रमंडल को भूमि की मापी कर शीघ्र प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उपायुक्त ने उनकी सहमति से आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही "धर्म कांडों" स्थल का निरीक्षण कर वहां की धार्मिक परंपराओं की जानकारी ली और सौंदर्यीकरण, रंग-रोगन, लाइटिंग एवं अप्रोच रोड सुधार को प्राथमिकता देने का आदेश दिया। इसके बाद उपायुक्त ने अपर शंख जलाशय का दौरा कर पर्यटन की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित विभाग को एप्रोच रोड निर्माण को प्राथमिकता देने तथा पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ठोस पहल करने का निर्देश दिया।

## कालाबाजारी : उच्चे दामों पर बेचा जा रहा है यूरिया, यूरिया न मिलने से किसान परेशान

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों किसानों को लाइसेंसी खाद बीज दुकानों में यूरिया खाद नहीं मिल रहा है। जिसके कारण किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। किसानों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में गुप्त रूप से यूरिया का भंडारण कर उच्चे दामों में बेचा जा रहा है। जिसके कारण खुले बाजार में सरकार के द्वारा निर्धारित मूल्य पर किसानों को यूरिया नहीं मिल रहा है। किसान धान रोपकर खत्म कर चुके हैं। अच्छी पैदावार के लिए खेतों में यूरिया खाद देना पड़ता है। परंतु सिसई के लाइसेंसी खाद बीज दुकान में यूरिया खाद खत्म होने की बात सामने आ रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के छोटे खाद बीज दुकान और किराना दुकान में किसानों को तीन गुने दाम पर यूरिया खाद बेचा जा रहा है। जिससे किसान आक्रोशित हो गए और प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव को लिखित आवेदन देकर यूरिया खाद नहीं मिलने और अधिक दाम पर बेचने से अवगत कराया है। किसानों ने कहा है कि यदि प्रशासन तीन दिनों के भीतर किसानों के लिए यूरिया खाद का व्यवस्था नहीं करती है तो जोरदार तरीके से धरना प्रदर्शन किया जाएगा और नेशनल हाइवे सड़क को जाम किया जाएगा। वहीं आत्मा कृषि कार्यालय के पदाधिकारियों ने कहा है कि प्रति बोरी यूरिया की कीमत 266 रुपए और डीएपी की कीमत 1350 रुपए है। सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही किसानों को यूरिया और खाद देना है। जबकि दुकानदारों का कहना है कि सरकार के द्वारा निर्धारित मूल्य पर हमें यूरिया खाद उपलब्ध नहीं होता है। यूरिया खाद होलसेलर के द्वारा अन्य सहायक उत्पादों के साथ अधिक कीमत पर यूरिया खाद दिया जाता है। जिसके कारण निर्धारित मूल्य पर किसानों को देने में परेशानी होती है। और अभी ऊपर से ही खाद की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसलिए किसानों को सरलता से खाद नहीं मिल पा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि अन्य जगहों से यूरिया खाद लाकर सिसई के कई गांवों में ऊंचे दाम पर यूरिया बेचा जा रहा है जिससे सिसई के दुकानदार बदनाम हो रहे हैं। संबंधित विभाग को इसपर ध्यान देते हुए ठोस कदम उठाने की जरूरत है जिससे कालाबाजारी को रोका जा सके।


## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 11/2025-26

पत्रांक– 610 लातेहार/दिनांक–19.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कलकुली नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 50.073 Lakh |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 28.08.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.09.2025 12.30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 359905 Water Resource(25-26).D

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 10/2025-26

पत्रांक– 609 लातेहार/दिनांक–19.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | केदली नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड–गारू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 51.872 Lakh |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 28.08.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.09.2025 12.30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 359903 Water Resource(25-26)#D


### गुमला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# तीन अलग-अलग चोरी के मामलों में चार गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



● एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा

**गुमला।** जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर लगाम कसते हुए गुमला पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। तीन अलग-अलग मामलों में शामिल चार चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

एसडीपीओ ने बताया कि पहला मामला करमटोली बुढ़वा महादेव मोहल्ले से जुड़ा है, जहां 18 अगस्त को रांची गई सुनीता कुमारी गुप्ता के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों की नकदी, जेवरात और लैपटॉप चोरी कर लिए थे। मामले की छानबीन के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात करमटोली निवासी रूपेश बाड़ा उर्फ सोनू कुमार को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकारते हुए एक नाबालिग साथी के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर दो लैपटॉप, चार चांदी के सिक्के, एक ब्रेसलेट और 5000 नकद बरामद किया है। बुधवार को रूपेश को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया, जबकि नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया।

दूसरी घटना टोटो थाना क्षेत्र के बसुआ रोड की है। 19 अगस्त की रात, दो युवक जितेंद्र राम और मुजाहिद कुरैशी, नहर निर्माण में लगे पाइप को काटकर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। गुप्त सूचना पर टोटो पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को बुधवार को जेल भेज दिया गया।

तीसरा मामला बसुआ गांव के समीप का है, जहां 11 अगस्त की देर शाम हफीज अंसारी नामक युवक ने एक राहगीर की स्कूटी रोककर उसका मोबाइल और स्कूटी छीनकर फरार हो गया था। मामले में जांच कर रही टोटो पुलिस ने हफीज अंसारी को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## शराब की लत से परेशान युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत रमजा गांव के 24 वर्षीय युवक ने मंगलवार शाम लगभग 7 बजे उर्वरक (यूरिया) खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने तत्काल उसे गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक पिछले एक वर्ष से एक लड़की को अपने पास रखे हुए है। इस दौरान वह अक्सर शराब के नशे में धुत रहता था और किसी भी प्रकार का काम-काज नहीं करता था। इसी को लेकर घर में आए दिन तनाव की स्थिति बनी रहती थी। मंगलवार को उसकी मां विद्यालय से काम कर घर लौटीं और बेटे को नशे की हालत में देखा। उन्होंने बेटे को शराब पीने और काम न करने को लेकर डांटा। डांट खाने के बाद युवक ने गुस्से में आकर यूरिया खा लिया।

## हिसिर गांव में लगा विशेष शिविर, 17 रैयतों का पंजी-2 अद्यतन कार्य संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार राजस्व कार्यों को तेज गति देने और ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिशुनपुर अंचल अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम हिसिर (मुख्यालय से लगभग 30 किमी दूर) में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अंचल अधिकारी बिशुनपुर, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य सहायक कर्मियों की उपस्थिति में कुल 17 जमाबंदी रैयतों का पंजी-2 अद्यतन कार्य संपन्न कराया गया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के सुदूरवर्ती एवं दुर्गम गांवों में नियमित रूप से इस प्रकार के शिविर आयोजित करें, ताकि ग्रामीणों को राजस्व संबंधी सेवाएं उनके द्वार पर ही उपलब्ध हो सकें और उन्हें मुख्यालय तक आने की आवश्यकता न पड़े। पंजी अद्यतन कार्य से भूमि संबंधी अभिलेख अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित होंगे, जिससे ग्रामीणों को भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं भूमि संबंधी प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

वीरबुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id-lohardagadaho@gmail.com

### आम सूचना

राज्य योजनान्तर्गत पारा भेट का प्रशिक्षण कराया जाना है। जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में पारा भेट प्रशिक्षण का लक्ष्य 08 है। उक्त योजना के अन्तर्गत पशुओं के प्राथमिक उपचार (First Aid) का प्रशिक्षण दिया जाना है। पारा भेट प्रशिक्षण कुल दो माह (60 दिनों) का होगा, जिसमें 45 दिनों का सैद्धांतिक प्रशिक्षण तथा 15 दिनों का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय/पशु शल्य चिकित्सालय में होगा। आवेदकको मैट्रिक उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उच्चतर योग्यता एवं जीवविज्ञान के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षणार्थी द्वारा समय–समय पर विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, पशु सर्वे एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार–प्रसार इत्यादि का लाभ पशुपालकों तक पहुँचाने हेतु आवंटित कार्य ससमय करना होगा। प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थी अपने क्षेत्र में लाभार्थियों पशुपालकों के साथ हितैशी/मित्र एवं स्वरोजगारी के रूप में कार्य करेंगे एवं प्रशिक्षणार्थी का चयन जिलास्तर पर नियमानुसार की जायगी।

आवेदक, आवेदन पत्र पर अपना नाम, पिता/पति का नाम, जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, मूल/पत्राचार का पता आदि सहित अपना संपूर्ण विवरण/पूर्ण बायोडाटा संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/जिला पशुपालन पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। आवेदन पत्र प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी को प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी प्राप्त आवेदन पत्रों को पूर्ण दस्तावेज के साथ जिला पशुपालन पदाधिकारी को अविलम्ब अग्रसारित करेंगे। निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर "प्रथम आगत प्रथम निर्गत के आधार" पर प्राप्त आवेदनों में से प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पारा भेट प्रशिक्षण हेतु दिव्यांग/BPL/ST/SC अभ्यार्थियों को नियमानुसार चयन किया जाएगा।

**नोटः– इस योजना के तहत् प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थी पशुपालन विभाग के कर्मचारी नहीं होंगे और न ही इसके लिए कभी दावा करेंगे। अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के पशु चिकित्सा पदाधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं।**

–: निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 359928 Lohardaga (25-26)_D

## कार्यालयः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा

वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा
E-mail ID: -scolohardaga@gmail.com

### आम सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 36 दिनांक 23.07.2025 एवं भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 552 दिनांक 25.07.2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में मृदा एवं जल संरक्षण योजनान्तर्गत जलनिधि उपयोजना अन्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण कराया जायेगा।

**जलनिधि उपयोजना के कार्यान्वयन हेतु शर्त्ते/प्रावधान :–**

(i) यह योजना झारखण्ड के सभी जिलों में कार्यान्वित होगी। इस योजनान्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का निर्माण कराया जायेगा। योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों को योजना से आच्छादित किया जायेगा। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक समूहों को 90 प्रतिशत अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा।

(ii) योजना आरम्भ करने के पूर्व योजना स्थल का पानी पंचायतों के साथ रंगीन फोटोग्राफ (कार्य प्रारम्भ से पूर्व, योजना कार्यान्वयन के दौरान एवं योजना पूर्ण होने के उपरान्त) लेकर योजना स्थल का अक्षांश एवं देशान्तर योजना अभिलेख में अंकित किया जायेगा। योजना पूर्ण होने के उपरान्त योजना अभिलेख में पूर्ण योजना का रंगीन फोटोग्राफ पानी पंचायत के सदस्यों के साथ लेकर अंकित किया जायेगा। साथ ही साथ इस योजनान्तर्गत करायेग गये कार्यों का Geo Tagging अनिवार्य रूप से की जायेगी। किसी भी परिस्थिति में योजना का दोहरीकरण नहीं हो।

**योजना का स्वरूप**

राज्य के कृषकों को सिंचाई संसाधन उपलब्ध कराने हेतु योजना का स्वरूप निम्नवत है :–

(i) डीप बोरिंग की योजना :–

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि: अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| Length of percolation tank 120 ft. width of percolation tank 100 ft. Depth of percolation tank 12ft length side slope-1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। जिससे विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**(ii) परकोलेशन टैंक की योजना :–**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि: अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| योजना अन्तर्गत 6 इंच Diameter deep boring, Submersible pump 1.5 hp, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। जिससे विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**कृषक/संस्था का नाम**

**चयन**

(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमान्त कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषक समूहों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

(ii) जिन कृषक समूहों को पूर्व में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी पात्रता डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के लिए मान्य नहीं होगी।

(iii) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी एवं ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**जिसका सारांश निम्नवत् है :–**

| क्र0 | विधान सभा क्षेत्र का नाम | क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड का नाम | वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत होने वाली योजना की संख्या: परकोलेशन टैंक | डीप बोरिंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 01. | लोहरदगा विधान सभा | किस्को, कुडू, लोहरदगा, कैरो, भण्डरा, पेशरार | 40 | 04 |
| 02. | विशुनपुर विधान सभा | भण्डरा, सेन्हा, पेशरार | 20 | 03 |
| 03. | उपायुक्त महोदय | किस्को, कुडू, लोहरदगा, कैरो, भण्डरा, पेशरार, सेन्हा | 18 | 03 |
| | | कुल योग :– | 78 | 10 |

1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा, के द्वारा सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
2. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता हैं।
3. आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेब साईट WWW.jharkhand.gov.in/agri. अथवा WWW.sameti.org पर भी उपलब्ध है।
4. आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ प्रकाशन की तिथि से दिनांक 30.08.2025 तक, कार्यालय दिवस में भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है।

- संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया/पंचायत सचिव द्वारा अभिप्रमाणित।
- प्राप्त विहित प्रपत्र (आवेदन) में जमीन स्वामित्व प्रमाण–पत्र (एल0पी0सी0 अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत)।
- राजस्व ग्राम का नक्शा।
- आवेदन के साथ स्वअभिप्रमाणित आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाईल नं0 अंकित होना आवश्यक है।
- स्थल का लाभुक के साथ GPS फोटोग्राफ संलग्न होना आवश्यक है।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा, वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा, पिन कोड–835302।
फोन नं0 – 8587973780

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR.NO.359925 Lohardaga(25-26):D

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा

Email – dddogarhwa@gmail.com

### –ःपशुपालकों के लिए आम सूचनाः–

वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना** के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा **दिनांक– 20-09-2025 के अपराह्न 5.00 बजे** तक संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित विहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जिला अन्तर्गत संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम**

**-: 02 दुधारू गाय/भैंस वितरण योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 90 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 10 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए) |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (01 गाय/भैंस) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |
| द्वितीय चरण (01 गाय/भैंस) | | 50,175/- | 60,210/- | 16,725/- | 6,690/- |

-: कामधेनु डेयरी फार्मिंग अन्तर्गत 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना (मिनी डेयरी):-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | बैंक ऋण/लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (03 गाय/भैंस) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |
| द्वितीय चरण (02 गाय/भैंस) | | 1,00,350/- | 66,900/- | 33,450/- | 66,900/- |

-: कामधेनु डेयरी फार्मिंग अन्तर्गत 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना (मिडी डेयरी):-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | बैंक ऋण/लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (05 गाय/भैंस) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |
| द्वितीय चरण (05 गाय/भैंस) | | 2,50,875/- | 1,67,250/- | 83,625/- | 1,67,250/- |

**–ः हस्त एवं विद्युत चालित चैफ कटर वितरण :–**

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) | लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) |
|---|---|---|---|---|---|
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

**अहर्त्ता** :– उपरोक्त वर्णित योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी। पशुशेड सहित दुधारू गायों की Jio Tag फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।

**–ः प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–**

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) | लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) |
|---|---|---|---|---|---|
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| डीप बोरिंग(Boring- 4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.) | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |

**अहर्त्ता** :– उपरोक्त वर्णित योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय/भैंस के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो एवं शेड सहित गायों की Jio Tag फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।

**अहर्ता/नियम व शर्ते–**

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित लाभुकों की सूची पर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त, गढ़वा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना का लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समुह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू० 10000/- अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना अन्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जायेगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का लगातार तीन पाली दुहाई एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशुविक्रेता से दुधारू पशु क्रय किया जाएगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू गायों का पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण के तहत किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ सरकार द्वारा निर्धारित ईकाई दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर, दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत अनुदान राशि का भुगतान लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लिए लाभुकों को हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में से जो कम होगा, के आधार पर क्रय उपरांत लाभुकों का दावा विपत्र के आधार पर अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर कार्य उपरांत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर दिया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन, मिल्कींग मशीन, खोवा–पनीर मेकिंग यूनिट तथा काउ मैट आदि की विशिष्टियाँ/गुणवत्ता विभाग द्वारा निर्धारित की जायेगी।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों का Escrow Account संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा खोला जायेगा एवं अनुदान राशि Escrow Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। 02, 05, 10 गाय/भैंस की योजना हेतु अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account में 01 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- आवेदन पत्र के साथ स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/आपदा प्रभावित/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकता की घोषणा संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा प्रमाणित किया जाना अनिवार्य है।
- प्रत्येक आवेदन के साथ पंचायत के **ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति के बैठक में ली गई प्रस्ताव एवं अनुशंसा/कार्यवाही** की छाया प्रति संलग्न करना अतिआवश्यक है, जिसमें **मुखिया का हस्ताक्षर व मुहर** नितान्त आवश्यक है।
- अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- लाभुकों के लिए गव्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत संस्थागत प्रशिक्षण यथा छः दिवसीय प्रशिक्षण/फारमर्श अवेयरनेस कार्यक्रम (APDF) में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है।

**नोट :–विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, सोनपुरवा, गढ़वा, से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है साथ हीं गढ़वा जिला के पोंटल http://www/garhwa.nic.in से डाउनलोड करके आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 359924 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उद्देश्यहीन जीवन द्वारा नहीं, बल्कि एक नियमित एवं संतुलित जीवन द्वारा तुम महापुरुषों के आशीर्वाद प्राप्त कर सकोगे। तब माया कभी भी अपने माध्यम के रूप में तुम्हारा उपयोग नहीं कर पाएगी। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# न्यूनतम स्तर की बेरोजगारी

कभी बेरोजगारी और महंगाई चुनावी मुद्दे होते थे अभी सोशल मीडिया पर उछल रहे मुद्दों में प्राथमिकता दूसरी है तो क्या दोनों मुद्दे नहीं बन सकते? राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में देश की बेरोजगारी दर घटकर पिछले तीन महीनों में सबसे कम यानी 5.2 फीसदी पर आ गई, जो अर्थव्यवस्था के लिहाज से आश्वस्त करने वाली खबर कही जा सकती है, लेकिन इससे जुड़े कई अन्य पहलू भी विचारणीय हैं। दरअसल, पिछले कुछ हफ्ते त्योहारों के रहे हैं और इसके अलावा कृषि व संबंधित गतिविधियों में कामगारों की मौसमी मांग भी रही है। यही वजह रही कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर में कुछ कमी देखने को मिली है। इसके विपरीत, जुलाई में ही शहरी बेरोजगारी दर में कुछ वृद्धि, शहरों में रोजगार के अवसरों के घटने की ओर इशारा करती है, जो चिंताजनक है। यह असमानता शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच रोजगार के अवसरों में अंतर को रेखांकित करती है और नीतिगत हस्तक्षेप की मांग भी करती है। मासिक आंकड़े बताते हैं कि जुलाई के दौरान महिलाओं की बेरोजगारी दर में कमी आई है और महिला श्रमबल की हिस्सेदारी बढ़ी है, जो उत्साह बढ़ाने वाला है। गौर करने वाली बात है कि ये आंकड़े वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, एसएंडपी द्वारा भारत की दीर्घकालिक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीबीबी माइनस' से बढ़ाकर 'बीबीबी' करने के बाद आए हैं, जो 18 वर्षों में इस तरह की पहली प्रगति है। एसएंडपी के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 और 2024 के बीच हमारी वास्तविक जीडीपी वृद्धि औसतन 8.8 फीसदी रही, जो एशिया-प्रशांत में सबसे अधिक है, और अगले तीन वर्षों में इसके 6.8 फीसदी वार्षिक दर से बढ़ने की उम्मीद है, जिसका फायदा देश के रोजगार परिदृश्य को भी यकीनन मिलेगा। सरकार ने हाल ही में घोषणा की है कि वह अक्तूबर तक वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती करेगी। इससे घरेलू विनिर्माण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, रोजगार सृजन भी बढ़ने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विकसित भारत रोजगार योजना की शुरुआत भी देश के रोजगार परिदृश्य के रूपांतरण की क्षमता रखती है, जिसका अगले दो वर्षों में साढ़े तीन करोड़ नौकरियां देने का लक्ष्य है। कुल मिलाकर देखें, तो दूसरी तिमाही के शुरुआती महीने में बेरोजगारी दर में कमी और नई रोजगार योजना का शुभारंभ स्वागतयोग्य है, लेकिन सरकार को कौशल विकास और नवाचार पर आधारित अपनी नीतियों से देश को एक मजबूत व समावेशी रोजगार बाजार की ओर बढ़ाना होगा। फिलहाल इस सकारात्मक गति को बनाए रखने और अर्थव्यवस्था को ऐसा रूप देने की जरूरत है, जिसमें सभी के लिए अवसरों के द्वार खुले हों।

*राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में देश की बेरोजगारी दर घटकर पिछले तीन महीनों में सबसे कम यानी 5.2 फीसदी पर आ गई, जो अर्थव्यवस्था के लिहाज से आश्वस्त करने वाली खबर कही जा सकती है, लेकिन इससे जुड़े कई अन्य पहलू भी विचारणीय हैं।*

# अधर्म पर मौन रह, जो सिर्फ निहारे जाते हैं भीष्म हों, द्रोण हों या हों कर्ण सब मारे जाते हैं

आज की बात



**केदारनाथ दास**
बसिया (गुमला)।

क्या आपने कभी इस विषय पर गौर किया है कि दातुन का परित्याग करते ही हमें टुथपेस्ट की जरूरत पड़ गई और हम "कोलगेट" की मांग करने लगे। एक लंबी सी सूची में से यही हाल बनस्पति घी का भी है जबकि घी के नाम पर हम "डालडा" शब्द के सामने लाचार होकर बैठे नजर आने लगे। यह यह बेचारगी न जाने कब से हमारी बाध्यता बनती चली गई जबकि महज कुछ दशकों पूर्व तक ब्रांड के इस पेंच से हमारा कोई सरोकार नहीं था। हमें तो बचपन से यही बताया गया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। इसका सीधा सा मतलब यही था कि पारंपरिक तौर पर भारत कभी भी बाजारवाद का पक्षधर नहीं रहा। बहुत सकारात्मक प्रकरण होने के बावजूद हैरान करने वाली बात तो यह है कि खुद की खेती बारी, पसीने से निकला अनाज, अपने बगीचे के दातुन, अपना तेल और अपने घर आंगन के दाना पानी में से न जाने कब हमारा भारतवर्ष खुद में एक ब्रांड बनता चला गया। अभी भी वह पीढ़ी बरकरार है जिसने अनाज के बदले अनाज, पैले की माप और प्रत्येक आर्थिक हस्तांतरण में सुभाव के तौर पर उपहार की व्यवस्था को जीतकर अपना जीवन व्यतीत किया है। अब अचानक सबकुछ बदल सा गया है और हमारी मूल प्रकृति और तत्संबंधी पृष्ठभूमि के विपरित एक बाजार सामने आ खड़ा हुआ है। ऐसा तब है जबकि उत्पादन क्षमता और उत्कृष्टता के बूते हम अपनी प्राकृतिक मौलिकता के साथ खुद में वैश्विक अर्थव्यवस्था का पर्याय रहे हैं। इतना ही नहीं, हमें तो यह भी पता है कि भारतीय अर्थतंत्र को तहस नहस करने के लिए ढाका के मलमल के साथ साथ यहाँ के कुटीर उद्योगों को लगातार कुंठित किया जाता रहा। कालांतर में बाजार के प्रति हमें उदार बनाने के नाम पर रचे गए कुचक्र का हम शिकार होते चले गए। नतीजा सामने है और शुद्ध देशी घी में हमें कोलेस्ट्रोल और ट्राईग्लिसराईड के अवगुण नजर आने लगे तो बनस्पति घी का रास्ता हमारे लिए सर्वसुलभ होता चला गया। यही सबकुछ हुआ गोदरेज के साथ। कभी बांस के कलात्मक बक्से घर की शान हुआ करते थे तो गांव का रोजगार भी गांव में ही बना हुआ था। धोती आज यहां से कोसों दूर जा चुका है और बुनकरों को बुनियादी रोजगार देता धोती आज न केवल गुमनामी के अंधेरे में खो चुका है बल्कि उपहास का पात्र बन चुका है। इसी तरह फुलपैंट और अंग्रेजी सूट बूट के



सरकार का ताना-बाना अब खेत खलिहानों तक अपनी पहुंच बना चुका है और बाजारवाद के इस करिश्मे से आर्थिक जीवन का कोई पक्ष अछूता नहीं रह गया है। अब तो हम पचास पैसे के आलू चिप्स के लिए बीस रुपए अदा करने में शान का अनुभव करने लगे हैं क्योंकि बड़ी चतुराई के साथ एक नई परंपरा आई और हम विवश बने हुए नजर आने लगे। तमाशा यह कि हजारों बुनकरों को रोजगार देता भारतभूमि का "धोती" पहले ब्रांड की लपेट में आया और अंततः "ब्रासलेट" व "परमसुख" के झोंके से कहीं गुमनाम होता चला गया। गिनती गिनने चलें तो यह फेहरिस्त बड़ी लंबी होती चली जाएगी क्योंकि हम तथाकथित "ब्रांड" की ब्रांडिंग से बाहर निकलने के लिए तैयार ही नहीं हैं। इसके लिए प्रयास होने चाहिए थे और इसे दिशा देने के लिए पहल की अपेक्षा भी थी परन्तु दुर्भाग्यवश उदारीकरण के नाम पर इसे कहीं अधिक कारगर ढंग से गति दिए जाने का उपक्रम सामने आने लगा। ऐसा तब है जबकि विकसित राष्ट्र होने के बावजूद यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका जैसे देशों में ब्रांड के बजाय जेनेरिक दवाओं का उपयोग धड़ल्ले से किया जाता है। यह भारत के लिए कोई उदाहरण नहीं है क्योंकि देश की मानसिकता का पैमाना ब्रांड की जकड़नों से बुरी तरह से कसा हुआ है और हाल के कुछ वर्षों के दौरान किए जा रहे सरकारी प्रयासों के बावजूद ब्रांड के सामने यहां जेनेरिक दवाओं का स्तर दोयम दर्जे का बना हुआ है। भारत के लिए यह उदाहरण नहीं बन पा रहा है क्योंकि वस्तु की पहचान, उसकी गुणवत्ता, उसके अन्य सभी पक्ष न केवल उस "गोदरेज" में बंद हो चुका है जिसने न केवल आम लोगों के अचेतन को अपना गुलाम बना दिया है बल्कि "डालडा" के सामने देशी घी की महक को फीका करके रख दिया है। ऐसा तब है जब हम "अधर्म पर मौन रह, जो सिर्फ निहारे जाते हैं। भीष्म हों, द्रोण हों या हों कर्ण सब मारे जाते हैं।।" के आलोक में बाजार की बातों अबतक को समझते रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# विरोध का महात्म्य

व्यंग्य की बात



**महेन्द्र तिवारी**

कहते हैं कि जल में रहकर मगरमच्छ से बैर नहीं करना चाहिए। परंतु आज के समय में लगता है कि बिना बैर किए जीवन अधूरा है। विरोध न हो तो आदमी को नींद नहीं आती, और यदि नींद आ भी गई तो सपना ज़रूर ऐसा आता है कि कोई मंच पर खड़ा होकर ताली बजा-बजा कर नारे लगा रहा है-"हम विरोध करते हैं!" समय था जब 'निर्विरोध निर्वाचित' होना समाज में प्रतिष्ठा की बात मानी जाती थी। गाँव का सरपंच हो या नगर निगम का पार्षद-यदि बिना विरोध के चुन लिया जाए तो यह माना जाता था कि जनसमूह को उन पर पूर्ण भरोसा है। परंतु अब हालात उलट गए हैं। अब निर्विरोध को लोग 'संदिग्ध' मानते हैं। जैसे कोई कहे-"भाई साहब, फलाँ जी निर्विरोध चुने गए।" तो कानाफूसी शुरू-"लगता है कुछ सेटिंग-वेटिंग हुई है...वरना आजकल कौन इतना लोकप्रिय है कि कोई विरोध न करे!" जैसे सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों पर कोई आदेश दिया। अब आदेश चाहे कितना भी व्यावहारिक हो, मोहल्ले की समिति कहेगी-"हम इसका विरोध करते हैं, क्योंकि कुत्ते हमारे सांस्कृतिक धरोहर हैं। सुबह-सुबह उनके भौंकने से नींद खुलती है, यह अलार्म क्लॉक से सस्ता विकल्प है।" दूसरी समिति विरोध करेगी-"नहीं! ये आदेश बहुत ढीला है, हमें और कड़े प्रावधान चाहिए।" और जो तीसरी समिति है, उसका विरोध होगा-"आप लोग विरोध क्यों कर रहे हैं, हम इसका विरोध करते हैं।" अब आइए चुनावी विरोध पर। चुनाव आयोग जब कहता है-"विशेष गहन पुनरीक्षण होगा।" तो जनता सोचती है कि अब कुछ नाम कटेंगे, कुछ जुड़ेंगे। लेकिन उम्मीदवारों की सोच कुछ और होती है-"देखो, यह पुनरीक्षण भी किसी न किसी का वोट काटने के लिए है, हम विरोध करते हैं।" और यदि पुनरीक्षण न हो तो भी विरोध-"देखो, लोकतंत्र का अपमान हो रहा है, हम विरोध करते हैं।" विरोध की यह परंपरा चुनावों में अद्भुत रंग दिखाती है। पोस्टर लगे नहीं कि उधर से विरोध की गूंज उठती है-"पोस्टर ज़रा ऊँचा क्यों लगाया? यह अन्याय है।" अगर चुनावी सभा में चाय मिले तो विरोध-"यह तो वोटरों को रिझाने का षड्यंत्र है।" और अगर चाय न मिले तो भी विरोध-"जनता की बुनियादी ज़रूरतों की अनदेखी हुई है।" यानी चाय का प्याला भी लोकतंत्र की परीक्षा का प्रश्नपत्र बन गया है। कहा जाता है, "जो दिखता है वही बिकता है।" पर आज की राजनीति में कहावत है-"जो विरोध करता है वही दिखता है।" यदि आपने विरोध नहीं किया तो आप अस्तित्वहीन हैं। एक नए नेता को विरोध करना ही पड़ता है ताकि अख़बार में उसका नाम आ जाए। विरोध का फायदा यह है कि आपको अलग से विज्ञापन देने की आवश्यकता नहीं। बस किसी कार्यक्रम में जाकर नारा लगा दीजिए-"हमें यह मंजूर नहीं!" और अगले दिन आप 'नवोदित जननेता' घोषित। और शायद आने वाले समय में चुनाव भी विरोध के आधार पर ही होंगे। उम्मीदवार का प्रचार नारा कुछ ऐसा होगा-"आप हमें वोट दीजिए, हम हर चीज़ का विरोध करेंगे। चाहे आपको पसंद आए या न आए, हम विरोध सुनिश्चित करेंगे।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# आवारा नहीं हमारा है : कुत्तों पर बंट गया हिन्दुस्तान!

देश की बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**


गाजियाबाद के एक थाने में तैनात बाइक सवार 25 वर्षीय महिला उपनिरीक्षक रिचा शर्मा की बीते दिन बाइक के सामने कुत्ता आ गया हादसे में सिर डिवाइडर से टकराने से उनकी मौत हो गई। यूं तो कमोबेश पूरे देश में आवारा कुत्तों के उत्पात मचाने इंसानों को काटने की शिकायतों की भरमार हो गई है। अदालत के आदेश के बाद देश में समाज दो भाग में बंटा है एक ओर डॉग लवर्स हैं जो रोजाना प्रदर्शन कर रहे हैं दूसरे ओर आवारा कुत्तों से परेशान आमजन हैं। आपको पता रहे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर लगातार हो रहे आवारा कुत्तों के हमलों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बीते सोमवार 11 अगस्त को बेहद सख़्त निर्देश जारी किए. जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि हमें सड़कों को पूरी तरह से आवारा कुत्तों से मुक्त बनाना होगा, यह पहला और सबसे महत्वपूर्ण प्रयास होना चाहिए. अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नगर निकायों को तुरंत सभी इलाकों से कुत्तों को उठाने और उन्हें शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया।बीते बुधवार को कुत्तों के संबंध में अदालत के आदेश को लेकर पशु प्रेमियों की नाराजगी को देखते हुए स्वयं चीफ जस्टिस बी आर गवई ने इस मामले को स्वयं देखने की बात कही है। बीते गुरुवार को जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की तीन सदस्यीय बैंच न सुनवाई की कपिल सिब्बल और एसजी तुषार मेहता की दलील सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया. मामले की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों के कारण बच्चों की मौत हो रही है. उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को सुलझाने की जरूरत है, न कि इस पर विवाद करने की. कोई भी जानवरों से नफरत नहीं करता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक बड़ी टिप्पणी की. उन्होंने भरी अदालत में कहा कि चिकन-मटन खाने वाले आज एनिमल लवर बन गए हैं.नसबंदी और टीकाकरण से न तो रेबीज रुकता है और न ही बच्चों पर हमले. बच्चों की मौतें और विकृति अब भी जारी हैं। दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों को हटाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का विरोध पूरे देश में फैल गया है, और लखनऊ,



पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी और मुंबई जैसे शहरों में भी इसी तरह के प्रदर्शन हुए हैं।रामलीला मैदान के बाहर रविवार को पशुप्रेमियों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस बीच वे "आवारा नहीं हमारा है" जैसे नारे लगाते रहे। वे सुप्रीम कोर्ट के आवारा कुत्तों को एकत्र कर आश्रयस्थलों में रखने वाले आदेश का पुरजोर विरोध करने के लिए यहां एकजुट हुए थे। इस बीच वे बड़े ही आक्रोशित दिखे। उन्होंने कोर्ट के इस निर्णय को पारिस्थितिकी तंत्र पर हमला कहा। अब मीलार्ड के आदेश पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी और पशु हित रक्षक संगठन कड़ा ऐतराज जता रहे हैं। आपको बता दें कि अदालत के सामने आए आंकड़ों में बताया गया है कि दिल्ली में 10 लाख कुत्ते हैं, और पिछले बरस 68 हजार लोगों को कुत्तों ने काटा था। देश भर में कुत्तों की तादाद तेजी से बढ़ रही है और करीब पांच करोड़ तक पहुंच है। कमोबेश देश भर में आवारा कुत्तों के हमले में छोटे बच्चे रोजाना जान गंवा रहे हैं देश भर में कुत्ते रोजाना 25000 लोगों को काट रहे हैं यानी हर मिनट 415 लोग कुत्तों के शिकार बन जाते हैं जबकि दिल्ली में ही रोजाना 2000 से अधिक लोगों को कुत्ते काट लेते हैं। दुनिया में रैबीज से होने वाली मौतों में से 36प्रतिशत भारत में होती हैं। हाल ही में कुत्ते के काटने के बाद कबड्डी खिलाडी ब्रजेश सोलंकी की रैबीज से बेहद दर्दनाक मौत हो गई। यह मामला जानवरों और इंसानों के सहअस्तित्व का है। दसियों हजार बरस पहले इंसानों ने शायद एक जंगली नस्ल को पालकर उसे घरेलू और पालतू बनाया, और वह इंसान के सबसे वफादार प्राणी बन गए। लेकिन यह बात इंसानों के पाले हुए कुत्तों तक तो सीमित थी, जब सडक़ों पर बिना किसी घरवाले कुत्ते बढ़ने लगे, तो जाहिर है कि न तो उनका टीकाकरण हो सका, और न ही बधियाकरण। नतीजा यह निकला कि कुत्तों में पैदाइश के हर मौसम में आबादी बढ़ जाती है, और म्युनिसिपल किसी भी तरह उन पर काबू नहीं पा सकता। ऐसा इसलिए है क्योंकि पर्याप्त संख्या में कुत्तों के आश्रय स्थल बनाना असंभव है और कुत्तों को विस्थापित करने से कुत्तों के बीच क्षेत्र को लेकर झगड़े और भुखमरी जैसी समस्याएं पैदा होती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

क्यों शर्मिंदा से रहे , सुनकर उनका ज्ञान।
क्या क्या छोड़ोगे अभी, जिससे थी पहचान।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# वरिष्ठजन हैं अनुभव की विरासत एवं भविष्य की शक्ति

21 अगस्त : विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विशेष

अलग बात



**ललित गर्ग**

अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं। भारत जैसे देश में, जहां माता-पिता और बुजुर्गों को भगवान समान माना गया, जहां श्रीराम ने पिता की आज्ञा से राजपाट त्याग दिया और श्रवणकुमार ने अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थयात्रा कराई, वहां आज संतान और बुजुर्ग माता-पिता के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही हैं? क्यों वरिष्ठजन स्वयं को निरर्थक और अनुपयोगी समझने को विवश हैं? यह प्रश्न केवल परिवार के विघटन का नहीं है, यह नई पीढ़ी के संस्कार और समाज की आत्मा से भी जुड़ा है, यह नये समाज एवं नये राष्ट्र की आदर्श संरचना से भी जुड़ा है। वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए ताकत और सम्बल हुआ करते थे, वे जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम थे। उनकी सूझ-बूझ, अनुभव और ज्ञान की संपदा समाज के लिए अमूल्य थी। फिर भी क्यों हम उनकी उपेक्षा कर रहे हैं? क्यों उनके अनुभवों का उपयोग करने से कतराते हैं? इस विडंबना को समझने के लिए हमें यह मानना होगा कि उपेक्षा का यह गलत प्रवाह केवल बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच भावनात्मक दूरी और संवेदना की कमी को भी बढ़ा रहा है। यदि यह प्रवृत्ति इसी तरह बढ़ती रही तो परिवार और समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी से विमुख हो जाएंगे। नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद और संवेदनशीलता का सेतु टूट जाएगा और यह स्थिति किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वरिष्ठजनों को उनके अंतिम पड़ाव में मानसिक शांति और सम्मान का माहौल मिले, वृद्धजन को भार नहीं, आभार माने, वृद्धों को बंधन के रूप में नहीं, आत्मगौरव के रूप में स्वीकारें, वृद्धों की शाम उदासी नहीं, उमंग का माध्यम बने। वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवारों, मित्रों और संगठनों को प्रेरित करना है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जड़ें अमेरिका से जुड़ी हैं, जहां राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1988 में इस दिवस की शुरुआत की। तब से यह दिवस सीमाओं से परे फैल गया है और संयुक्त राष्ट्र सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन वृद्धावस्था की गरिमा और अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। इस दिवस की इस वर्ष की थीम है-"समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनाना"। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वरिष्ठजनों की बात ध्यान से सुनी जाए और परिवार, समुदाय और नीतिगत निर्णयों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह विषय एक कार्रवाई का आह्वान है कि उम्र कभी भी भागीदारी और नेतृत्व में बाधा नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठों को नेतृत्व के अवसर देना, उनकी कहानियां सुनना, उनकी सलाह लेना, उन्हें रचनात्मक दायित्व सौंपना, यही सच्चे सम्मान का मार्ग है। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पीढ़ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है। यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## मोती डूंगरी मंदिर

# दाहिनी सूंड वाले गणेश जी का धाम

**एजेंसी। जयपुर**

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के साथ गणेश उत्सव की शुरुआत हो जाएगी। देश में विघ्नविनाशक के कई ऐसे मंदिर हैं, जो उनसे जुड़े चमत्कार को बताते हैं। राजस्थान की 'गुलाबी नगरी' जयपुर में भी ऐसा ही एक अनोखा मंदिर है, जहां मोती की बूंद जैसी दिखने वाली पहाड़ी पर दाहिने सूंड वाले गणपति विराजमान हैं। जयपुर अपनी समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। इस शहर का मोती डूंगरी गणेश मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण के प्रमुख केंद्रों में से एक है। मोती की बूंद जैसी दिखने वाली पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर भगवान गणेश की दाहिनी सूंड वाली प्राचीन मूर्ति के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि इस मंदिर में भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है और बाधाओं का भी नाश होता है। गणेश उत्सव के मौके पर मंदिर में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटती है। राजस्थान पर्यटन विभाग के अनुसार, जयपुर में मोती डूंगरी गणेश मंदिर एक पवित्र और प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यह मंदिर एक छोटी पहाड़ी पर स्थित है, जिसे मोती डूंगरी कहा जाता है, क्योंकि यह मोती की बूंद जैसी दिखती है। इस पहाड़ी के चारों ओर जयपुर शहर बसा हुआ है। 18वीं शताब्दी में सेठ जय राम पालीवाल ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था।भगवान गणेश को स्वर्ण मुकुट और नौलखा हार पहनाया जाता है, साथ ही पंचामृत अभिषेक होता है। मंदिर में भगवान का मेहंदी से पूजन होता है, जिसे भक्तों में प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। मान्यता है कि जिन लोगों की शादी होने में बाधा आ रही हो, उनके लिए ये मेहंदी वरदान स्वरुप होती है।

मोती डूंगरी गणेश मंदिर जयपुर शहर के केंद्र से 6 किमी दूर एक छोटी पहाड़ी पर है। अगर आप हवाई जहाज से आ रहे हैं, तो जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सबसे पास है। वहीं, ट्रेन से यात्रा करने वालों के लिए गांधी नगर रेलवे स्टेशन मंदिर के सबसे करीब है।


● मोती की बूंद जैसी दिखने वाली पहाड़ी पर विराजमान गणपति

### मेवाड़ से जयपुर तक मूर्ति की अद्भुत यात्रा कथा

मंदिर के बारे में एक रोचक कथा भी मिलती है। किंवदंती है कि मेवाड़ के राजा एक लंबी यात्रा के बाद बैलगाड़ी में गणेश जी की विशाल मूर्ति लेकर लौट रहे थे। उन्होंने तय किया कि जहां गाड़ी रुकेगी, वहीं मंदिर बनाया जाएगा। बैलगाड़ी मोती डूंगरी की तलहटी में रुकी और यहीं 1761 में यह भव्य मंदिर स्थापित हुआ। मूर्ति, करीब 500 साल पुरानी मानी जाती है, मूर्ति मावली से उदयपुर और फिर जयपुर लाई गई थी। मोती डूंगरी गणेश मंदिर की संरचना और डिजाइन नागर शैली में है, जो उत्तर भारत की पारंपरिक मंदिर वास्तुकला है। साथ ही, इसका डिजाइन स्कॉटिश महल से प्रेरित है, जो इसे अनूठा बनाता है। मंदिर में तीन प्रवेश द्वार हैं और सामने कुछ सीढ़ियां हैं, जो भक्तों को गणेश जी की मूर्ति तक ले जाती हैं। इसका निर्माण चूना पत्थर और संगमरमर से हुआ है। यहां गणेश भगवान की मूर्ति दाहिनी सूंड वाली है, जिसे बहुत शुभ माना जाता है। हर बुधवार को यहां मेला लगता है, और गणेश चतुर्थी जैसे पर्व पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है।गणेश चतुर्थी, जो भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को शुरू होती है, मोती डूंगरी मंदिर में धूमधाम से मनाई जाती है। इस दौरान मंदिर को फूलों, रोशनी और झांकियों से सजाया जाता है। गणेश चतुर्थी, नवरात्रि, दीपावली और अन्य त्योहारों पर यहां विशेष आयोजन होते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# अहमदाबाद में छात्र की हत्या पर फूटा अभिभावकों का गुस्सा

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अहमदाबाद के स्कूल में हमले के दौरान घायल छात्र की मौत पर लोगों का गुस्सा फूटा है। सिंधी समाज के लोगों और छात्र के परिजनों में भारी आक्रोश है। बुधवार को बड़ी संख्या में लोग स्कूल पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने विरोध में कथित तौर पर स्कूल में तोड़फोड़ की। अहमदाबाद के खोखरा इलाके में सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट स्कूल में 19 अगस्त को घटना हुई। शुरुआत में दो बच्चों के बीच मामूली झगड़ा हुआ था। इसी दौरान, आठवीं के छात्र ने बहस के बाद दसवीं के छात्र को चाकू मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ था। अस्पताल में इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। इससे, स्कूल में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो गया, क्योंकि पीड़ित के रिश्तेदार और अन्य लोग परिसर में इकट्ठा हो गए। वे स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल पर लापरवाही का आरोप लगाया और 'न्याय' मिलने तक छात्र का शव लेने से इनकार कर दिया। अभिभावकों ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन तेज करते हुए सड़क को जाम कर दिया। गुस्साई भीड़ स्कूल के बाहर आकर सड़क पर बैठ गई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस भी स्कूल पहुंच गई। हालांकि, इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच काफी देर धक्कामुक्की हुई। गुस्साई भीड़ स्कूल में भी घुसी और स्कूल स्टाफ के साथ हाथापाई की गई। अभिभावकों ने मांग उठाई कि स्कूल प्रशासन और प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए। उन्होंने छात्र की हत्या के बाद स्कूल की मान्यता रद्द करने और बुलडोजर कार्रवाई करके संपत्ति को भी जब्त करने की मांग की।


स्कूल के बाहर भारी हंगामा

## मुख्तार अंसारी पर आ गया इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला

**एजेंसी। इलाहाबाद**



माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे और पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अंसारी की याचिका स्वीकार करते हुए मऊ स्थित एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट द्वारा सुनाई गई दो साल की जेल की सजा को रद्द कर दिया है। इस आदेश के साथ ही अब उनका विधायक का दर्जा बहाल हो जाएगा और मऊ सदर विधानसभा सीट पर उपचुनाव नहीं होगा। मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 31 मई, 2025 को उन्हें 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान दिए गए भड़काऊ भाषणों से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराया था और दो साल की कैद और 3,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसी सजा के आधार पर, 1 जून, 2025 को उनका विधायक पद समाप्त कर दिया गया था। जब मऊ के जिला न्यायाधीश ने 5 जुलाई को उनकी अपील खारिज कर दी, तो अब्बास ने इस आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, उच्च न्यायालय ने 30 जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने इस मामले में अब्बास अंसारी का प्रतिनिधित्व किया, जबकि महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा और अतिरिक्त महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दलीलें दीं और किसी भी राहत का कड़ा विरोध किया।

### यूपी में बदला शहर का नाम, केंद्र ने लगाई मुहर

## जलालाबाद नहीं, अब परशुरामपुरी कहिए

**उत्तर प्रदेश।** के शाहजहाँपुर ज़िले के जलालाबाद का नाम बदलने को लेकर गृह मंत्रालय ने मंज़ूरी दे दी है। जानकारी के अनुसार, जलालाबाद का नाम अब बदलकर परशुरामपुरी कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इस आशय की जानकारी दी है। मंत्रालय की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को मिले पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार को शहर जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी करने पर कोई आपत्ति नहीं है।शाहजहाँपुर जिले के जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी करने की गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद, केंद्रीय मंत्री और पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट के ज़रिए आभार व्यक्त किया। प्रसाद ने नाम परिवर्तन की अनुमति देने के लिए गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की हार्दिक सराहना की। सनातनी समाज के लिए इसे गौरव का क्षण बताते हुए, प्रसाद ने कहा कि इस निर्णय से भगवान परशुराम के भक्तों को सम्मान और आनंद की अनुभूति हुई है।

# क्या चुनाव आयोग पर हमला उलटा पड़ा जनता को क्या जवाब देगी कांग्रेस ?

### सीएसडीएस ने गलती की थी या सुनियोजित रणनीति थी?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाएं केवल चुनाव नहीं करातीं, बल्कि वह राजनीतिक दलों और मतदाताओं के बीच विश्वास का सेतु भी होती हैं। जब इन संस्थाओं की विश्वसनीयता पर हमला होता है तो उसका असर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर पड़ता है। कांग्रेस ने सीएसडीएस द्वारा जारी किए गए गलत आंकड़ों के आधार पर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। यह घटना केवल एक "डेटा एरर" नहीं थी, बल्कि इसके राजनीतिक और संस्थागत निहितार्थ गंभीर हैं। भारत का चुनाव आयोग दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का प्रहरी है। यदि उस पर बार-बार हमले होते हैं तो मतदाताओं के मन में यह संदेश जाता है कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष नहीं हैं। यह लोकतंत्र में विश्वास को कमजोर करने वाला कारक है। जहां तक पूरे घटनाक्रम की बात है तो आपको बता दें कि 18 अगस्त को कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक्स पर एक ग्राफिक पोस्ट करते हुए भारत निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। उनके अनुसार 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच महज़ छह महीने की अवधि में कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में असामान्य गिरावट और वृद्धि दर्ज की गई थी। उन्होंने दावा किया था कि रामटेक और देवळाली में लगभग 40% मतदाता हटा दिए गए थे जबकि नासिक वेस्ट और हिंगना में मतदाताओं की संख्या में 45% की वृद्धि हुई थी। व्यंग्य करते हुए उन्होंने लिखा था– "अब अगली बार वे कहेंगे कि 2+2 = 420। बहरहाल, पवन खेड़ा और संजय कुमार के बयानों से शुरू हुआ यह विवाद केवल आंकड़ों की ग़लत व्याख्या तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने शोध संस्थानों की विश्वसनीयता, चुनाव आयोग की साख और राजनीतिक दलों की रणनीति– तीनों को केंद्र में ला खड़ा किया है।

### नासिक वेस्ट में मतदाता वृद्धि पर सवाल

यह आंकड़े लोकनीति-सीएसडीएस के प्रोफेसर संजय कुमार द्वारा दिए गए थे। लेकिन मात्र 48 घंटों में यह पूरा दावा धराशायी हो गया और संजय कुमार को सार्वजनिक माफी माँगनी पड़ी। हम आपको बता दें कि 17 अगस्त को संजय कुमार ने नासिक वेस्ट और हिंगना के उदाहरण देते हुए कहा था कि वहाँ विधानसभा मतदाता संख्या लोकसभा के मुकाबले अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। नासिक वेस्ट में उन्होंने वृद्धि को 47% बताया था। हिंगना में उन्होंने वृद्धि को 43% बताया था। इन संख्याओं को कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने के लिए तुरंत इस्तेमाल किया।





### डेटा टीम की गलती से फैली भ्रामक जानकारी

लेकिन 19 अगस्त को संजय कुमार ने अपनी पोस्ट डिलीट कर माफी मांगी। उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी "डेटा टीम ने गलत पंक्तियाँ पढ़ लीं" और इसी कारण संख्याएँ बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत हो गईं। उन्होंने कहा कि उनका मकसद ग़लत सूचना फैलाना नहीं था। हम आपको बता दें कि आधिकारिक आँकड़ों के मुताबिक वास्तविकता में मतदाताओं की वृद्धि 3 से 6% के बीच थी जबकि उसमें 45% वृद्धि की बात फैलाई जा रही थी।

### चुनाव संबंधी आंकड़ों की संवेदनशीलता को समझना जरूरी है

इसके अलावा, चूंकि सीएसडीएस को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीएसडीएस) से फंडिंग मिलती है, इसलिए सीएसएसआर ने भी इस घटना पर संज्ञान लिया। सीएसएसआर ने कहा कि यह अनुदान नियमों का उल्लंघन है और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता को कमजोर करने की कोशिश है। सीएसएसआर ने सीएसडीएस को शो-कॉज़ नोटिस जारी करने की घोषणा की है। देखा जाये तो यह पूरा प्रकरण हमें कई अहम सबक देता है। एक सबक यह है कि चुनाव से जुड़े आँकड़े अत्यंत संवेदनशील होते हैं। एक गंभीर विश्लेषक को इन्हें प्रकाशित करने से पहले कई बार जांचना चाहिए। दूसरा- जैसे ही संजय कुमार ने पोस्ट किया, वैसे ही कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग पर हमला कर दिया इससे संदेह होता है कि क्या कांग्रेस को पहले से पता था कि संजय कुमार क्या पोस्ट

## देश को पुलिस राज बनाना चाहती है भाजपा : ओवैसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रही है। इसी बीच, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को इस कदम को असंवैधानिक करार दिया और भाजपा सरकार पर देश को पुलिस राज में बदलने का आरोप लगाया।

## आप जितना अधिक अराजकता फैलाएंगे, जनता आपको उतना ही नकारेगी : किरेन रिजिजू

**बिहार।** में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के बाद बुधवार को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही लंबे समय तक स्थगित रही। विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) आलोचनाओं का सामना कर रहा है। विपक्षी सांसदों ने 2024 के लोकसभा चुनाव और बिहार एसआईआर में वोट चोरी का आरोप लगाया है।


**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में निजी क्षेत्र के तथा बन्दोबस्त सरकारी तालाबों के मत्स्य पालन से अच्छादन हेतु मत्स्य विभाग, लोहरदगा के द्वारा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य पालकों, जिनके पास 1.00 एकड़ या उससे बड़े जलक्षेत्र के सदाबहार तालाब है पर स्थानिय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में 50 प्रतिशत या अधिकतम 1875/– रू0 प्रति एकड़ (लगभग 5000 बीज प्रति एकड़) के दर से अनुदान देने की योजना है। जिला मत्स्य कार्यालय से सबंद्ध मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिका क्रय किया जाएगा। विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्ष में झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड से फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी। विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादकों एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा।

इस योजना का लाभ लेने हेतु अपने तालाबों की सूची नाम, पता मोबाईल नं0 तालाब का क्षेत्रफल के साथ तालाब की Geo-tagged फोटो (Latitude-Longitude संहित) एवं मत्स्य पालन प्रशिक्षण पत्र का स्व0 अभि प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। मत्स्य पालक का चयन सुरक्षित जमा निर्धारण समिति से होने के उपरान्त ही उक्त लाभ देय होगा। आवेदन कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **19.09.2025** समय **5:00** अपराहन तक निर्धारित है। जिला मत्स्य कार्यालय लोहरदगा में कार्यालय कार्य अवधि में आवेदन निःशुल्क उपलब्ध है।

यह योजना **पहले आओ–पहले पाओं** के तर्ज पर आधारित है।

**नोटः**– आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से कार्यालय अवधि में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है एवं Block Chain Technology के प्रावधान के तहत आवेदन स्वीकार्य किया जाएगा (यदि लागु हो तो)।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR.NO.359917 Lohardaga(25-26):D


## कुत्तों का प्रेमी था सीएम रेखा गुप्ता पर हमला करने वाला व्यक्ति

### सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश से था परेशान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बुधवार को एक जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला करने वाले व्यक्ति की पहचान गुजरात के राजकोट निवासी 41 वर्षीय राजेश खिमजी के रूप में हुई है। उनके परिवार का दावा है कि वह कुत्तों से बहुत प्यार करते हैं और सुप्रीम कोर्ट के उस हालिया आदेश से परेशान थे जिसमें दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय स्थलों में भेजने का निर्देश दिया गया था। खिमजी की मां भानु ने संवाददाताओं को बताया कि फैसले पर उनके गुस्से ने ही उसे दिल्ली आने और मुख्यमंत्री से भिड़ने के लिए प्रेरित किया होगा। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे को कुत्ते बहुत पसंद हैं। सुप्रीम कोर्ट के आवारा कुत्तों के ख़िलाफ़ दिए गए आदेश के बाद वो नाराज़ हो गया था।

## आज का राशिफल

**मेष :** इस राशि वालों के लिए आज का दिन खुशहाल बना रहेगा। आज आप किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में जिससे आप अच्छा लाभ कमाएंगे नवविवाहित दंपत्ति को आज जीवनसाथी से गिफ्ट मिलेगा, जिससे आपको ख़ुशी होगी। आज आप खुद को फिट और ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज इलेक्ट्रॉनिक्स के बिजनेस में आपको अच्छा धन लाभ होगा, आप कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार कर सकते हैं। इस राशि के शिक्षको का ट्रांसफर उनकी मनपसंद जगह पर हो जायेगा। जॉब के लिए प्रयासरत युवाओं को अपनी तलाश जारी रखने की जरूरत है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको मनपसंद चीज प्राप्त होगी, जिससे आपको ख़ुशी होगी। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आज लवमेट अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, घरवाले आपके रिश्ते की बात को आगे बढ़ा सकते हैं।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज नए बिजनेस को शुरू करने का विचार आपको उत्साहित करेगा। आज आप परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते है। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन आज ख़त्म हो जाएंगी, जीवनसाथी खुश होने की वजह देंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज करीबी दोस्त की वजह से आपको जॉब मिलेगी, इससे आपकी दोस्ती और गहरी होगी। आज कार्यक्षेत्र में बाहरी सलाह से अच्छा है, आप घरवालों की बात को समझे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप फर्नीचर का सामान खरीद सकते हैं, जिससे घर की रौनक बढ़ जाएगी। आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें भाई का पूरा सहयोग मिलेगा। आज बच्चे आपसे मन की बात शेयर करेंगे, आप उनकी बातों को ध्यान से सुनें और प्यार से समझाएं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आप कॉस्मेटिक प्रोडक्ट को ऑनलाइन वेबसाइट पर लांच करेंगे, जिससे आपको अच्छा लाभ होगा। आज ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपको कोई नया टारगेट दे सकते हैं। आज आप जीवनसाथी के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए अच्छा बना रहेगा। आज आप अधिकतर कार्यों को पूरा कर लेंगे, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप किसी संस्था के साथ जुड़कर जरूरतमंदों की मदद करेंगे, जिससे उनके जीवन में बदलाव आएगा। आज घर में बड़े बुजुर्गों की सेहत का ध्यान देने की अवश्यकता है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने दोस्त की मदद से रुके हुए प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे। आज आपको बिजनेस डील में बड़ा धन लाभ होगा। आज ऑफिस में आपकी मुलाकात कुछ नए लोगों से होगी, जिनसे मिलकर आपको ख़ुशी होगी। लम्बे समय से चल रही किसी स्वास्थ्य समस्या आज आपको मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आप ऑफिस में कई दिनों से रुका कार्य आज समय से पूरा कर लेंगे। आज घर में किसी खास रिश्तेदार के आगमन से ख़ुशी का माहौल बनेगा। ट्रांसपोर्ट के कारोबारियों को अच्छा लाभ होगा, जिससे आपके मन को संतुष्टि मिलेगी।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आपको अचानक धन की प्राप्ति होगी, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। आज कार्यक्षेत्र में बड़ों की सलाह लेना आपको व्यापार में अच्छा लाभ दिलाएगी। आज किसी अच्छी कंपनी से आपके लिए जॉब का प्रस्ताव आ सकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आप अपने सभी जरूरी कार्यों को समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आप अन्य कार्यों के लिए भी समय निकाल सकें। आज आप क्रेडिट कार्ड के फिजूल खर्चों से बचेंगे तो आप आर्थिक उलझन से बच जायेंगे। इस राशि के वकील आज किसी क्लाइंट के केस को जीतने में सफल रहेंगे।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

विज्ञापन संख्या– 17/2025–26(2nd Call)

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक 328 (ADM) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में लातेहार जिले के वार्ड विकास केन्द्र एवं सामुदायिक भवन में 15वें वित आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Ayushman Arogya Mandir के संचालन हेतु प्रतिदिन अधारित विशेषज्ञ चिकित्सकों यथा (Medicine, Obstetrics & Gynecology, Pediatrics, Ophthalmology, Dermatology, Psychiatry, Dentist, Optometrist, Physiotherapist) की सेवा प्राप्त किया जाना है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 29.08.2025 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in interviiew निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकितसकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | विशेषज्ञ चिकित्सक का विवरण | Medicine, Obstetrics & Gynecology, Pediatrics, Ophthalmology, Dermatology, Psychiatry, Optometrist, Physiotherapist |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से संबंधित चिकित्सक की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 2500/– (दो हजार पॉच सौ रू0 मात्र) प्रतिदिन |
| 05 | कुल रिक्तियां | सभी पदो के लिए 02 (दो) अनारक्षित–01, आरक्षित –01 |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वार भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस चिकित्सक के अनुसार निर्धारित की जायेगी। | |

दिनांक 29.08.2025 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 359915 Urban Development(25-26)#D



**झारखण्ड, सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग),**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा**

–: "मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना" के चयनित लाभुकों के लिए आम सूचना:–

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा द्वारा संचालित दो, पाँच एवं दस दुधारू गाय/भैंस की योजना के तहत् वैसे सभी लाभार्थी, जिनके द्वारा प्रथम चरण में दुधारू गाय/भैंस का क्रय कर लिया गया है, उन्हें यह निर्देश दिया जाता है कि द्वितीय चरण अनुदान राशि की दावेदारी सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित कार्रवाई करें:–

1. चयनित लाभार्थी द्वारा प्रथम चरण में क्रय की गई दुधारू गाय का वर्तमान जियोटैग फोटो।
2. योजनानुसार लाभुक अंशदान की राशि अपने बैंक खाते में जमा करें।
3. अद्यतन बैंक पासबुक की छाया प्रति अथवा लाभुक अंशदान की जमा रसीद की प्रति

उपरोक्त सभी दस्तावेज प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा में यथाशीघ्र जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिसके पश्चात् द्वितीय चरण की सरकारी अनुदान राशि लाभार्थी के बैंक खाते में DBT के माध्यम से हस्तान्तरित करने की कार्रवाई की जाएगी।

चयनित लाभुकों द्वारा उपरोक्त निर्धारित तिथि तक लाभुक अंशदान राशि एवं प्रथम चरण की गाय का फोटो कार्यालय में ससमय जमा नहीं करने पर आपकी अनिच्छा को समझा जाएगा जिसके कारण आपकी द्वितीय चरण की दावेदारी स्वतः रद्द समझी जायेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

द्वितीय चरण में लाभुक अंशदान राशि की विवरणी निम्नवत् है :–

| क0सं0 | योजना का नाम | अनुदान प्रतिशत | द्वितीय चरण लाभुक अंशदान की राशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 1 | दो गाय/भैंस की योजना | 75 प्रतिशत | 16,725/- |
| | | 90 प्रतिशत | 6,690/- |
| 2 | पाँच गाय/भैंस की योजना | 50 प्रतिशत | 66900/- |
| | | 75 प्रतिशत | 33450/- |
| 3 | दस गाय/भैंस की योजना | 50 प्रतिशत | 167250/- |
| | | 75 प्रतिशत | 83625/- |

PR 359933 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26).D

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,गढ़वा

# अमेरिका 3236 लाख करोड़ के कर्ज में डूबा, बढ़ी आर्थिक चिंता

## दुनिया को हिलाने चले ट्रंप को ले डूबा टैरिफ बम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

डोनाल्ड ट्रंप भारत पर टैरिफ लगा रहे हैं। रूस से तेल क्यों लेते हो ये कहकर आंखें दिखा रहे हैं। नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे हैं। नोबेल शांति पुरस्कार चाहिए और इसके लिए वो कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। वो जल्दी में कुछ ऐसा करना चाहते हैं कि अमेरिका के लोग और पूरी दुनिया के लोग ये मान लें कि वो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हैं और उन जैसा अमेरिका का कोई राष्ट्रपति कभी हुआ नहीं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया पर टैरिफ बम गिराकर उसे हिलाने का सपना देख रहे हैं। अमेरिका जिसकी अर्थव्यवस्था दुनिया में नंबर वन पर है। लेकिन हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। अमेरिका सुपरपावर होकर भी बुरे आर्थिक जाल में फंसा हुआ है। अपने ही बोझ तले दबा हुआ है। वो बोझ कर्ज का है। दुनिया को धौंस दिखाने वाला अमेरिका आज खुद अपने कर्ज के बोझ तले बुरी तरह कराह रहा है। ट्रंप तेजी से उभरते देशों की अर्थव्यवस्था को डगमगाने की पूरी कोशिश में लगे हैं। आज उन्हीं का देश कर्ज के मकड़जाल में बुरी तरह फंस गया है। दरअसल, अमेरिका की 30 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी और उससे भी कहीं ज्यादा 37 ट्रिलियन डॉलर का राष्ट्रीय कर्ज है। इसे अगर भारतीय रुपये में बदलकर देखें तो करीब 3 हजार 236 लाख करोड़ रुपए बैठ रहा है। यानी हर अमेरिकी नागरिक के सिर पर लगभग 1 लाख डॉलर भारतीय रुपए में 87 लाख रुपए से ज्यादा का बोझ है। इस हालात में भी डोनाल्ड ट्रंप उभरते देशों पर टैरिफ लगाकर उन्हें झुकाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन असलियत यही है कि जिन देशों को ट्रंप टैरिफ लगाकर गिराने का प्रयास कर रहे हैं वहीं देश अपनी स्थिरता के दम पर खुद आगे भी बढ़ रहे हैं।



### अमेरिका और ट्रंप की आर्थिक नीतियां

- डोनाल्ड ट्रंप भारत पर टैरिफ लगा रहे हैं और रूस से तेल खरीदने पर आपत्ति जता रहे हैं।
- वह नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए दुनिया को यह दिखाना चाहते हैं कि वही सबसे शक्तिशाली नेता हैं।
- नोबेल शांति पुरस्कार पाने की महत्वाकांक्षा के चलते वह किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

### अमेरिका की वास्तविक आर्थिक स्थिति

- अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद कर्ज में बुरी तरह फंसा है।
- अमेरिका की जीडीपी 30 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि राष्ट्रीय कर्ज 37 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

### ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिकी कर्ज 37 ट्रिलियन डॉलर पार

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी के अंत में पदभार संभाला और तब से उन्होंने कई उपायों, नीतियों और नियमों की घोषणा की है जिनका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। हालांकि, वित्तीय बाजार ने ट्रंप शासन के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। व्यापक बाजार प्रदर्शन का मापक, एसएंडपी 500 सूचकांक पिछले सप्ताह रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया था, लेकिन उसके बाद से अपने उच्चतम स्तर से नीचे आ गया है। तकनीक-केंद्रित नैस्डैक 100 इंडेक्स को ट्रैक करने वाला एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड इन्वेस्को क्यूक्यूक्यू ट्रस्ट और एसपीडीआर एस एंड पी ईटीएफ इस साल क्रमश: 11.65% और 9.89% ऊपर हैं। स्टॉकट्विट्स पर, क्यूक्यूक्यू ईटीएफ के प्रति रुझान एक दिन पहले के 'मंदी' से मंगलवार देर रात तक 'बेहद मंदी' (24/100) हो गया। स्ट्रीम पर संदेशों की मात्रा 'सामान्य' बनी हुई है। इस बीच, स्पाई ईटीएफ ने 'मंदी' की धारणा (34/100) और साथ ही 'कम' संदेशों की मात्रा प्रदर्शित की। सीआरएफबी का अनुमान है कि अगले दशक में राष्ट्रीय ऋण पर शुद्ध ब्याज भुगतान 14 ट्रिलियन डॉलर होगा, जो 2025 में लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2035 में 1.8 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा।

**500 अंक का रिकॉर्ड स्तर छूकर लौटा एसएंडपी सूचकांक**

## भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर पहुंचे मॉस्को, अज्ञात सैनिक की समाधि पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मॉस्को स्थित अज्ञात सैनिक के मकबरे पर श्रद्धांजलि अर्पित की। ऐतिहासिक स्मारक पर यह श्रद्धांजलि उनकी रूस यात्रा के दौरान दी गई। अपनी यात्रा के व्यापक कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि उन्हें रूस के प्रमुख विद्वानों और थिंक टैंक के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करके खुशी हुई, जहाँ उन्होंने भारत-रूस संबंधों और व्यापक वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

**इंडिया-चाईना बीग डील**

## भारत-चीन में हुई ऐसी डील ट्रंप समेत हिल गए 32 देश!



**नई दिल्ली ।** व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमीर जेलेंस्की रूस यूक्रेन युद्ध को रुकवाने के लिए कुछ भी कर गुजर जाने को तैयार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिले। इस मुलाकात में सबसे खास बात ये रही कि जेलेंस्की अपने साथ यूरोपीय देशों के बड़े नेताओं को लेकर ट्रंप से मुलाकात करने पहुंचे थे। ट्रंप पुतिन की अलास्का में हुई महामुलाकात के बाद ये बैठक हो रही थी और पूरी दुनिया की निगाहें इसी ओर टिकी थी। लेकिन जेलेंस्की और ट्रंप की मुलाकात के बीच भारत ने एक ऐसा धमाका कर दिया, जिससे पूरी दुनिचा चौंक गई।

## चीन के वैज्ञानिक ने मां रोबोट बनाए जो बच्चा पैदा करेगी

**ब्यूरो**



**अगले वर्ष तक लांच हो जाएगी मां रोबोट, दाम 12 से 15 लाख रुपए होगा**

**चीन की टेक कंपनी 'कैवा' इसमें है आगे**

**नई दिल्ली।** अब उन लोगों की बच्चा पैदा करने की इच्छा पूरी हो सकती है , जो गर्भ धारण करने की शारीरिक व मानसिक तनाव , परेशानी वाली प्रक्रिया से नहीं गुजरना चाहते या आईवीएफ व सरोगेसी के झमेले में भी नहीं पड़ना चाहते। या जो शादी नहीं करना चाहते हैं , लेकिन अपना एक बच्चा किसी महिला से नहीं बल्कि मशीन के गर्भ में पला व पैदा हुआ चाहते हैं।या जो शादी नहीं कर रहे हैं या शादी करने के बाद नेता या साधु बनने के चक्कर या और किसी चक्कर में पत्नी को छोड़ दे रहे हैं, या जिनकी पत्नी किसी कारण से गर्भ धारण करने की स्थिति में नहीं है या जिनकी शादी रिश्तेदार या कोई परिचित बिना बताए किसी ऐसी लड़की से करा देते हैं जो मानसिक या अन्य गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। इसके अलावा भी अन्य कई कारण हो सकते हैं। वैसे तो बच्चा पैदा करने वाले रोबोट पर काम धनी व उन्नत इंजीनियरिंग वाले कई देश कर रहे हैं , लेकिन विश्व के टाप लेवल के एआई, रोबोटिक , कंप्यूटर इंजीनियर की बहुतायत होने व शोध में अकूत धन लगाने के चलते चीन इसमें बाजी मार रहा है। वह इसमें अन्य देशों से फिलहाल आगे है। वही चीन अब 9 महीने की ममता, दर्द और इंतजार के बाद एक नया जीवन इस दुनिया में आने की परंपरा को बदलने के दरवाजे पर पहुंच गया है। बच्चे को जन्म देने का जो काम मां करती थी वह काम चीन में बना ये रोबोट करेगा। इस तरह अब भविष्य में इंसान के जीवन की शुरुआत मशीनों की गोद से भी हो सकती है।चीन की जिस टेक कंपनी में इस तकनीक पर काम चल रहा है , उसका नाम है 'कैवा'(केएआईवीए)। जिसमें रोबोट स्वयं इंसानों की तरह गर्भवती होंगे और बच्चे को जन्म देंगे। इस बारे में चीन की कंपनी के अनुसार इस रोबोट में एक खास इन्क्यूबेशन पॉड होगा, जो महिला के गर्भ जैसा माहौल तैयार करेगा। ऐसे में बच्चा पूरी तरह से मशीन के अंदर विकसित होगा। इस पूरे सिस्टम को इंसानी हार्मोन, तापमान व पोषण के अनुसार बनाया जा रहा है।यह होने पर ये तकनीक उन लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी हो सकती है जो बच्चा तो चाहते हैं, लेकिन गर्भावस्था की शारीरिक या मानसिक प्रक्रिया से नहीं गुजरना चाहते।आईवीएफ व सरोगेसी से अलहदा यहां सब कंट्रोल मशीन करेगा।कुछ लोग इसे विज्ञान का नया चमत्कार मान रहे हैं, लेकिन तमाम लोग चिता व्यक्त कर रहे हैं कि यदि रोबोट बच्चे पैदा करने लगेंगे तो मानव में मातृत्व का भाव कैसे आएगा? जो भी हो यह मां रोबोट अगले आठ से दस माह में बाजार में आ सकता है। इस रोबोट मां की कीमत लगभग 12 से 15 लाख तक हो सकती है।

## सीईसी व अन्य आयुक्तों को बचाता है 2023 का कानून

**पद पर रहते हुए लिए गए निर्णयों के लिए किसी भी कानूनी कार्रवाई से छूट प्रदान करती है**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने धमकी दी है कि यदि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' सत्ता में आया तो वे मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग चलाएंगे और दोनों चुनाव आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। लेकिन मोदी सरकार ने 2023 में एक क़ानून बनाकर इसे इतना जटिल बना दिया है कि बिना मोदी सरकार के चाहने के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार गुप्ता को हटाया ही नहीं जा सकता।

ऐसे में देखते हैं कि क्या ज्ञानेश कुमार गुप्ता को मुख्य चुनाव आयुक्त पद पर रहते हुए उनके द्वारा लिए गए निर्णयों के लिए उनके खिलाफ अदालती कार्यवाही की जा सकती है? मोदी सरकार द्वारा 2023 में बनाया जो नियम है उसके




अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 की धारा 16 मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों को पद पर रहते हुए लिए गए निर्णयों के लिए किसी भी कानूनी कार्रवाई से छूट प्रदान करती है। इसके मुताबिक, कोई भी न्यायालय अब ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कोई दीवानी या फौजदारी कार्रवाई स्वीकार नहीं करेगा और न ही उसे आगे बढ़ाएगा, जो वर्तमान या पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या निर्वाचन आयुक्त (ईसी) रहा हो, यदि वह कार्रवाई उसके द्वारा अपने आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान किए गए किसी कार्य, कथन या निर्णय से संबंधित हो।लोक सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि जब विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' सत्ता में आएगा तो बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए वोट चोरी के आरोपों को लेकर ज्ञानेश कुमार और दोनों निर्वाचन आयुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राहुल गांधी ने यह ऐसे समय में कहा है जब हाल में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने उन्हें वोट चोरी के अपने दावे के समर्थन में हस्ताक्षरित हलफनामा प्रस्तुत करने के लिए सात दिन का अल्टीमेटम दिया था और कहा था कि अन्यथा उनके आरोपों को अमान्य माना जाएगा।

अधिनियम की धारा 11(1) के अनुसार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त या निर्वाचन आयुक्त किसी भी समय राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लिखित पत्र द्वारा अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। धारा 11(2) में कहा गया है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त को उनके पद से तब तक नहीं हटाया जा सकता, जब तक कि उन्हें हटाने की प्रक्रिया और आधार वही न हों, जो उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए निर्धारित हैं। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को केवल संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित प्रस्ताव के माध्यम से ही हटाया जा सकता है। राज्यसभा के 50 सदस्यों या लोकसभा के 100 सदस्यों द्वारा समर्थित प्रस्ताव को संसद में प्रस्तुत किया जाना चाहिए तथा सदन द्वारा उपस्थित सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से पारित किया जाना चाहिए। कानून कहता है कि अन्य निर्वाचन आयुक्तों को मुख्य निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश के अलावा पद से नहीं हटाया जा सकता।

## एप्पल ला सकता है आईफोन चिप वाला 52,000 रुपए का मैकबुक

**यह एम4 मैकबुक एयर की तुलना में धीमा होगा**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अभी भी मैकबुक एयर एम4 छात्रों व आम उपभोक्ता के लिए चहेता लैपटॉप है। एप्पल के मैकबुक एयर के आस-पास भी कोई नहीं है, हालांकि, 99,900 रुपये से शुरू होने वाला यह लैपटॉप बिल्कुल किफायती नहीं है, जिसके कारण इसकी कीमत तमाम खरीदारों को इससे दूर रखती है।अब खबर आ रही है कि एक नया मैकबुक आने वाला है उसकी शुरुआती कीमत लगभग 61,113 रुपए या छात्रों को छूट के साथ लगभग 52,370 रुपये होगी। यह होने पर यह पहली बार होगा जब कंपनी 999 डॉलर से कम कीमत में मैकबुक पेश करेगी। इसके उत्पादन की शुरुआत अगले माह होने की खबर है, और साल के अंत तक बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू होने की संभावना है।एप्पल के विश्लेषक मिंग-ची कुओ ने पहले दावा किया था कि क्यूपर्टिनो विशेष रूप से विकासशील बाजारों के लिए डिजाइन किया गया एक बजट मैकबुक विकसित कर रहा है। इस एंट्री-लेवल नोटबुक में 12.9 इंच की स्क्रीन होगी, जो 13.6 इंच वाले मैकबुक एयर से थोड़ी छोटी होगी। खास बात यह है कि एम-सीरीज चिप का इस्तेमाल इस लैपटॉप में नहीं होगा, बल्कि यह ए18 प्रो से लैस होगा। एप्पल इंटेलिजेंस को सपोर्ट भी करेगा, लेकिन एम4 मैकबुक एयर की तुलना में यह धीमा जरूर होगा।वैसे तो कई वर्षों से कम कीमत वाले मैकबुक की चर्चा होती रही है, लेकिन एप्पल ने इसे कभी मार्केट में नहीं उतारा, कहा जाता है कि इससे आईपैड की बिक्री कम होने की संभावना है। और 599 डॉलर वाला मैकबुक , मैकबुक एयर की बिक्री को भी प्रभावित कर सकता है, जहां उपभोक्ताओं के पास चुनने के लिए एक अतिरिक्त विकल्प होगा। कुल मिलाकर, 599 डॉलर वाले मैकबुक के पीछे का उद्देश्य विंडोज लैपटॉप से कुछ बाजार हिस्सेदारी हासिल करना हो सकता है।




**व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने कहा-**

## अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए लगाए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ख़ास व व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लीविट ने मंगलवार की रात को कहा कि रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। इससे पहले तक ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पेनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प ने भारत पर अब तक 50% टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इसमें 25% रेसिप्रोकल या जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25% पेनल्टी है। जैसे को तैसा टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी। लीविट के अनुसार इसका उद्देश्य रूस को युद्ध खत्म करने पर मजबूर करने के लिए दूसरा प्रेशर डालना है। मालूम हो कि ट्रंप ने भारतीय समय के अनुसार सोमवार देर रात व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रंप ने इस बातचीत को सफल बताया। वहीं जेलेंस्की ने कहा कि यह अब तक की उनकी सबसे अच्छी बातचीत रही।हालांकि, इस दौरान रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। बैठक में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा हुई। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे। इस दौरान ट्रंप ने मीटिंग रोककर रूस के राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर लगभग 40 मिनट बात की। इस दौरान पुतिन ने रूस व यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। आगे 15 दिन के भीतर बातचीत होने की संभावना है। उ बैठक के बाद जेलेंस्की ने मीडिया को बताया कि यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले यूरोप के पैसों से 90 अरब डॉलर (करीब 8 लाख करोड़ रुपए) के अमेरिकी हथियार खरीदेगा। यानि इसमें भी अमेरिका को भारी लाभ व धंधा।

**इससे यूक्रेन जंग रोकने में मदद मिलेगी**



## अमेरिका में नहीं मिलेंगे पुतिन-जेलेंस्की, मीटिंग के लिए चुना गया ये लोकेशन!

**नई दिल्ली ।** ट्रंप और जेलेंस्की की मुलाकात के बाद अब फाइनल मुलाकात का वक्त आ गया है। उस मुलाकात का जो आखिरकार इस युद्ध की समाप्ति की तरफ पहला कदम होगा। दरअसल, अब इंतजार पुतिन और जेलेंस्की के मिलने का है। लेकिन ये दोनों नेता कहां मिलेंगे इसे लेकर अब तक कोई साफ जानकारी निकलकर सामने नहीं आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस युद्ध को रोकने के लिए कितनी तेजी दिखा रहे हैं, इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि महज एक हफ्ते के अंदर एक के बाद एक बड़े नेताओं के साथ बैठकों का सिलसिला लगातार जारी है। अगले 15 दिनों के अंदर पुतिन और जेलेंस्की की मुलाकात होगी। अब खबर है कि ये मुलाकात न तो अमेरिका में होगी न रूस में और न ही यूक्रेन में होगी।

**कहानी फिल्म जगत की**

## भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह की बढ़ी मुश्किलें धोखाधड़ी मामले में दर्ज होगी एफआईआर

**अदालत का आदेश**

**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय की अदालत ने व्यवसायी विशाल सिंह की याचिका पर 13 अगस्त को आदेश पारित किया**



वाराणसी की एक अदालत ने एक स्थानीय होटल व्यवसायी की शिकायत पर कैंटोनमेंट थाने को भोजपुरी फिल्म अभिनेता-गायक पवन सिंह और तीन अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय की अदालत ने व्यवसायी विशाल सिंह की याचिका पर सुनवाई के बाद 13 अगस्त को आदेश पारित किया। विशाल सिंह के वकील आशीष सिंह ने कहा कि उनके मुवक्किल को 2018 की फिल्म बॉस में निवेश के नाम पर ठगा गया। वकील के अनुसार, विशाल सिंह की मुलाकात 2017 में मुंबई के फिल्म निर्देशक प्रेम शंकर राय से हुई थी, जिसके बाद उन्हें इस फिल्म से जुड़े कई लोगों से मिलवाया गया। आरोप है कि सिंह को मुनाफे का वादा करके फिल्म में निवेश करने के लिए राजी किया गया था, और उन्हें मनाने के लिए पवन सिंह के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई थी। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसने अपनी और अपने भाई की कंपनी से लगभग 32.60 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जमा किए। शिकायत के अनुसार जुलाई 2018 में, उसे फिल्म का निर्माता घोषित किया गया और मुनाफे का 50 प्रतिशत देने का आश्वासन दिया गया, बाद में उसने इस फिल्म में 1.25 करोड़ रुपये और निवेश किए।





जमशेदपुर आगमन पर बुधवार को सोनारी एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर लेते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। इस मौके पर जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

### राहुल के वोट चोरी के बयानों पर बचाव किया जेएमएम ने

# चुनाव आयोग को लोकतांत्रिक तरीके से काम करना चाहिए : महुआ माजी

नवीन मेल डेस्क



**रांची/नई दिल्ली।** बिहार में वोट चोरी के आरोपों और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर कड़ी आपत्ति के बीच, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने मंगलवार को कहा कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को लोकतांत्रिक तरीके से काम करना चाहिए और विपक्षी दलों द्वारा उठाए जा रहे संदेहों का समाधान करना चाहिए। राहुल गांधी के वोट चोरी, भारत माता पर हमला वाले बयान का बचाव करते हुए माजी ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) केवल संविधान की रक्षा करना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लोगों के मताधिकार से कोई छेड़छाड़ न हो।राज्यसभा सांसद ने एएनआई को बताया राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और देश के नागरिक होने के नाते, लोकतंत्र की रक्षा करना उनकी और हम सभी की बड़ी ज़िम्मेदारी है। वह चाहते हैं कि संविधान की रक्षा हो, लोकतंत्र की रक्षा हो और लोगों के मताधिकार से कोई छेड़छाड़ न हो। चुनाव आयोग को लोकतांत्रिक तरीके से काम करना चाहिए। दसवें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के रूप में टीएन शेषन के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए, माजी ने तर्क दिया कि संवैधानिक संस्था को तटस्थ रूप से काम करना चाहिए और ऐसी स्थिति उत्पन्न होने से बचना चाहिए जहाँ उनके कामकाज पर संदेह पैदा हो।

महुआ माजी ने कहा कि अगर उन्हें या जनता को कोई संदेह है, तो चुनाव आयोग को पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे टीएन शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त रहते हुए हुआ था। तब किसी ने चुनाव आयोग पर उंगली नहीं उठाई थी। ऐसी संस्थाओं को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि उन पर उंगलियां क्यों उठाई जा रही हैं। ऐसी स्थिति बिल्कुल नहीं आनी चाहिए। विपक्ष को कहना चाहिए कि चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से काम कर रहा है। अगर विपक्ष को कोई संदेह है, तो उसका समाधान किया जाना चाहिए।

पूर्व नौकरशाह शेषन, जिन्होंने भारत के दसवें चुनाव आयुक्त के रूप में कार्य किया, ने एक ऐसी विरासत छोड़ी है जिसमें उन्होंने कहा कि वे भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, न कि भारत सरकार के। उनकी यह टिप्पणी राहुल गांधी द्वारा बिहार में अपनी 'मतदाता अधिकार यात्रा' शुरू करने के बाद आई है। उन्होंने चुनाव आयोग और उसके अधिकारियों पर तीखा हमला करते हुए चेतावनी दी थी कि अगर वे "अपना काम नहीं करेंगे" तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा था कि "वोट चोरी" संविधान और भारत माता पर हमला है।

## राजीव गांधी ने की थी विकसित भारत की कल्पना : केशव महतो

**रांची।** कांग्रेस भवन में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 81वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। केशव महतो कमलेश ने कहा की देश में कंप्यूटर क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी ने विश्व पटल पर देश को अग्रणी ले जाने की नींव रखी थी। उन्होंने अपने कार्यकाल में भविष्य के विकसित भारत की कल्पना की थी और इसे धरातल पर उतारने का प्रयास प्रारंभ कर दिया था। दूरसंचार क्रांति,कंप्यूटर युग की शुरूआत इसका उदाहरण है।

## पृष्ठ एक के शेष

**सितंबर के पहले पखवारे तक ...**

जरूरी होने पर हेल्पलाइन भी उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर के बाद से बालू घाटों से खनन पर ग्रीन ट्रिब्यूनल का प्रतिबंध खत्म होगा। उसके पहले बालू घाटों की नीलामी पूर्ण होने से खनन ससमय शुरू होगा और राज्य में बालू की किल्लत नहीं होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बालू का दर निर्धारण सरकार नहीं करेगी। लेकिन, बालू का वैध कारोबार हो, इसकी पूर्ण व्यवस्था प्रशासन करेगा। उपायुक्तों को यह अधिकार होगा कि नियम का अनुपालन नहीं करने वाले का ठेका रद्द कर सकें। इसके पहले, बालू घाटों की नीलामी की पूरी प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से उपायुक्तों से साझा किया गया। खनन से जुड़े पर्यावरण के मसले पर सिया के सदस्य राजीव लोचन बख्शी ने विस्तार से प्रकाश डाला। जैप आईटी के प्रतिनिधियों ने नीलामी की तकनीकी प्रक्रिया को विस्तार से बताया, ताकि कोई उलझन नहीं रहे।

**मेरे लिए असहनीय है रामदास सोरेन के चले...**

दौरान निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु और मेरे बाबा शिबू सोरेन के निधन के एक पखवाड़े के अंदर ही रामदास सोरेन के इस तरह चले जाने की पीड़ा मेरे लिए असहनीय है। मन व्याकुल और व्यथित है। उनका निधन इस राज्य के साथ मेरे लिए अपूरणीय क्षति है। इस वजह से जो शून्यता आई है, उसकी भरपाई नहीं हो सकती है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि दिवंगत रामदास सोरेन ने संघर्ष से अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में अलग झारखंड की खातिर हुए आंदोलन में अहम योगदान दिया था। उनका व्यवहार काफी सरल और सहज था। एक आंदोलनकारी के साथ उनका व्यापक सामाजिक सरोकार था। वे अपने सार्वजनिक जीवन में आम लोगों के दुख-दर्द और समस्याएं दूर करने के लिए हमेशा खड़े रहे। वे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व और कार्य सदैव ऊर्जा प्रदान करता रहेगा।

**रामदास सोरेन बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए...**

विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए उन्होंने कई नई पहल की थी। सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना मजबूत करने का काम तेज गति से हो रहा था। गांव- देहात के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ उनका समग्र विकास हो, इसपर उनका विशेष जोर था।

**डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश जेना की अगुवाई में...**

डायरेक्टर (नॉर्थ) प्रजेश जेना के निर्देश पर दो विशेष टीमें गठित की गईं। जेना की अगुवाई में अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर 9 शिकारियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 13 आरोपी अब भी फरार हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में सरफुद्दीन मियां (नावागढ़), तपेश्वर सिंह (कुई), अजीत सिंह (कारवाई), रामसुंदर तुरी (कुई), हरिचरण सिंह (कारवाई), झमन सिंह (कुई), कईल भुइयां (कुई), रमन सिंह (जूरूहार) और पारसनाथ सिंह (जूरूहार) शामिल थे। बरामद सामान में 8 भरूठवा बंदूक, 400 ग्राम बारूद, 14 ग्राम गंधक, शीशा व लोहे के टुकड़े, 1 टाइगर ट्रैप, 2 बड़े फंदे (15 फीट लंबे), 1 फरसा और जंगली जानवरों की हड्डियां शामिल हैं। वन विभाग ने बताया कि यह गिरोह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1927 की विभिन्न धाराओं के तहत संज्ञेय अपराध में शामिल है। सभी आरोपियों पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश जेना ने कहा- जंगलों के दुश्मनों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। शिकारियों का नेटवर्क पूरी तरह तोड़ना हमारी प्राथमिकता है। जो आरोपी फरार हैं, उन्हें भी जल्द पकड़ लिया जाएगा। वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा।

**शासी निकाय रिस्टोर, प्राचार्य नियुक्ति रद्द-...**

दिया है कि अब कॉलेज के संचालन और नियुक्ति की जिम्मेदारी शासी निकाय की होगी। इधर, कॉलेज सचिव प्रफुल कुमार सिंह ने अपने पत्र में विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पूर्व प्रभारी प्राचार्य से विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा यूजीसी से मिले अनुदान में से 10% कमीशन मांगा गया था। सचिव ने आरोप लगाया है कि इस मामले में कुलपति को बचाने के लिए कॉलेज के कुछ लोग भी सक्रिय रहे और इससे कॉलेज में अराजकता की स्थिति बनी। सचिव ने कहा कि राजभवन के आदेश को नजरअंदाज किया गया। प्राचार्य नियुक्ति रद्द होने के बावजूद पद पर बने रहे। इसी कारण शासी निकाय की ओर से प्राचार्य को पद से हटा दिया गया और बिना अनुमति कॉलेज में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। राजभवन ने साफ संकेत दिया है कि अब कॉलेज में अव्यवस्था और विवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय और कॉलेज प्रशासन को निर्देशों का पालन करना होगा और समयसीमा में कार्रवाई पूरी करनी होगी।


**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL**
**NETARHAT**
**P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR**
**(An Autonomous Institution under School Education & Literacy Deptt., Govt. of Jharkhand)**

**TENDER NOTICE**

**Enquiry No-229 Dated-20.08.2025**

**Sealed tenders are invited from reputed Companies/Firms/System Integrators/Authorized Distributors/Dealers having relevant experience, under Two Bid System (Technical & Financial) for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Smart Classrooms with Video Conferencing Facility at Netarhat Residential School, Netarhat, District - Latehar, Jharkhand.**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Supply, Installation, Testing & Commissioning of Smart Classrooms with Video Conferencing Facility at Netarhat Residential School, Netarhat - 835218, District - Latehar, Jharkhand. |
| 2. | Scope of Work | The work includes SITC of 06 Smart Classrooms comprising:<br>• Interactive Flat Panels (75") with OPS Units<br>• Digital Educational Content (Classes 6-12th; English/Hindi/Regional Languages)<br>• Video Conferencing Equipment (VC Camera/Video Bar)<br>• Classroom Speakers & Microphones<br>• Site Preparation, Networking & Earthing<br>• Sliding Shutter Safety System<br>• Training, Warranty (1 year) & Comprehensive AMC (4 years). |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 20.08.2025 at 11.00 A.M. |
| 5. | Last Date and Time for receipt of Tender | 08.09.2025 at 11.00 P.M |
| 6. | Date of Opening of the Tender | 09.09.2025 at 12.00 A.M (Technical Bid)<br>11.09.2022 at 01.00 A.M (Financial bid of only those firms who are found eligible in technical bids) |
| 7. | Official Contact Details | Principal<br>Official Contact No- 91-6201750198<br>Email id- principal.netarhat@gmail.com |
| 8. | Official Mail Id & Contact Number | Email id<br>principal.netarhat@gmail.com<br>Contact No- 91-6206323618 |

**Complete details could be seen on our school's website**
www.netarhatvidyalaya.com

**Sd/-**
**(Sri. Santosh Kumar)PrincipalNetarhat Residential SchoolNetarhat**

**PR 359958 (Human Resource Developement)25-26*D**



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

**-: आवश्यक सूचना :-**

लातेहार जिला अंतर्गत लातेहार थाना काण्ड संख्या 38/2022, दिनांक 19.02.2022, धारा 147/148/149/353/307/120बी भा0द0वि0, 27 आर्म्स एक्ट, 17 सी0एल0ए0 एक्ट एवं 10/13 यू0ए0पी0 एक्ट के अभियुक्त रविन्द्र गंझू पिता स्व0 रामबरत गंझू, पता ग्राम हेसला, बांझीटोला, थाना बेतर ओ0पी0(चंदवा) जिला लातेहार के विरूध माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.08.25 तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | रविन्द्र गंझू पिता स्व0 रामबरत गंझू, पता ग्राम हेसला, बांझीटोला, थाना बेतर ओ0पी0 (चंदवा) जिला लातेहार |

Court of CJM. Latehar

Latehar P.S. 38/2022

Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED

[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

एक मत्तहम शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जाब्ते फौजदारी)

(1) नाम व शिनाख्त पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है (1) रविन्द्र गंझू पि0- स्व0 रामबरत गंझू, ग्राम हेसला बांझीटोला थाना- चंदवा (बेतर ओ0पी0), जिला- लातेहार

(2) किया है या करने का उस पर शुब्हा है। — जो ब-मुजिब दफा मजमूअए ताजीरात हिन्द के सजा के लायक है (2) 147/148/149/353/307/120(B) IPC, 27 Arms Act, 17 CLA Act, 10/13 UAPA Act

(3) नाम — और ब-तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ था यह कैफियत दी गई है कि (3)

(4) फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकूर उसपर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब-तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब

(4) मोकाम। — (4) मजकूर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकूर साकिन ब-मोकाम (5)

(6) इस अदालत ... मेरे। — अ-हुजूर (6) ब-तारीख 28 माह 08/2025 नालिश-मजकूर को जवाबदेही के लिए हाजिर हो

आज तारीख 28 माह 07 सन 2025

CJM Latehar

(SPL)
Printed by : Prisoners of L.J.N. Central Jail, Hazaribag, Phone : 06546 - 263408 / 261699 (Fax), E-mail : prisonhzb@gmail.com

PR 359984 Police (25-26)_D

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार



## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा का कार्यालय
### (जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**-: आदेश :-**

जनता दरबार एवं अन्य स्त्रोतों से आयुष्मान कार्ड नहीं होने के कारण जरूरतमंदो को इसका लाभ प्राप्त नहीं होने से संबंधित आवेदन प्राप्त होते है। साथ ही राशन कार्ड नहीं होने के फलस्वरूप भी आयुष्मान कार्ड बनने में परेशानी से संबंधित आवेदन भी आमजनों से प्राप्त होते है। विदित हो कि उक्त योजनाएँ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएँ हैं, जिससे आमजनों को काफी सुविधा होती है।

आयुष्मान कार्ड एवं इसके निमित राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं अन्य तरह के सुधार करने हेतु निम्न तालिका के अनुसार प्रत्येक प्रखण्ड के दो पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर Incharge | शिविर की तिथि | शिविर का स्थल | टीम के सदस्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | लेम, डमडोइया एवं सीमा | BDO, Chatra | 21.08.2025<br>22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, कम्प्युटर ऑपरेटर, सहिया, सहिया सखी, आयुष्मान मित्र, Block ASHA Facilitator (BAF), District ASHA Facilitator (DAF), प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के साथ PDS Dealer एवं प्रखण्ड कार्यालय के एक कर्मी तथा CSC Manager द्वारा प्रतिनियुक्त VLE |
| | | मोकतमा, गंधरिया एवं डाढा | CO, Chatra | 23.08.2025<br>25.08.2025 | | |
| | | सिकीद जांगी एवं बरैनी | BDO, Chatra | 26.08.2025<br>28.08.2025 | | |
| | | पाराडीह ब्रहमणा एवं आरा | CO, Chatra | 29.08.2025<br>30.08.2025 | | |
| | | देवरिया टीकर एवं गोढाई | BDO, Chatra | 01.09.2025<br>02.09.2025 | | |
| | | दारियातु | CO, Chatra | 06.09.2025 | | |
| 2. | गिद्धौर | गिद्धौर | BDO, Gidhaur | 21.08.2025 एवं 22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | |
| | | बारिसाखी | CO, Gidhaur | 23.08.2025 एवं 25.08.2025 | | |
| | | मझगांवा | BDO, Gidhaur | 26.08.2025 एवं 28.08.2025 | | |
| | | पहरा | CO, Gidhaur | 29.08.2025 एवं 30.08.2025 | | |
| | | बारियातु | BDO, Gidhaur | 01.09.2025 एवं 02.09.2025 | | |
| | | द्वारी | CO, Gidhaur | 06.09.2025 | | |
| 3 | हंटरगंज | जोलडीहा, खुटी केवाल खुर्द, नावाडीह पनारी, डाहा एवं नावाडीह | BDO, Hunterganj | 21.08.2025<br>22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, कम्प्युटर ऑपरेटर, सहिया, सहिया सखी, आयुष्मान मित्र, Block ASHA Facilitator (BAF), District ASHA Facilitator (DAF), प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के साथ PDS Dealer एवं प्रखण्ड कार्यालय के एक कर्मी तथा CSC Manager द्वारा प्रतिनियुक्त VLE |
| | | जबडा, तिलहेत, उरैली, डुमरी कला एवं मीरपूर | CO, Hunterganj | 23.08.2025<br>25.08.2025 | | |
| | | गेरूवा, गोसाईडीह, केदली कला, चकला एवं लेंजना | BDO, Hunterganj | 26.08.2025<br>28.08.2025 | | |
| | | औरू, तरवागडा, कोबना एवं बलूरी | CO, Hunterganj | 29.08.2025<br>30.08.2025 | | |
| | | गेंजना, पैनीकला, कटैया, करमा एवं पाण्डेयपुरा खुर्द | BDO, Hunterganj | 01.09.2025<br>02.09.2025 | | |
| | | सलैया, करैलीवार, जोरी कला एवं दन्तार | CO, Hunterganj | 05.09.2025<br>06.09.2025 | | |
| 4 | प्रतापपुर | घोड़दौड, प्रतापपुर. एवं हुमाजांग | BDO, Pratappur | 21.08.2025<br>22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, कम्प्युटर ऑपरेटर, सहिया, सहिया सखी, आयुष्मान मित्र, Block ASHA Facilitator (BAF), District ASHA Facilitator (DAF), प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के साथ PDS Dealer एवं प्रखण्ड कार्यालय के एक कर्मी तथा CSC Manager द्वारा प्रतिनियुक्त VLE |
| | | टण्डवा रामपुर एवं चन्द्रगोविन्दपुर | CO, Pratappur | 23.08.2025<br>25.08.2025 | | |
| | | जोगीडीह बभने एवं एघारा | BDO, Pratappur | 26.08.2025<br>28.08.2025 | | |
| | | डुमरवार सिदकी एवं बरूरा | CO, Pratappur | 29.08.2025<br>30.08.2025 | | |
| | | योगीयारा भरही एवं सिजुआ | BDO, Pratappur | 01.09.2025<br>02.09.2025 | | |
| | | मोनया घोरीघाट एवं गजवा | CO, Pratappur | 05.09.2025<br>06.09.2025 | | |
| 5 | कुन्दा | कुन्दा | BDO, Kunda | 21.08.2025 एवं 22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | |
| | | सिकीदाग | CO, Kunda | 23.08.2025 एवं 25.08.2025 | | |
| | | मरगडा | BDO, Kunda | 26.08.2025 एवं 28.08.2025 | | |
| | | बौधाडीह | CO, Kunda | 29.08.2025 एवं 30.08.2025 | | |
| | | नवादा | BDO, Kunda | 01.09.2025 एवं 02.09.2025 | | |
| 6 | लावालौंग | रीमी एवं सिलदाग | BDO, Lawalong | 21.08.2025 एवं 22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | |
| | | मधनिया एवं लावालौंग | | 23.08.2025 एवं 25.08.2025 | | |
| | | कोलकोलेकला | | 26.08.2025 एवं 28.08.2025 | | |
| | | कटिया | | 29.08.2025 एवं 30.08.2025 | | |
| | | हेडुम | | 01.09.2025 एवं 02.09.2025 | | |
| | | लमटा | | 06.09.2025 | | |
| 7 | सिमरिया | जिरवाखूर्द एवं जबडा | BDO, Simria | 21.08.2025<br>22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | |
| | | कसारी हुरनाली एवं सेरनदाग | CO, Simria | 23.08.2025<br>25.08.2025 | | |
| | | बगरा एदला एवं जांगी | BDO, Simria | 26.08.2025<br>28.08.2025 | | |
| | | सबानो चोपे एवं बन्हे | CO, Simria | 29.08.2025<br>30.08.2025 | | |
| | | बानासांडी इचाक एवं पगार | BDO, Simria | 01.09.2025<br>02.09.2025 | | |
| | | डाडी पीरी एवं पुण्डरा | CO, Simria | 05.09.2025<br>06.09.2025 | | |
| 8 | ईटखोरी | कोनी एवं धूना | BDO, Itkhori | 21.08.2025<br>22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | |
| | | ईटखोरी एवं टोनाटांड़ | CO, Itkhori | 23.08.2025<br>25.08.2025 | | |
| | | पितिज एवं हलमता | BDO, Itkhori | 26.08.2025<br>28.08.2025 | | |
| | | शहरजाम एवं धनखेरी | CO, Itkhori | 29.08.2025<br>30.08.2025 | | |
| | | मलकपुर एवं परसौनी | BDO, Itkhori | 01.09.2025<br>02.09.2025 | | |
| | | नवादा एवं करनी | CO, Itkhori | 05.09.2025<br>06.09.2025 | | |
| 9 | मयुरहण्ड | कदगांवाकला एवं फुलांग | BDO, Mayurhund | 21.08.2025<br>22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | |
| | | पेटादरी एवं सोकी | CO, Mayurhund | 23.08.2025<br>25.08.2025 | | |
| | | पन्दनी एवं बेलखोरी | BDO, Mayurhund | 26.08.2025<br>28.08.2025 | | |
| | | मयूरहंड एवं हुसिया | CO, Mayurhund | 29.08.2025<br>30.08.2025 | | |
| | | करमा एवं मझगांवा | BDO, Mayurhund | 01.09.2025<br>02.09.2025 | | |
| 10 | कान्हाचट्टी | बेंगोकला एवं कोल्हैया | BDO, Kanhachatti | 21.08.2025<br>22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | |
| | | तुलबुल एवं राजपुर | CO, Kanhachatti | 23.08.2025<br>25.08.2025 | | |
| | | चीरीदीरी एवं मदगडा | BDO, Kanhachatti | 26.08.2025<br>28.08.2025 | | |
| | | कैण्डीनगर एवं बकचूमा | CO, Kanhachatti | 29.08.2025<br>30.08.2025 | | |
| | | चारू एवं जमरीबक्सपूरा | BDO, Kanhachatti | 01.09.2025<br>02.09.2025 | | |
| 11 | पत्थलगड्डा | नावाडीह | BDO, Pathalgadda | 21.08.2025 एवं 22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | |
| | | बरवाडीह | | 23.08.2025 एवं 25.08.2025 | | |
| | | सिंघानी | | 26.08.2025 एवं 28.08.2025 | | |
| | | नोनगांव | | 29.08.2025 एवं 30.08.2025 | | |
| | | मेराल | | 01.09.2025 एवं 02.09.2025 | | |
| 12 | टण्डवा | राहम धनगडा एवं सराढू | BDO, Tandwa | 21.08.2025<br>22.08.2025 | पंचायत सचिवालय | |
| | | कोयद बहेरा एवं किचटो | | 23.08.2025<br>25.08.2025 | | |
| | | बेंती कल्याणपुर एवं मिश्रौल | | 26.08.2025<br>28.08.2025 | | |
| | | नावाडीह उर्फ तेलियाडीह बडगांव एवं कबरा | | 29.08.2025<br>30.08.2025 | | |
| | | पोकला उर्फ कसियाडीह डहु एवं गाडीलौंग | BDO, Tandwa | 01.09.2025<br>02.09.2025 | पंचायत सचिवालय | |
| | | टण्डवा, बचरा उत्तरी बचरा एव दक्षिणी पदमपुर | | 05.09.2025<br>06.09.2025 | | |

उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निम्न निदेश दिये जाते है :–

- सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चतरा जिला शिविर के संबंध में विस्तृत प्रचार–प्रसार करेगें ताकि शिविर के लिए निर्धारित पंचायत के अतिरिक्त अन्य पंचायतों के लाभुक भी इसका लाभ प्राप्त कर सके। शिविर का आयोजन संबंधित पंचायत सचिवालय में होगा। इसकी सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का होगा।
- संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बिजली, Computer System, अतिरिक्त Computer Operator एवं अन्य Logistic की व्यवस्था करेंगे तथा शिविर में आवश्यक सहयोग करना सुनिश्चित करेगें।
- असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा द्वारा शिविरों में आयुष्मान कार्ड के निमित चिकित्सक कर्मी एवं संबंधित कम्प्युटर ऑपरेटर (लैपटॉप के साथ) की प्रतिनियुक्ति अपने स्तर से सुनिश्चित करेगें, ताकि लाभुकों को स्थल पर ही आयुष्मान कार्ड से सभी सूचनाएं अपलोड किया जा सके एवं आयुष्मान कार्ड निर्गत किया जाय सके। Data Collection एवं Compilation की संपूर्ण जवाब देही स्वास्थ्य विभाग की होगी। सिविल सर्जन चतरा आने स्तर से आयुश्मान कार्ड सेल बनायेंगे। जिला कार्यक्रम समन्वयक, स्वास्थ्य विभाग की सहिया, सहिया सखी, आयुश्मान मित्र, Block ASHA Facilitator (BAF), District ASHA Facilitator (DAF) से आयुश्मान कार्ड बनवायेंगे तथा Data का सही मिलान आयुश्मान कार्ड से करेंगे। सिविल सर्जन, चतरा स्वास्थ्य विभाग के DPC एवं DPM यह सुनिश्चित करेंगे कि जितने आयुश्मान कार्ड प्रतिदिन शिविर में बन रहें है, उसका Print करा कर लाभुक को शिविर में दिया जा रहा हो सिविल सर्जन, चतरा Printed Card का Data प्रखण्डवार तैयार करायेंगे (Number of cards made,- Number of cards distributed)।
- जिला आपूर्ति पदाधिकारी, चतरा अपने स्तर से प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेगें, ताकि राशन कार्ड से संबंधित मामले स्थल पर निष्पादन हो सके। सभी PDS Dealer के राशन कार्डधारी का आयुश्मान कार्ड बन गया है। इसके लिए PDS Dealer एक रजिस्टर रखेंगे जिसमें यह Record Maintain करेंगे कि आयुश्मान कार्ड बना है या नहीं? जिस परिवार का नहीं बना होगा उसे हर हाल में शिविर में भेजकर बनवायेंगे। इस संदर्भ में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, चतरा अपने स्तर से सभी को निदेशित करेंगे।
- CSC Manager, चतरा को सूचनार्थ प्रेशित। साथ ही निदेशित है कि अपने स्तर से उक्त निर्धारित शिविर में CSC VLE (कम्प्युटर ऑपरेटर) को प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे।
- जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी चतरा समाचार पत्रों के माध्यम से शिविर आयोजन का वृहत प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करेगें।
- अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया शिविर के नोडल पदाधिकारी रहेगें।

उप विकास आयुक्त,
चतरा

PR 359999 Rural Development (25-26)_D

उपायुक्त
चतरा



# शूटर मनु भाकर का नाम पद्मश्री के लिए भेजा गया!

## पेरिस ओलिंपिक में जीते थे डबल ब्रॉन्ज मेडल

एजेंसी । नई दिल्ली

स्टार शूटर मनु भाकर का नाम पद्मश्री के लिए रिकमेंड किया गया है। 23 साल की इस निशानेबाज ने 4 दिन पहले देश के चौथा सबसे बड़े अवॉर्ड के लिए आवेदन किया। पिछले साल यह अवॉर्ड दिग्गज स्पिनर आर अश्चिन और पूर्व हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को मिला था। मनु को इसी साल 17 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेल रत्न से नवाजा था। मनु भाकर ने पिछले साल अगस्त-सितंबर में पेरिस ओलिंपिक गेम्स में डबल ओलिंपिक मेडल जीते थे। वे 10 मीटर एयर पिस्टल इंडीविजुअल और मिक्स्ड डबल्स में तीसरे स्थान पर रहीं। उनके दो मेडल के दम पर भारत ने पेरिस ओलिंपिक में कुल 6 मेडल जीते थे।


फाइल फोटो

**पिछले साल पद्मश्री नहीं मिला, खेल रत्न से संतोष करना पड़ा :** मनु ने पिछले साल भी पद्मश्री के लिए आवेदन किया था, लेकिन उन्हें यह अवॉर्ड नहीं मिला था। बताया जा रहा है कि तब खेल मंत्रालय ने पीआर श्रीजेश और पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन का नाम इस अवॉर्ड के लिए रिकमेंड कर दिया था।विवाद होने पर मनू भाकर को खेल रत्न अवॉर्ड दिया गया है।

**मनु ने एशियन चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज दिलाया :** मनु भाकर ने कजाकिस्तान में चल रही एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। फाइनल में चीन की मा चियान्के ने 243.2 अंक हासिल किए और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं दक्षिण कोरिया की यांग जीइन ने 241.6 अंक लेकर सिल्वर मेडल जीता है।



- एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा मंगलवार को हुई
- इंग्लैंड दौरे पर गिल ने अपने शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा
- सैमसन ने टी20 फॉर्मेट में बतौर ओपनर अच्छी सफलता पाई है

एशिया कप

## गिल की एंट्री से बढ़ी इस खिलाड़ी की चुनौती, प्लेइंग-11 में जगह बनाना हुआ मुश्किल

नई दिल्ली (आईएएनएस)

एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा मंगलवार को कर दी गई। इस टीम में शुभमन गिल की एंट्री हुई है। गिल को उपकप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड दौर से पूर्व एशिया कप के लिए गिल की जगह पक्की नहीं थी, लेकिन बतौर कप्तान और बल्लेबाज इंग्लैंड में उनके असाधारण प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को उनके चयन के लिए मजबूर कर दिया। शुभमन गिल को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह देने और उन्हें उपकप्तान बनाए जाने के बाद सबसे ज्यादा मुश्किल संजू सैमसन के लिए बढ़ गई है। सैमसन ने पिछले कुछ समय में टी20 फॉर्मेट में बतौर ओपनर बड़ी कामयाबी हासिल की है। विकेटकीपर होना प्लेइंग इलेवन में उनकी जगह मजबूत करता है। शुभमन गिल के आने से सैमसन की मुश्किल बढ़ी है।

दरअसल, गिल को भी बतौर ओपनर टीम में शामिल किया गया है। वह उप कप्तान भी हैं। ऐसे में उनका खेलना लगभग निश्चित है। वह सीमित ओवरों में ओपनिंग करते हैं। अगर गिल प्लेइंग इलेवन में शामिल होते हैं और पारी की शुरुआत करते हैं, तो फिर सैमसन की मुश्किल बढ़ेगी। सैमसन मध्यक्रम में उतने सफल नहीं हैं। टीम में जितेश शर्मा के रूप में दूसरा विकेटकीपर बल्लेबाज मौजूद है।



एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप

## सौरभ-सुरुचि की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में जीता ब्रॉन्ज मेडल

**दिल्ली** । कजाकिस्तान के श्यामकेंट शहर में चल रहे एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले मंगलवार को भारत की स्टार निशानेबाज और दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। क्वालिफिकेशन राउंड में पांचवें स्थान पर रहे सौरभ और सुरुचि ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 578 अंक हासिल किए और पांचवें स्थान पर रहकर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। सुरुचि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली सीरीज में परफेक्ट 100 अंक स्कोर किए।

## हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 ट्रॉफी टूर झारखंड पहुंचा

**रांची** । हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 ट्रॉफी टूर आज बिहार से झारखंड पहुंचा और रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में इसका अनावरण झारखंड के माननीय पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले मंत्री सुदिव्य कुमार, रांची विधायक चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर खेल एवं युवा मामले निदेशालय, झारखंड के निदेशक शेखर जमुआर, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन भी उपस्थित थे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह भी खिलाड़ियों और प्रशंसकों के साथ इस विशेष क्षण को मनाने के लिए उपस्थित थे।





झारखंड राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में बरियातू को पराजित कर सिमडेगा बालिका टीम विजेता बनी।जिसके लिए पूरी टीम को और कोच तारिणी कुमारी को बहुत बहुत बधाई।

आईसीसी वनडे रैंकिंग

## केशव महाराज बने नंबर वन गेंदबाज

**नई दिल्ली** । दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज बुधवार को आईसीसी द्वारा जारी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। महाराज ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट लेकर सीरीज के पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

## झारखंड वालीबाल संघ के कोषाध्यक्ष विकास वर्मा को मातृशोक

**रांची** । मंगलवार की रात्रि 11:30 बजे झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष विकास वर्मा की माता का देहांत हो गया। कई दिनों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं और रांची के सेवा सदन अस्पताल में इलाजरत थीं। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार हरमु मुक्तिधाम में किया गया। उनके आकस्मिक निधन पर झारखंड वॉलीबॉल संघ के संरक्षक शेखर बोस, चेयरमैन सुबोध कांत सहाय, अध्यक्ष आर०के० आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष, सुनील सहाय, सचिव उत्तम राज, एग्जीक्यूटिव उपाध्यक्ष, एस एम हाशमी, किरण थाम्पकिंसन, विश्वनाथ सिंह, कार्यकारी सचिव संजय कुमार, आयोजन सचिव, संजय ठाकुर, प्रमोद कुमार, भोला प्रताप सिंह, कमलेश होता, सेतांक सेन, उपेन्द्र सिंह, दुर्गा जौहरी, डॉ० सी० के० ठाकुर, अमरजीत सिंह खरे, देवाशीष झा, हिसाबी राय,विश्वजीत नन्दी,कल्याण श्रीवास्तव, राजीव रंजन मिश्रा,आशीष झा, नवीन कुमार शर्मा, सूरज प्रकाश लाल, मुनव्वर आलम, राकेश सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद, मो0अनवर, गोपाल राम, जी0मिश्रा, राकेश पाण्डेय, संजय गुप्ता, दीपक कुमार, गणेश चौबे, मनोज कुमार, मो0 जाहिद, पीटर मुंडू, ओम प्रकाश तिवारी, रामकुमार प्रसाद, प्रवीण कुमार मिश्रा,सुनील कुमार,भास्कर राव, राजीव मिश्रा,आनन्द तिवारी, नलिन तिवारी,सहित झारखंड वॉलीबॉल संघ के सभी अन्य सदस्यों ने भी शोक व्यक्त किया।

## इमा कराटे ग्रेडिंग में 88 खिलाड़ी सफल

### कृतिका कुमारी को ब्लैक बेल्ट



नवीन मेल संवाददाता । रांची

सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में पिछले दिनों बिशप स्कूल बहु बाजार में दो चरणों में संपन्न हुए कराटे ग्रेडिंग में पहले चरण में सफल 88 कराटे खिलाड़ी घोषित कि गई जिसमें येलो बेल्ट के 17 ऑरेंज बेल्ट के 8 ग्रीन बेल्ट के 17 ब्लू बेल्ट के 11 पर्पल बेल्ट के 12 ब्राउन बेल्ट के 22 और ब्लैक बेल्ट की एक खिलाड़ी शामिल है। इस कराटे ग्रेडिंग में चार खिलाड़ी ए ग्रेड से सफल हुए हैं जिनमें प्रेस क्लब से ध्रुव गुप्ता बरियातू क्लब से चेरिल जीवी हेंब्रोम टाटिसिल्वे क्लब से दीपाली सिंह कांके ज्वाहर नगर से प्रिश सिंह एमटीसी क्लब से ऋषिका कुमारी शामिल है।

साथ ही इमा कराटे स्टूडियो की कृतिका कुमारी ने ब्लैक बेल्ट में सफलता हासिल की है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण जरूरी है। तभी उसे पाया जा सकता है। सभी कराटे खिलाड़ियों का सपना होता है ब्लैक बेल्ट पाने का अपनी मेहनत और लगन से 3 साल के प्रशिक्षण में इसे प्राप्त कर पाते हैं। इस अवसर पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष सेंसाई अनिल किस्पोट्टा राकेश तिर्की उमा शंकर महतो रवि कुमार सिंह स्वस्तिका तफरदार देवंती कुमारी आदि उपस्थित थे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## टाटा मोटर्स ने छह साल बाद दक्षिण अफ्रीका के यात्री कार बाजार में फिर से कदम रखा




नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारतीय ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर टाटा मोटर्स ने बुधवार को घोषणा की कि उसने छह साल बाद दक्षिण अफ्रीका के यात्री वाहन बाजार में फिर से प्रवेश किया है। कंपनी ने तीन एसयूवी और एक एंट्री-लेवल की कॉम्पैक्ट हैचबैक लॉन्च की है। टाटा मोटर्स ने दक्षिण अफ्रीकी बाजार में पंच (कॉम्पैक्ट एसयूवी), कर्व (कूप इंस्पायर्ड एसयूवी), टियागो (हैचबैक) और हैरियर (प्रीमियम एसयूवी) जैसे मॉडल लॉन्च किए हैं। ये सभी मॉडल पारंपरिक ईंधन (पेट्रोल-डीजल) पर आधारित हैं और सितंबर से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा, "दक्षिण अफ्रीका में हमारी वापसी टाटा मोटर्स की वैश्विक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## एनईबीपी के तहत भारतीय सड़कों पर चल रही हैं 14,329 इलेक्ट्रिक बसें : केंद्र

नई दिल्ली (आईएएनएस)

राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक बस कार्यक्रम (एनईबीपी) के तहत भारत में अब 14,329 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर चल रही हैं, यह जानकारी बुधवार को सरकार द्वारा संसद को दी गई। सरकार ने "पीएम-ई-बस सेवा" और "पीएम ई-ड्राइव" जैसी कई योजनाएं शुरू की हैं, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं। इस महीने की शुरुआत में, केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक बसों, एम्बुलेंस और ट्रकों के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना को दो साल के लिए बढ़ाकर मार्च 2028 कर दिया। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, यह योजना अब मार्च 2026 के बजाय मार्च 2028 में समाप्त होगी। अधिसूचना के अनुसार, इस योजना के लिए निधि आवंटन को 10,900 करोड़ रुपए पर बरकरार रखा गया है और योजना के तहत कोई अतिरिक्त आवंटन नहीं किया जाएगा। इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए प्रोत्साहन मार्च 2026 तक समाप्त हो जाएंगे। जुलाई में, सरकार ने पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत इलेक्ट्रिक ट्रकों (ई-ट्रकों) के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से एक बड़ी योजना शुरू की थी, जिसमें प्रति वाहन अधिकतम प्रोत्साहन 9.6 लाख रुपए निर्धारित किया गया था। यह पहली बार है जब सरकार इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए प्रत्यक्ष समर्थन प्रदान कर रही है, जिसका उद्देश्य देश में स्वच्छ, कुशल और टिकाऊ माल ढुलाई की ओर ट्रांजिशन को गति प्रदान करना है।



इस योजना से देश भर में लगभग 5,600 इलेक्ट्रिक ट्रकों की खरीद को समर्थन मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में बताया, "राज्य परिवहन निगम सहायता के लिए संबंधित विभागों को प्रस्ताव भेज सकते हैं। पिछले पांच वर्षों में तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम को वित्तीय सहायता के रूप में कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है। वहीं, नीति आयोग ने कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) से 50,000 ई-बसों की मांग एकत्रीकरण के लिए कार्यक्रम प्रबंधक की भूमिका निभाने का अनुरोध किया है।

**5600** इलेक्ट्रिक ट्रकों की खरीद को समर्थन मिलने की उम्मीद है इस योजना से देश भर में

- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा को लिखित उत्तर में यह जानकारी दी
- पिछले पांच वर्षों में तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम को कोई वित्तीय सहायता आवंटित नहीं की गई

## भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन हरे निशान में बंद, आईटी शेयरों में हुई खरीदारी



**मुंबई** । भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में लगातार तीसरे दिन हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी हुई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 213.45 अंक या 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,857.84 और निफ्टी 69.90 अंक या 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,050.55 पर था। बाजार की तेजी का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 2.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। साथ ही, एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स में एक प्रतिशत की तेजी देखी गई, जबकि मेटल, एनर्जी, इन्फा और कमोडिटी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। दूसरी तरफ पीएसयू बैंक, फार्मा, मीडिया और प्राइवेट बैंक लाल निशान में थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी खरीदारी देखी गई।

## भारत का रिन्यूएबल सेक्टर मजबूत स्वस्थ पूंजी और लिक्विडिटी सहारा

नई दिल्ली (आईएएनएस)



भारत का रिन्यूएबल सेक्टर मजबूत बना हुआ है क्योंकि स्वस्थ पूंजी संरचना और पर्याप्त लिक्विडिटी बफर सेक्टर की क्रेडिट प्रोफाइल को सपोर्ट कर करे हैं। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल रेटिंग्स के अनुसार, पिछले पांच वित्त वर्षों में भारत में 60 प्रतिशत से अधिक विंड एसेट्स औसतन अपने पी90 स्तर से पीछे रहे, जिसका मुख्य कारण अपेक्षा से कम विंड स्पीड है, जो जलवायु परिवर्तन और क्षेत्रीय मौसम पैटर्न का परिणाम है। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा, "हालांकि, इस कमजोर प्रदर्शन की भरपाई रिन्यूएबल एनर्जी मिक्स में सोलर पावर की हिस्सेदारी में वित्त वर्ष 2020 के लगभग 50 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 65 प्रतिशत से अधिक हो जाने से हुई है।

## एप्पल अपकमिंग आईफोन 17 सीरीज के सभी मॉडल भारत में करेगा तैयार

नई दिल्ली (आईएएनएस)



एप्पल भारत में अपने मैन्युफैक्चरिंग प्रयासों को तेज करते हुए अपकमिंग आईफोन 17 सीरीज के सभी मॉडल को भारत में तैयार कर रहा है, जिनमें पहली बार हाई-एंड प्रो वर्जन भी शामिल हैं। यह पहली बार है जब कंपनी हर नए आईफोन वेरिएंट का उत्पादन भारत में करेगी, इस कदम को चीन पर निर्भरता कम करने और अमेरिकी टैरिफ जोखिमों से बचाव की कंपनी की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, एप्पल ने आईफोन 17 का उत्पादन अपनी पांच लोकल फैक्ट्रियों तक विस्तारित कर दिया है।